निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, रविवार, 6 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 50 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1787 :** पश्चिम बंगाल के शिबपुर में भारतीय वनस्पति उद्यान की स्थापना हुई।

**1885 :** लुई पाश्चर ने रेबीज के टीके का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

**1923 :** सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक की स्थापना हुई।

**1944 :** महात्मा गांधी को पहली बार नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्रपिता कहा।

**1837 :** प्रसद्धि समाज सुधारक रामकृष्ण गोपाल भंडारकर का जन्म हुआ।

**2002 :** भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति धीरूभाई अंबानी का निधन।

## सीसीएल करमा प्रोजेक्ट की खुले खदान में चाल धंसने से चार की मौत, तीन घायल





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। यहां सीसीएल करमा परियोजना के खुले खदान में चाल धंसने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गये। घायलों का इलाज इलाके के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गयी है। वहीं, हादसे के बाद ग्रामीण एवं जेएलकेएम कार्यकर्ता समेत अन्य दलों के लोगों ने सीसीएल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। गुस्साए लोग करमा पीओ कार्यालय के सामने शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलन किए। घटना के बाद कुजू पुलिस भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मुस्तैद है। बता दें कि महुआटुंगरी से सटे परियोजना के खुले खदान में करीब दर्जन भर की संख्या में ग्रामीण कोयले की अवैध खनन को लेकर चार बजे के आसपास गए थे। इस बीच कोयले के अवैध खनन के दौरान एकाएक चाल (मलबा) धंस गया। इसमें चार लोगों की दबने से मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। मृतकों में सुगिया निवासी निर्मल मुंडा (42 वर्ष) पिता स्व सुधन मुंडा, वकील करमाली (55वर्ष ) पिता मानकी करमाली, महुआटुंगरी निवासी इम्तियाज खान उर्फ लालू खान ( 38 वर्ष ) पिता मो यासीन, जोभिया रजरप्पा निवासी रामेश्वर मांझी (35 वर्ष ) पिता बिरसा मांझी शामिल हैं। वहीं, घायलों में इम्तियाज खान की पत्नी रोजिदा खातून (35 वर्ष ), सरिता देवी (40 वर्ष) पति पचू मांझी और अरुण मांझी (22 वर्ष) शामिल है। अरुण की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के बाबत सूचना पाकर पहुंचे लोगों ने तीन लोगों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल ले गए। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इधर, मलबे में दबे एक व्यक्ति को जेसीबी और शौवेल मशीन से बाहर निकाला गया। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रजत कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, अवर निरीक्षक अख्तर अली, संजय हेंब्रोम, आशीष गौतम के अलावे जिला परिषद सदस्य तापेश्वर महतो, मुखिया खागेश्वर महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मोहरलाल महतो, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रवि महतो, लीलावती देवी, रूपा महतो समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### झारखंड सीआईडी को मिली बड़ी कामयाबी

## चीनी साइबर क्रिमिनल्स के सात भारतीय एजेंट गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने पहली बार एक साथ सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी साइबर अपराधी चीनी साइबर अपराधियों के भारतीय एजेंट हैं। ये सभी झारखंड में रहकर चीनी साइबर अपराधियों के लिए काम करते थे। सीआईडी की ओर से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया है कि साइबर क्राइम ब्रांच को अपनी टेक्निकल टीम के जरिए सूचना मिली थी कि रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ओलिव गार्डन होटल में संगठित साइबर अपराधियों का एक गुट जमा हुआ है। यह गिरोह निवेश घोटाला और डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी की गतिविधियों में संलिप्त है। सूचना के आधार पर साइबर क्राइम ब्रांच की ओर से होटल में अचानक छापेमारी की गई, जहां से एक साथ सात साइबर अपराधी पकड़े गए। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 12 मोबाइल, 11 लैपटॉप, 14 एटीएम, चेक बुक के साथ ही व्हाट्सएप और टेलीग्राम के 60 से अधिक चैट बरामद किए गए हैं। सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार किए गए सभी साइबर अपराधी चीनी साइबर अपराधियों के भारतीय एजेंट हैं। साइबर क्राइम ब्रांच के मुताबिक गिरफ्तार किए गए साइबर अपराधी देश के अलग-अलग हिस्सों से चीनी साइबर अपराधियों को म्युल बैंक खातो की सप्लाई करते थे। गिरफ्तार किए गए साइबर अपराधियों में एक स्पेशल एजेंट भी शामिल है। सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए चीनी नेटवर्क से जुड़े लोगों के पास से व्हाट्सएप और टेलीग्राम से बड़ी संख्या में बैंक अकाउंट की डिटेल और डिजिटल सबूत बरामद किए गए हैं। जांच में यह भी पता चला है कि टेलीग्राम के जरिए चीन से चीनी साइबर अपराधियों के लिए काम करने वाले एजेंटों को एक एप्लीकेशन भेजी जाती थी। भारत में बैठे साइबर अपराधी एप्लीकेशन पर सिम कार्ड में बैंक से जुड़ा डेटा इंस्टॉल कर देते थे। इसे इंस्टॉल करने के बाद एप्लीकेशन अपने आप ओटीपी और बैंक प्लेट चीनी सर्वर पर पहुंचा देता था। चीन में बैठे अपराधी उन खातों तक रिमोट एक्सेस पाकर करोड़ों रुपये की ठगी कर रहे थे। गिरफ्तार चीनी एजेंट के बैंक खातों के लिंक विभिन्न राज्यों में दर्ज निवेश घोटाले और डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़ी शिकायतों से मिले हैं, जिनकी रिपोर्ट एनसीपीआर पोर्टल पर दर्ज है। अब तक जांच में 60 म्युल बैंक खाता स्टेटमेंट प्राप्त हुए हैं। इस गिरोह के खिलाफ देशभर में कुल 68 शिकायतें दर्ज हैं। गिरफ्तार सात आरोपितों में छह बिहार के हैं। जिनमें सीवान जिले के निवासी कुमार दीपक, नालंदा जिले के निवासी कुमार सौरभ, सीवान जिले के ही निवासी प्रभात कुमार, पटना जिले के निवासी शिवम कुमार, पटना जिले के ही प्रदीप कुमार एवं मध्य प्रदेश के सागर जिले के निवासी लखन चौरसिया शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### जाली नोट के साथ तीन तस्कर धराए

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** गुमला पुलिस से एक कार से 1.30 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किया है। इसके साथ ही पुलिस ने कार सवार तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को सूचना मिली कि एक सफेद कार में कुछ लोग जाली नोट के साथ गुमला से जशपुर की ओर जा रहे हैं। एसपी के निर्देश पर चैनपुर के एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गई। रायडीह थाना गेट पर वाहन जांच के दौरान एक सफेद अर्टिगा कार को रोका गया। कार चालक भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। कार में तीन लोग सवार थे। पकड़े गए लोगों में छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के सुधन राम यादव, गोस्वामी चौहान और दिलीप कुमार शामिल हैं।

### मोतिहारी में पीएम मोदी की रैली 18 को

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को एक बार फिर बिहार दौरे पर रहेंगे। इस बार उनका दौरा पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में होगा जहां वे गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर जनता से सीधा संवाद करेंगे। इस रैली में वह कई सारे विकास की योजनाओं की घोषणा करेंगे साथ ही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए प्रचार प्रसार भी करेंगे।

### नक्सली गिरफ्तार

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चरका पत्थर थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव से फरार नक्सली राजेश यादव को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई 16वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस ने की। राजेश यादव के खिलाफ चरका पत्थर और खैरा थाने में मामले दर्ज हैं। इन मामलों में विस्फोटक अधिनियम, आर्म्स एक्ट और यूएपीए की धाराएं शामिल हैं।

### पूर्व नक्सली की गला रेतकर हत्या

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** दरपा थाना क्षेत्र के पिपरा हाई स्कूल के पास पूर्व नक्सली भून्ना मियां की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना शनिवार सुबह की है। भून्ना मियां पर इससे पहले भी जानलेवा हमला हो चुका है। पिछले वर्ष 25 अक्टूबर को भी मोतिहारी से घर लौटते समय छौड़ादानो थाना क्षेत्र में बदमाशों ने उसे गोली मारी थी, जो उसकी पीठ में लगी थी। करीब एक महीने के इलाज के बाद उसकी जान बची थी लेकिन इस बार अपराधियों ने पहले गोली मारी और फिर गला रेत कर हत्या कर दी।

## अपराधियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : नीतीश कुमार

**विधि-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता | अपराधी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाए**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। पटना में सरेआम बड़े कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कानून-व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में हुई बैठक में राज्य के डीजीपी समेत पुलिस के तमाम बड़े अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने पटना में बीती रात हुई गोपाल खेमका की हत्या के बारे में पूरी जानकारी ली। डीजीपी ने उन्हें अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कामों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य में अपराध नियंत्रण में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने लापरवाही करने वाले पदाधिकारियों



और पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध के कारणों की पूरी तहकीकात करके दोषियों की पहचान करें और बिना किसी भेदभाव के उन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। अगर किसी ने साजिश के तहत यह हत्या करवाई है तो उसकी भी जांच की जाए और कठोर कार्रवाई उसपर सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता विधि व्यवस्था है। अपराधी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाए। मुख्यमंत्री ने आपराधिक घटनाओं के अनुसंधान में भी तेजी लाने का निर्देश दिया। समय से जांच पूरी करने को कहा ताकि दोषियों पर कार्रवाई जल्द हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस और प्रशासन पूरी मुश्तैदी से कार्य करें। इस बीच गोपाल खेमका मर्डर केस का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो में कई कड़े खुलासे भी हुए हैं। घटना की वीडियो सामने आते ही हड़कंप मच गया है।

## जेइइ 14 व 15 को और नीट का मॉक टेस्ट 16 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सरकारी स्कूलों में साइंस संकाय की कक्षा 11वीं और 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सहूलियत के लिए शिक्षा विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए प्रति माह मॉक टेस्ट आयोजित कराया जा रहा है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से हर माह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट आयोजित करने की शुरुआत जून माह से की गयी है। विभाग की ओर से दिसंबर माह में जेइइ और नीट की मॉक टेस्ट की तिथि घोषित कर दी है। 14 और 15 जुलाई को जेइइ का मॉक टेस्ट आयोजित किया जायेगा। वहीं 16 और 17 जुलाई को नीट का मॉक टेस्ट होगा। राज्य के वैसे सभी सरकारी स्कूल जहां आइसीटी लैब हैं, वहां नीट और जेइइ का मॉक टेस्ट आयोजित किया जायेगा। मॉक टेस्ट तीन पालियों में आयोजित किया जायेगा। पहली पाली सुबह 9 से 11 बजे, दूसरी पाली 11:30 से दोपहर 1:30 बजे और तीसरी पाली दोपहर 2 से शाम चार बजे तक आयोजित की जायेगी।

विभाग की ओर से सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को मॉक टेस्ट आयोजित कराने का निर्देश दिया गया है। मॉक टेस्ट में कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थियों का भाग लेना अनिवार्य है।

## 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधेपुरा।** अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान में मधेपुरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चौसा थाना क्षेत्र के 50 हजार रुपए के इनामी और हत्या की कोशिश समेत चार संगीन मामलों में वांछित अपराधी आदित्य कुमार उर्फ बबला यादव को पटना से गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी शनिवार को एसपी कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई। एसपी के निर्देश पर उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में चौसा थाना पुलिस और एसटीएफ एसओजी-12 की संयुक्त टीम ने पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र से उसे गिरफ्तार किया। रसलपुर धुरिया वार्ड नौ निवासी आदित्य के खिलाफ चौसा थाना में तीन और पुरैनी थाना में एक केस दर्ज है। इनमें हत्या की कोशिश, आपराधिक साजिश और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आदित्य पटना में छिपा है। सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई कर उसे दबोचा। छापेमारी दल में चौसा थानाध्यक्ष अमित कुमार राय, एसटीएफ एसओजी-12 राजकिशोर कुमार और चौसा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। गिरफ्तार बदमाश बबला यादव के पास से किसी भी प्रकार की बरामदगी नहीं हुई है।

### युवक की हत्या

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले के महुआ थाना अंतर्गत चांदपुर गांव में शनिवार सुबह भीड़तंत्र का भयावह चेहरा सामने आया। गांव में एक महिला से सोने की चेन छीनकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बंगाली पासवान के 35 वर्षीय पुत्र के रूप में हुई है।

## अफीम तस्कर गिरफ्तार, 1 करोड़ की खेप बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** चतरा पुलिस ने अवैध अफीम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गिद्धौर थाना क्षेत्र के हदहदवा जंगल से एक तस्कर को भारी मात्रा में अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त अफीम की अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के कारोबारियों पर बड़ी चोट माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने खुलासा करते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत हदहदवा जंगल के पास अवैध अफीम की बड़ी खेप की सप्लाई की तैयारी चल रही है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसपी अग्रवाल ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में गिद्धौर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान हदहदवा जंगल के पास से एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से लगभग 24 किलोग्राम अवैध अफीम और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के हदहदवा गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र होरिल दांगी के रूप में हुई है। एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए है। यह चतरा पुलिस की नशे के खिलाफ जारी मुहिम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एसपी अग्रवाल ने दृढ़ता से कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की लगातार कार्रवाइयां तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पुलिस का लक्ष्य जिले को नशा मुक्त बनाना है। फिलहाल, गिरफ्तार आरोपी संतोष कुमार को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस मामले से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश में जुट गई है ताकि इस पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जा सके। चतरा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## गोड्डा में सांप के काटने से सगे भाई-बहन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोड्डा।** गोड्डा में शुक्रवार की देर रात सांप के डसने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों भाई-बहन थे। बच्चे घर में जमीन पर सोए थे और इसी दौरान कमरे में एक जहरीला सांप घुस आया और बच्चों को डस लिया। घटना गोड्डा प्रखंड के सैदापुरा गांव की है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन अस्पताल की जगह बच्चों को झाड़फूंक के लिए ले गए। हालांकि, झाड़-फूंक से कोई सुधार नहीं होने पर परिवार के सदस्य बच्चों को लेकर गोड्डा सदर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान स्तुति कुमारी (9) और आदित्य कुमार (6) के रूप में की गई। मृतकों की मां प्रियंका कुमारी ने बताया कि शुक्रवार की रात को उनके दोनों बच्चे खाना खाकर घर में अलग-अलग जमीन पर सो रहे थे। रात के अंधेरे में एक जहरीले सांप ने दोनों बच्चों को डस लिया। सांप के काटने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उन्हें पहले झाड़-फूंक करवाने के लिए ले गए। यहां स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं होने पर परिजन बच्चों को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत इलाज शुरू किया। लेकिन दुर्भाग्यवश, आदित्य कुमार ने रात में ही दम तोड़



दिया। परिजन आदित्य के शव को लेकर घर वापस चले गए। वहीं, स्तुति का अस्पताल में इलाज जारी रहा। इधर, स्तुति की बिगड़ती हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया। उसे भागलपुर ले जाया जाता, इससे पहले ही शनिवार सुबह करीब 4 बजे बच्ची ने भी दम तोड़ दिया। प्रियंका कुमारी के चार बच्चों में अब दो ही बचे हैं। बच्चों के पिता हीरालाल राउत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इस दोहरे सदमे से परिवार पूरी तरह से टूट गया है। घटना की जानकारी मिलने पर गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने तत्काल पीड़ित परिवार से संपर्क किया और 50 हजार रुपए की तत्काल आर्थिक सहायता दी।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### नियमों का उल्लंघन करने पर डीजे जब्त

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** शांतिपूर्ण व सौहार्दमय माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों का डीजे, एम्पीफायर व साउंड बॉक्स को जब्त किया गया है। इसको लेकर जिले के सभी थाना व ओपी क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को अभियान चलाया। इन डीजे संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा नेताओं ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का किया स्वागत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** राज्य के उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा के आगमन पर भाजपा नेताओं ने देवी मंदिर परिसर में उनका स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री लंगट सिंह महाविद्यालय स्थापना दिवस, मुशहरी में कार्यक्रम और अन्य बैठकों में भाग लेने के लिए सरकारी दौरे पर आए थे। उनके स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार और पश्चिमी के जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने किया। उपमुख्यमंत्री ने शहर के प्रसिद्ध देवी मंदिर में जिलाध्यक्ष और जिले के नेताओं के साथ पूजा-अर्चना भी की। स्वागत सह अभिनंदन करने वालों में भाजपा के जिला महामंत्री मनोज तिवारी, जिला मंत्री पूनम वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. साकेत शुभम ठाकुर, कार्यालय मंत्री विकास चौबे, सोशल मीडिया संयोजक रोहण कुमार शामिल थे।

### चित्रगुप्त एसोसिएशन सभागार में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** चित्रगुप्त एसोसिएशन की सभागार में शुक्रवार को एसोसिएशन के सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई। सभी ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रगुप्त एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश चंद्र सम्राट ने की। महामंत्री प्रो. अजय कुमार श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन संगठन मंत्री सत्येंद्र कुमार पिंकू ने किया। मौके पर संजय कुमार, डॉ. अजय कुमार, विश्वंभर प्रसाद सिन्हा, धीरज कुमार माधव, रतन कुमार, सर्वजीत प्रियदर्शी मन्ना, राजेश कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार छोटन, अभिमन्यु कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा, सुनील कुमार श्रीवास्तव, विमल कुमार सिन्हा समेत अन्य चित्रांश उपस्थित रहे।

### मतदाता गहन पुनरीक्षण को ले सतर्क रहे कार्यकर्ता : संजय झा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सभी राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं को सजग रहने की हिदायत दे रहे हैं। इस क्रम में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने का निर्देश दिया। जिला परिसदन में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष रामबाबू सिंह कुशवाहा, जिला प्रभारी रॉबिन सिंह और महानगर अध्यक्ष अनुपम कुमार के अलावा पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के जन कल्याणकारी कार्यों पर जनता की मुहर तभी लगेगी, जब उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज होगा। इसके लिए पहले से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करना और उनका नाम सूची ने बनाए रखना बड़ी चुनौती की तरह लेना होगा। साथ ही नये मतदाताओं का नाम भी नई सर्वेक्षित सूची में शामिल कराने के लिए प्रयास करना होगा। इसके लिए जल्द बीएलए दो का गठन कर प्रखंड अध्यक्ष जिला कार्यालय को सौंपे। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि सभी पंचायतों में साइकिल मार्च निकालकर मतदाता पुनरीक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके लिए उन्होंने तत्काल प्रभाव से पार्टी के अन्य सभी कार्यक्रम को स्थगित किया। बैठक में वर्चुअल माध्यम से मंत्री विजय चौधरी, विधानसभा में उप नेता ललन सराफ, संजय गांधी, विधान पार्षद रविन्द्र सिंह, अनिल हेंगरे, मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह ने भी सुझाव दिए। इसमें विधानसभा प्रभारियों के अलावा जिला मीडिया सेल अध्यक्ष अनीश कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, रंजन कुमार, मृत्यंजय सिंह, मुकेश कुमार, अबीर हुसैन आदि थे।

## हर बच्चे पर 8 लाख खर्च करेगी सरकार

# पटना में मूक-बधिर बच्चों की होगी मुफ्त स्क्रीनिंग

### ज्यादा समस्या पर कॉक्लियर इम्प्लांट और स्पीच थेरेपी होगी



**पटना, एजेंसी।** मूक-बधिर बच्चों के लिए श्रवण श्रुति योजना 1 जुलाई से फुलवारी शरीफ के आंगनबाड़ी केंद्र से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुई है। इसमें जन्म से 6 साल तक के बच्चों की सुनने की क्षमता की जांच की जाएगी। हर एक आंगनबाड़ी केंद्र में रोजाना 100 बच्चों की स्क्रीनिंग होगी। सुनने की समस्या पाए जाने पर बच्चे की दोबारा जांच की जाएगी। पटना के डीएम ने पहली बार इसे गया से शुरू किया था जब वह गया के डीएम थे। अब पटना में यह पहली बार शुरू होने जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत फुलवारी शरीफ के आंगनबाड़ी केंद्र को चुना गया है। अगर यह सफल होता है तो पूरे पटना और फिर पूरे बिहार में यह शुरू किया जाएगा।

### गौनपूरा और कुरकुरी मिलाकर 8 बच्चों की हुई पहचान

फुलवारी शरीफ की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी अर्चना ने बताया, जरूरत पड़ने पर बच्चों के कान का ऑपरेशन किया जाएगा। इसमें कॉकलियर इंप्लांट लगाया जाएगा। यह इंप्लांट करीब 6 से 8 लाख रुपए का होता है। सरकार इसका पूरा खर्च उठाएगी। ऑपरेशन के बाद बच्चों को स्पीच थेरेपी दी जाएगी। इससे उन्हें बोलने में मदद मिलेगी। अब तक की स्क्रीनिंग में गौनपूरा में 5 और कुरकुरी में 3 बच्चों की पहचान की गई है। इनमें से एक बच्चा पूरी तरह से सुनने में असमर्थ है। इस बच्चे की दोबारा स्क्रीनिंग की जाएगी।

जो इलाज नहीं करा पाते उनके लिए कारगर योजना

यह योजना उन परिवारों के लिए वरदान साबित होगी, जो आर्थिक कारणों से अपने बच्चों का इलाज नहीं करा पाते थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल मैनेजर शिप्रा चौहान ने बताया, इस योजना के लिए फुलवारी शरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर की टीम की भी मदद ली जा रही है। दरअसल, बहरापन भारत में सबसे आम जन्मजात दिव्यांगता में से एक है। यह अन्य जन्मजात दोषों जैसे सिकल सेल एनीमिया, सिस्टिक फाइब्रोसिस, हाइपोथायरायडिज्म आदि की तुलना में 30 गुना अधिक आम होने का अनुमान है।

भारत में 360 मिलियन बहरे लोग

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी अर्चना ने बताया, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 360 मिलियन बहरे लोग हैं। भारत की लगभग 7 प्रतिशत आबादी बहरेपन से पीड़ित है। 10 लाख से अधिक बच्चों को अपनी सुनने की शक्ति को बढ़ाने के लिए या तो सुनने की मशीन या कॉकलियर इंप्लांट सर्जरी की जरूरत है। न्यूक्लियस डिवाइस के साथ पहला इंप्लांट 1995 में हुआ। भारत में हर साल 11 लाख से अधिक बच्चे बहरे पैदा होते हैं। देश में लगभग केवल 30,000 कॉकलियर इंप्लांट सर्जरी की गई हैं।

आगे कुमारी अर्चना ने कहा, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कुछ राज्यों में बहरेपन को रोकने और समस्या को सॉल्व करने के लिए ,छ्ढ्ढक्क (दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता) परियोजना शुरू की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अंतरराष्ट्रीय आंकड़े कहते हैं कि भारत में हर 1000 में से 5-6 बच्चे बहरे पैदा होते हैं। भारत में हर दिन लगभग 45000 बच्चे जन्म लेते हैं, जिनमें से लगभग 250-300 बच्चे बहरेपन के साथ पैदा होते हैं। अध्ययन के अनुसार, बहरेपन के बारे में जागरूकता की कमी के कारण 84.1 प्रतिशत माता-पिता जानते थे कि बच्चों की सुनने की क्षमता कम होने के लिए जांच की जानी चाहिए। जन्म के समय उन्हें चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है, लेकिन केवल 15.9 प्रतिशत ने ही वास्तव में अपने बच्चे की जांच करवाई। उसने नवजात शिशु की जांच के बारे में जागरूकता की आवश्यकता को उजागर किया।





## पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या

**पटना, एजेंसी।** बिहार के बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की पटना में गोली मारकर अपराधियों ने हत्या कर दी। अपार्टमेंट के गेट के ठीक सामने वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के पास की है। आनन-फानन में परिजन उन्हें पटना के मेडिवर्सल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गोपाल खेमका देर रात खुद गाड़ी ड्राइव करते हुए बांकीपुर क्लब से घर लौटे थे। वो जैसे ही अपार्टमेंट के पास पहुंचे, घात लगाए अपराधियों ने सिर में गोली मार दी। अपराधी स्कूटी से आए थे। सूत्रों की माने तो अपराधी स्कूटी से रेकी करते हुए कटारुका निवास आए थे। वो गोपाल खेमका की गाड़ी के पीछे-पीछे ही चल रहे थे।

**गांधी मैदान थाने से 300 मीटर दूर वारदात :** गांधी मैदान थाने से 300 मीटर दूर वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि 1 घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। परिजनों ने घटना की सूचना पटना पुलिस को देने की कोशिश की, लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। फिर एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन को फोन कर घटना की सूचना दी। इसके बाद पटना पुलिस हरकत में आई। घटना की सूचना मिलने के बाद SSP, सिटी SP, सांसद पप्पू यादव और दूसरे लोग उनके घर पहुंचे। मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंची है। इसके साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसटीएफ को लगाया गया है।

**7 साल पहले बेटे की हुई हत्या :** गोपाल खेमका के 2 बेटे हैं। 2018 में उनके बेटे गुंजन खेमका की इसी तरह फैक्ट्री के गेट पर हत्या हुई थी। हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया में उनकी कॉटन फैक्ट्री के सामने उन्हें अपराधियों ने गोली मार दी थी। दूसरे बेटे गौरव खेमका IGIMS में डॉक्टर हैं।

## हर घर पर स्टिकर चस्पां करेंगे बीएलओ

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सभी बीएलओ घर-घर जाकर स्टिकर चस्पां करेंगे। सर्टिफिकेट देने की जिम्मेवारी एईआरओ को दी गई है। इस संबंध में बतौर जिला निर्वाचन पदाधिकारी डीएम ने सुब्रत कुमार सेन ने शुक्रवार को नगर भवन में हुई बीएलओ व पर्यवेक्षकों की मीटिंग में विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मार्गदर्शिका से अवगत कराते हुए कहा कि सभी बीएलओ गणना प्रपत्र का कलेक्शन और अपलोडिंग का कार्य मिशन मोड में करें। इसमें सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मी के रूप में विकास मित्र, किसान सलाहकार, सेविका, पंचायत सचिव आदि को भी प्रतिनियुक्त करने का आदेश दिया। साथ ही स्पष्ट कर दिया कि कार्य में सुस्ती या कोताही करने वाले बीएलओ या पर्यवेक्षक के खिलाफ कानूनी व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह नगर आयुक्त को एईआरओ के जरिए कैंप मोड में कलेक्शन व अपलोडिंग का काम पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को सभी बीएलओ, सुपरवाइजर व टीम को घर-घर से कलेक्शन और द्वितीय पाली में अपलोडिंग का कार्य पूरा कराने को कहा। गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने का तरीका कोई भी मतदाता अपने वोटर लिस्ट से लिंक्ड मोबाइल नंबर द्वारा ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकते हैं। इसके लिए अपने संबद्ध मोबाइल नंबर से पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन एन्यूमरेशन फॉर्म भरा जा सकता है। कार्यक्रम की रूपरेखा 26 जुलाई तक फॉर्म के वितरण व संग्रहण का कार्य होगा। 27 से 31 जुलाई तक कंट्रोल टेबल का अद्यतीकरण व ड्रॉफ्ट रोल की तैयारी। 1 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 1 सितंबर तक दावा व आपत्ति लिए जाएंगे। 25 सितंबर तक दावा आपत्ति फार्म का निष्पादन होगा। 30 सितंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

## इनकी गुंडागर्दी चलने नहीं देंगे, वोटर सत्यापन पर लालू की दहाड़, चुनाव आयोग पर किया तीखा वार

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर सत्यापन कराया जा रहा है। चुनाव आयोग के इस कदम पर जमकर सिसायत हो रही है। राजद समेत पूरा विपक्ष इसे गरीबों से वोटिंग का अधिकार छीनने की साजिश बता रहा है। 9 जुलाई को पप्पू यादव ने बंदी की बात कही है। इस बीच राष्ट्री जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने आरएसएस और चुनव आयोग पर तीखा वार किया है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना बयान जारी किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लालू यादव ने कहा है कि संघियों ने देश के लोकतंत्र को इस पड़ाव पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां नागरिकों को अपना वोट को बचाने तथा सरकार द्वारा मतदान का अधिकार छीनने का प्रयास किया जा रहा है। चुनाव आयोग मतदाताओं को वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिशें रच रहा है। चुनाव आयोग



मतदाताओं को हतोत्साहित कर उनका मानसिक, आर्थिक और सामाजिक उत्पीड़न कर रहा है। वोट का सत्यापन करने की बजाय नागरिकता साबित करने को कह रहा है। भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड तक को स्वीकार नहीं कर रहा। इनकी गुंडागर्दी चलने नहीं देंगे। चुनाव आयोग के मतदाता सत्यापन अभियान के खिलाफ तेजस्वी यादव ने भी मोर्चा खोल रखा है। शुक्रवार को महागठबंधन के नेताओं के साथ उन्होंने बिहार के चीफ इलेक्शन अफसर विनोद सिंह गुंजियाल से मुलाकात की और इस पर रोक लगाने की मांग की। विपक्ष का कहना है कि वोटर वेरिफिकेशन के लिए जिन कागजातों की मांग की जा रही है उन्हें गरीब तबके के लोग प्रस्तूत नहीं कर पाएंगे। नया प्रमाण पत्र बनाने के लिए अब समय भी नहीं है। चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव के ठीक बाद इसे शुरू कर देना चाहिए था। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा था कि वोटर सर्वे टीम को गांव में घुसने नहीं देना है।

अगर आ गए तो चाय, नाश्ता करवा कर वापस भेज देना है। शुक्रवार को एनडीए के नेता उपेंद्र कुशवाहा ने भी कहा कि कम समय दिए जाने से लोगों में वोटर वेरिफिकेशन को लेकर बेचैनी है।

## मैनहोल एम्बुलेंस की सुविधा देने वाला पहला शहर बना पटना

### कॉल करते ही लोकेशन पर पहुंचेगी गाड़ी, पटना के 75 वार्ड में मैनहोल की तत्काल रिपेयरिंग

**पटना, एजेंसी।** पटना नगर निगम %मैनहोल एम्बुलेंस की शुरुआत कर रही है। यह गाड़ी शहर के सभी 75 वार्डों में टूटे-फूटे और खुले मैनहोल की समस्याओं को दूर करेगी। इस एम्बुलेंस में मैनहोल रिपेयर करने वाली टीम, प्री फैब मैनहोल के ढक्कन और अन्य सामग्री रहेगी, जो संबंधित लोकेशन पर पहुंच के तुरंत ही समस्या को दूर करेगी। मैनहोल की मरम्मती के लिए ऐसा प्रयोग करने वाला पटना देश भर में पहला शहर है।

### वेस्ट गाड़ियों का इस्तेमाल कर बना है मैनहोल एम्बुलेंस

पटना नगर निगम द्वारा वेस्ट टू वंडर के तर्ज पर यह मैनहोल एम्बुलेंस निगम की ही पुरानी और बेकार पड़ी हुई गाड़ियों का इस्तेमाल कर तैयार किया गया है। कबाड़ पड़ी गाड़ियों को इस्तेमाल कर सभी अंचल के लिए 6 गाड़ियों




का निर्माण किया गया है। इससे पहले भी निगम की बेकार गाड़ियों से पिंक टॉयलेट और लू कैफे बनाए गए हैं। यह पहली बार है कि मैनहोल की समस्या दूर करने के लिए इस प्रकार का प्रयोग किया जा रहा है। मॉनसून के दौरान ही इसकी सुविधा आम जनों को मिलने लगेगी। इन गाड़ियों को तैयार किया जा रहा है। हर वार्ड में जल्द ही इसका इस्तेमाल किया जाएगा।

### ऑन डिमांड दी जाएगी सुविधा

पटना नगर निगम का यह मैनहोल एम्बुलेंस ऑन डिमांड काम करेगा। इसे कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया जाएगा, जिससे कहीं से भी समस्या आने पर इसे संबंधित स्थल पर भेजा जाएगा। यह क्विक रिस्पांस टीम क्यूआरटी के तर्ज पर काम करेगा। सभी 6 अंचल में अलग गाड़ियां होने से यह तुरंत ही अपने वार्ड में जाकर समस्याओं को दूर करेगा। 48 घंटे के अंदर मैनहोल मरम्मती की समस्या को दूर करने का लक्ष्य दिया गया है। पटना नगर निगम के टॉल फ्री नंबर 155304 पर कॉल कर लोग मैनहोल की शिकायत दर्ज करेंगे। इसके बाद ÷मैनहोल एंबुलेंस÷ उस समस्या को दूर करेगा।



## गंगा में डूबे दंपती का नाविकों ने किया रेस्क्यू

### पटना में सैर पर निकले थे, मीनार घाट से सीधे नदी में पहुंच गई कार

**पटना, एजेंसी।** पटना के दीघा थाना क्षेत्र के मीनार घाट पर शुक्रवार को एक कार बेकाबू होकर गंगा में चली गई। कार में पति-पत्नी सवार थे। दोनों नई कार लेकर मीनार घाट पहुंचे थे। घाट पर पहुंचने के बाद पति ने ब्रेक के बाद एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे कार सीधे गंगा नदी में घुस गई और डूबने लगी। इसके बाद कार में मौजूद दंपती चिल्लाने लगे। नाविकों ने डूबती कार को देखकर तुरंत दंपती को बचाने का प्रयास किया, काफी कोशिश के बाद लगभग 45 मिनट में नाविकों ने दोनों का रेस्क्यू कर लिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है।

### ब्रेक लेने के बजाय एक्सलेटर पर रख दिया पैर

चश्मदीदों के मुताबिक, कार में पति पत्नी सवार थे। नई कार थी। शाम के वक्त दोनों गंगा घाट पर आए थे। ब्रेक लेने के बजाय आदित्य प्रकाश ने एक्सलेटर पर पैर रख दिया। जिसके बाद कार सीधे घाट को क्रॉस करते हुए गंगा में समा गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद आस पास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

### पुलिस पति-पत्नी से पूछताछ कर रही

दीघा के थानेदार संतोष सिंह ने बताया, कार नहीं निकल पाई है। उसे भी निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस दोनों से पूछताछ करके ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर कैसे गाड़ी गंगा में समा गई। इसके पीछे की वजह क्या थी। घाट पर नाव चालक राहुल और अंशु की वाहवाही हो रही है। इन्हीं दोनों ने सबसे पहले कार को डूबते हुए देखा और बिना देर किए रेस्क्यू के लिए डूबते कार के पास पहुंचे थे।

# मोतिहारी में 18 जुलाई को पीएम मोदी की बड़ी रैली

### बिहार को मिलेंगी कई सौगातें, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने स्थल का लिया जायजा



**पटना, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को एक बार फिर बिहार दौरे पर रहेंगे। इस बार उनका दौरा पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में होगा जहां वे गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर जनता से सीधा संवाद करेंगे। इस रैली में वह कई सारे विकास की योजनाओं की घोषणा करेंगे साथ ही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए प्रचार प्रसार भी करेंगे। पीएम मोदी की यह यात्रा चंपारण की उस धरती पर हो रही है, जिसे गांधीजी के पहले सत्याग्रह आंदोलन की जन्मस्थली कहा जाता है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी खुद तैयारियों का जायजा लेने मोतिहारी पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि पीएम की रैली ऐतिहासिक होगी और बिहार को इससे नई दिशा मिलेगी।

### भीड़ जुटाने की तैयारी, 10 जिलों से आएंगे लोग

भाजपा और जदयू ने बूथ स्तर तक भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी बांटी है। पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, शिवहर, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और वैशाली से बड़ी संख्या में लोगों के आने की तैयारी है। सभा स्थल पर 100 फीट चौड़ा मंच और सुरक्षा के लिए एसपीजी, ह्स्त्र व्र ञ्चस की टीमें तैनात रहेंगी। पार्किंग के लिए 50 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है।

### योजनाओं के अगले चरण की करेंगे घोषणा

चंपारण में अब तक 50 से ज्यादा किसान उत्पादक संगठन बन चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत सैकड़ों लोगों को इलाज की सुविधा मिली है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में पाइपलाइन बिछाई जा रही है और गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के विस्तार का काम भी शुरू हो चुका है। सूत्रों के अनुसार इस बार की रैली में प्रधानमंत्री इन्हीं योजनाओं के अगले चरण की घोषणा कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री की चंपारण में पूर्व की सभा

पीएम मोदी इससे पहले भी कई बार चंपारण आ चुके हैं। साल 2018 में वे 'सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह' कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और यहीं से 'स्वच्छ भारत अभियान' को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया था। 2019 में उन्होंने बजट से पहले एनडीए की रणनीति को यहीं से धार दी। 2021 में कोविड काल में पूर्वी भारत के लिए स्वास्थ्य योजनाओं की घोषणा भी उन्होंने चंपारण से की थी। वहीं 2023 में 'चंपारण किसान सम्मेलन' में उन्होंने जैविक खेती और ई-नाम मंडियों के विस्तार की बात की। 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने यहीं से विकसित बिहार-विकसित भारत का नारा दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### मुहर्रम पर रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 1000 जवान होंगे तैनात, ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में छह जुलाई को मुहर्रम पर्व मनाया जायेगा। इसे लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जिला प्रशासन ने मुहर्रम पर सुरक्षा व्यवस्था में 1000 जवानों की तैनाती की है। रैपिड एक्शन फोर्स, रैपिड एक्शन पुलिस, इको टीम, टियर गैस पार्टी, रंगीन पानी का टैंकर, ब्रज वाहन और फायर ब्रिगेड को तैनात किया गया है। निगरानी के लिए ड्रोन और वीडियो कैमरे का भी इस्तेमाल होगा। उपद्रवियों पर कार्रवाई की जायेगी और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। इधर, मुहर्रम को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था में भी आंशिक बदलाव किये गये हैं। विभिन्न अखाड़ों से निकलने वाले जुलूस के दौरान निजी व यात्री वाहनों का परिचालन सुबह 10:00 बजे से जुलूस के खत्म होने तक प्रभावित रहेगा।

### बीएयू के कुलपति को मिला झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के वीसी का प्रभार

**रांची, एजेंसी।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति का प्रभार बिरसा कृषि विवि के कुलपति डॉ एससी दुबे को दिया है। डॉ दुबे अगले आदेश तक रूटीन कार्यों का निबटारा करेंगे। किसी पॉलिसी मेटर पर निर्णय लेने के लिए वे कुलाधिपति से अनुमति लेंगे। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। मालूम हो कि झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू के तीन वर्ष का कार्यकाल चार जुलाई को समाप्त हो गया। विवि में कुलपति की नियुक्ति के लिए राजभवन द्वारा विज्ञापन भी निकाला गया। इसके लिए कई उम्मीदवारों ने आवेदन भी दिये। नियुक्ति सर्च कमेटी के माध्यम से होगी। सर्च कमेटी के अध्यक्ष एनटीए के अध्यक्ष हैं। डॉ एससी दुबे पांच जुलाई को प्रभार लेंगे। वर्तमान में रांची विवि के कुलपति का प्रभार नीलांबर-पीतांबर विवि के कुलपति प्रो डीके सिंह, महिला विवि जमशेदपुर के वीसी का प्रभार कोल्हान विवि की कुलपति प्रो अंजिला गुप्ता तथा डीएसपीएमयू के कुलपति का प्रभार दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र को दिया गया है।

### बीएड प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी, अजित कुमार पंडित ने किया टॉप

**रांची, एजेंसी।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने बीएड, एमएड और बीपीएड पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का रिजल्ट शुक्रवार को जारी कर दिया। परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थी अब अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट से देख सकते हैं। बीएड परीक्षा में अजित कुमार पंडित ने टॉप किया है। अंकिता अग्रवाल को दूसरा और रणधीर कुमार मेहता को तीसरा स्थान मिला है। बीपीएड परीक्षा में अनिमेष रोनाल्ड कुजूर पहले स्थान पर रहे, जबकि श्वेता कुमारी को दूसरा और विपिन बिहारी महतो को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। एमएड परीक्षा में कोमल कुमारी सोनी ने पहला, सुचित्रा दास ने दूसरा और ओम कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया।यह परीक्षा 11 मई 2024 को आयोजित की गई थी। परिणाम अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर जारी किया गया है, जिसमें उत्तर कुंजी पर आई आपत्तियों की जांच के बाद सुधार किया गया। परीक्षाफल 6 जुलाई से वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित अभ्यर्थियों को अब ऑनलाइन माध्यम से नामांकन के लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन के समय अभ्यर्थियों को अपने सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति और स्वप्रमाणित फोटोकॉपी अपलोड करनी होगी।

### देवघर में बिना आईडी प्रूफ नहीं मिलेगा रूम, जिला प्रशासन ने तय किये कमरों के दाम

**देवघर, एजेंसी।** देवघर जिला प्रशासन ने श्रावणी मेले के दौरान शहर में आने वाले कांवरियों और श्रद्धालुओं के रहने के लिए विभिन्न होटलों में कमरे का दर तय कर दिया है। इसे लेकर होटल और धर्मशाला संचालकों के साथ डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बैठक की। डीसी ने उन्हें कई जरूरी दिशा-निर्देश दिये। बैठक में डीसी ने कहा कि दूरदराज से आये कांवरिये/तीर्थयात्री पूजा-अर्चना के बाद देवघर शहर व ईर्द-गिर्द पर्यटन स्थल घूमने के लिए शहर में ठहराव करते हैं। इसलिए सभी होटल मालिक व संचालकों को होटल के कमरों एवं अन्य का दर तालिका को प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है।

# बोर्ड परीक्षा में नेतरहाट के पांच छात्र फेल, मंत्री गंभीर, कारणों की जांच करेगी कमेटी



**रांची, एजेंसी।** राज्य के सबसे प्रतिष्ठित सरकारी विद्यालय लातेहार जिले के नेतरहाट आवासीय विद्यालय का शैक्षणिक स्तर वर्ष 2010 के बाद लगातार गिर रहा है। अब स्थिति यह हो गई है कि सीबीएसई की इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में इस विद्यालय के पांच छात्र फेल हो गए। 10वीं की परीक्षा में एक तथा 12वीं में चार छात्रों को असफलता हाथ लगी है।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को धुर्वा स्थित एमडीआइ भवन में नेतरहाट विद्यालय समिति की सामान्य निकाय की हुई बैठक में इस पर चिंता प्रकट की गई। विभागीय मंत्री ने भी इसे गंभीरता से लेते हुए इसके कारणों की जांच के लिए पूर्ववर्ती छात्रों की कमेटी गठित करने के निर्देश दिए।

यह कमेटी विद्यालय में एक सप्ताह रहकर फेल हुए छात्रों के पठन-पाठन का अवलोकन कर अपनी रिपोर्ट देगी। मंत्री ने इस प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक स्तर में लगातार गिरावट होने तथा नामांकन में छात्रों की घटती रुचि पर चिंता जताई है।

उन्होंने विद्यालय की तमाम कमियों की पहचान कर उसे दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि विद्यालय की खोई प्रतिष्ठा वापस आ सके। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर विद्यालय की नियमावली में भी बदलाव किया जाए।

उन्होंने कई छात्रों के बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से कम अंक आने पर भी चिंता जताते हुए इसके लिए जिम्मेदार शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछकर कार्रवाई के निर्देश दिए। विद्यालय में आश्रम व्यवस्था को कठोरता से लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, नेतरहाट विद्यालय कार्यसमिति के अध्यक्ष संतोष उरांव आदि भी उपस्थित थे। इस विद्यालय की गरिमा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है इसने दर्जनों क्स्ष्ट आइएएस व आइपीएस अधिकारी दिए हैं।

### शिक्षकों के 42 पद, कार्यरत हैं महज 18

बैठक में बोर्ड परीक्षाओं के खराब परिणाम के लिए शिक्षकों की कमी को भी बड़ा कारण माना गया। मंत्री को बताया गया कि विद्यालय में शिक्षकों के 42 पद हैं, जबकि वर्तमान में कार्यरत महज 18 हैं। मंत्री ने रिक्त पदों को शीघ्र भरने तथा तबतक के लिए पूर्ववर्ती छात्रों से पठन-पाठन कराने के निर्देश दिए।

इसके लिए पोर्टल के माध्यम से ऐसे पूर्ववर्ती छात्रों तथा पूर्व शिक्षकों से आवेदन मंगाए जाएंगे, जो विद्यालय में शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के लिए अपनी सेवा देना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें सम्मान राशि के अलावा आने-जाने, भोजन आदि का खर्च दिया जाएगा। मंत्री ने विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### डीएमएफटी की राशि हो सकेगी खर्च

बैठक में डीएमएफटी की राशि से विद्यालय में बुनियादी सुविधाएं बहाल करने पर भी सहमति बनी। बैठक में विद्यालय की भूमि के अतिक्रमण की समस्या लातेहार जिला प्रशासन से मिलकर सुलझाने के निर्देश प्राचार्य को दिए गए।

## पर्यटन के क्षेत्र में लोगों की पसंद में पांचवें स्थान पर रांची

**रांची/धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में विदेशी पर्यटकों में पहले स्थान पर चतरा के पर्यटन स्थल हैं, जबकि गिरिडीह दूसरे स्थान पर हैं. देशी पर्यटकों की पहली पसंद सरायकेला-खरसांवा रहा है. वहीं रांची पांचवें स्थान पर है. राज्य पर्यटन निदेशालय द्वारा जारी वार्षिक पर्यटन सर्वेक्षण रिपोर्ट (मई 2024 - अप्रैल 2025) से हुई है. इस रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड में वर्ष भर में 6.43 करोड़ से अधिक पर्यटक यहां पहुंचे, जिसमें 13,234 विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं. झारखंड अब पारंपरिक धार्मिक स्थलों से आगे बढ़कर इको-टूरिज्म, एडवेंचर और आदिवासी पर्यटन जैसे नये क्षेत्रों में भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है. सरायकेला-खरसावां जिले ने इस बार सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित किया है. इस जिले ने 6,34,332 लाख पर्यटकों को आकर्षित किया. जबकि गिरिडीह में 6,28,752, देवघर में 5,94,392, धनबाद में 5,87,527 और रांची में 5,48,003 पर्यटक पहुंचे.

रिपोर्ट के अनुसार चतरा जिले को विदेशी पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह बताया गया है. इटखोरी मंदिर, कौलेश्वर मंदिर और तमासिन जलप्रपात जैसे धार्मिक व प्राकृतिक स्थलों ने विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया. जिले में साल भर में 1,157 विदेशी पर्यटक आये, जो झारखंड के किसी भी अन्य जिले की तुलना में सबसे अधिक है. जनवरी 2025 में ही यहां 408 विदेशी पर्यटक आये.

### दो दिवसीय दवा मेला 2025 का शुभारंभ, खूब हुई खरीदारी

**रांची, एजेंसी।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को दो दिवसीय दवा मेला 2025 का शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन एडवाइजरी नेशनल टीम, आइएमए डॉ अजय सिंह, आइएमए के अध्यक्ष डॉ काजल, उपाध्यक्ष आइएमए डॉ अभिषेक रामाधीन ने संयुक्त रूप से किया। मेले में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ समेत राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के स्टॉल लगे हैं। जहां डिजाइनर कपड़े, डिजाइनर ज्वेलरी, होम डेकोर व नैचुरल प्लांट आदि बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। यहां डिजाइन वाली राखियों के बेहतरीन कलेक्शन भी है। कई स्टॉलों में हस्तनिर्मित सामान हैं, जिनमें बारीकी काम की गयी हैं। गैर सरकारी संगठन जैसे एकल, दीपशिखा जैसी संस्था के भी स्टॉल हैं। मेले में महिलाओं ने खूब खरीदारी की। मेले से प्राप्त आय को प्रधानमंत्री राहत कोष में भेजा जायेगा।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत में सुधार, हाल-चाल जानने अस्पताल पहुंचे कई नेता



**रांची, एजेंसी।** झामुमो के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की तबीयत में सुधार हो रहा है. मालूम हो कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का दिल्ली में स्थित सर गंगा राम अस्पताल में इलाज चल रहा है. यहां डॉक्टरों ने गुरुजी की हालत को लेकर संतोष जताया है. वह दिन-रात चिकित्सकों की निगरानी में हैं. इधर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी शुक्रवार को शिबू सोरेन को देखने के लिए अस्पताल पहुंचीं.

सांसद महुआ माजी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गुरुजी का हालचाल जाना. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी भी दिल्ली पहुंचे हैं. स्वास्थ्य मंत्री के साथ झारखंड के पूर्व प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी अस्पताल पहुंचे. राज्य से कई नेताओं का दिल्ली आना-जाना लगा हुआ है.

इधर, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर और पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने भी सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की. कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव भी पिछले दिनों अस्पताल पहुंचे थे. उन्होंने गुरुजी का हालचाल लिया था. सोरेन परिवार लगातार दिल्ली में कैंप कर रहा है.

## झारखंड हाइकोर्ट का बड़ा फैसला, 750 व्याख्याताओं की नियुक्ति मामले में दायर याचिकाएं खारिज




**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने साल 2008 में राज्य के विश्वविद्यालयों में 750 व्याख्याताओं (लेक्चरर) की नियुक्ति मामले में दायर 19 विभिन्न याचिकाओं पर फैसला सुनाया। अदालत ने सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए प्रार्थियों को राहत देने से इनकार कर दिया। इससे पूर्व 10 जून को अदालत ने मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को अदालत ने यह फैसला सुनाया।

बता दें कि मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अधिवक्ता डॉ श्रीकृष्ण पांडेय, अधिवक्ता डॉ सत्यप्रकाश सिन्हा, अधिवक्ता अर्पण मिश्रा, निलाद्री शेखर मुखर्जी ने पैरवी की थी। इसके बाद फैसला सुनाया गया। इस मामले में प्रार्थियों ने अपनी नियुक्ति के लिए अदालत से उचित आदेश देने का आग्रह किया था। हालांकि, अदालत के फैसले में प्रार्थियों को कोई राहत नहीं मिली है।

इस मामले में प्रार्थियों का कहना था कि वह लेक्चरर पद के योग्य हैं, लेकिन झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने उनकी नियुक्ति की अनुशंसा नहीं की है।

नेट बेट एसोसिएशन की ओर से लेक्चरर नियुक्ति में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए लेक्चरर नियुक्ति के लिए अनुशंसित सूची को रद्द करने का आग्रह किया था। इसे लेकर कहा गया कि योग्य उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया है। ऐसे में जेपीएससी की अनुशंसित सूची रद्द कर देनी चाहिए।

वहीं, जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल ने पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि नियुक्ति की सीबीआई जांच चल रही है। इसी मामले में अपील याचिका भी लंबित है। अनुशंसित सूची पर अभी कुछ कहना उचित नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी डॉ मीरा सिन्हा, डॉ मीना कुमारी, झारखंड नेट/बेट एसोसिएशन व अन्य की ओर से अलग-अलग 19 याचिका दायर की गयी थी।

## भगवान जगन्नाथ प्रभु को आज लगेगा गंज भोग



**रांची, एजेंसी।** घुरती रथयात्रा के पूर्व शनिवार रात को मौसीबाड़ी में भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को रात 8:00 बजे गंज भोग लगाया जायेगा। यह भोग पूरे साल में केवल एक दिन लगाया जाता है। इसमें उन्हें खिचड़ी, सब्जी, खीर सहित अन्य पकवान परोसे जायेंगे। बाद में प्रसाद स्वरूप भक्तों के बीच इसे बांटा जायेगा। बाद रात 8:30 बजे मंदिर के पट बंद कर दिये जायेंगे। माना जाता है कि गंज भोग देवी लक्ष्मी और गुडिंचा मिलकर बनाती हैं। भगवान को भोग खिलाने के बाद माता लक्ष्मी उनसे मुख्य मंदिर लौटने का आग्रह करती हैं। शनिवार को सुबह 6:00 बजे से पूजा-अर्चना शुरू हो जायेगी। घुरती रथयात्रा रविवार को है। इस दिन प्रात: 5:00 बजे से पूजा शुरू हो जायेगी। सुबह 6:00 बजे मंदिर के पट खुल जायेंगे। दोपहर 2:00 बजे के बाद भगवान को रथ पर विराजमान करने का विधान शुरू होगा। शाम में 4:30 बजे से रथ खींचा जायेगा।

इधर, शुक्रवार को भी जगन्नाथपुर मेला में सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों की भीड़ पहुंचती रही। लोगों ने विभिन्न सामाग्रियों की खरीदारी की, तरह-तरह के व्यंजनों और झूलों व राइड का लुत्फ लिया। वहीं, सुबह में पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में भीड़ लगी हुई थी। यह भीड़ मुख्य मंदिर से लेकर नीचे तक थी। कई लोग तो बाहर से ही भगवान की पूजा-अर्चना कर चले गये। वहीं, काफी संख्या में भक्त लाइन में अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। आयोजकों ने कहा कि मेले में लोगों की अच्छी भीड़ रही।

## एचइसी : वार्ता बेनतीजा, सप्लाई कर्मियों का आंदोलन जारी

**रांची, एजेंसी।** एचइसी के सप्लाई कर्मियों ने शुक्रवार को चौथे दिन भी आउटसोर्सिंग एजेंसी का विरोध जारी रखा, जिससे उत्पादन प्रभारी रहा। इस बीच 'सप्लाई संघर्ष समिति' का एक प्रतिनिधिमंडल रंथू लोहरा के नेतृत्व में निदेशक उत्पादन बीएस गर्ग से मिला। उनके साथ सकारात्मक वार्ता हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। वहीं, प्रतिनिधमंडल ने साफ कह दिया कि जब तक उनकी मांगों पर आम सहमति नहीं बनेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगी।

इससे पहले वार्ता के दौरान समिति की ओर से रंथू लोहरा ने सप्लाई कर्मियों को पूर्व में मिल रही सुविधाओं को जारी रखने की मांग उठायी। इस पर निदेशक उत्पादन ने कहा : एचइसी देश का पहला सार्वजनिक प्रतिष्ठान है, जहां सप्लाई कर्मियों की तादाद स्थाई कर्मियों से अधिक है। सप्लाई कर्मी कंपनी का परिवार हैं और हमेशा रहेंगे। उनका भविष्य उज्ज्वल बनाये रखने का पूरा प्रयास करेंगे। आनेवाले समय में कंपनी अधिक से अधिक वर्क ऑर्डर लेने का प्रयास करेगी। फिलहाल उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। इस पर समिति के सदस्यों ने कहा कि सप्लाई कर्मी उत्पादन की रीढ़ हैं। छह महीनों से कंपनी की साफ-सफाई और उत्पादन से लेकर सुरक्षा तक कर रहे हैं। बिना इएसआइ की सुविधा दिये प्रबंधन ने पांच महीनों तक सप्लाई कर्मियों से काम लिया। उस दौरान बीमारी में सप्लाई कर्मियों को भारी परेशानी हुई। लगभग 10 कर्मियों की मौत भी हो गयी। जहां वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की बात होनी चाहिए, वहां कटौती की बात हो रही है। यह सरासर गलत है।

वार्ता के दौरान समिति ने मांग रखी कि प्रबंधन को हर हाल में सितंबर 2023 से जनवरी 2024 तक का वेतन देना होगा, सप्लाई कर्मियों का पीएफ एचइसी प्रबंधन डालेगा, सप्लाई कर्मियों का मुख्य नियोक्ता एचइसी है और एचइसी रहेगा। इन सभी मांगों के निदान के लिए निदेशक कार्मिक व निदेशक उत्पादन बैठक कर मसौदा बनाएं और सप्लाई कर्मियों को विश्वास लें। इस पर निदेशक उत्पादन ने कहा : निदेशक कार्मिक आज नहीं हैं। हमारा प्रयास होगा की बैठ कर समस्याओं का निदान निकाला जाये। वार्ता करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में मनोज पाठक, मोईन अंसारी, ओवैसी, आजाद, प्रमोद कुमार, वाइ त्रिपाठी, अमरेंद्र कुमार भी शामिल थे।

हटिया कामगार यूनियन के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने कहा कि एचइसी के सप्लाई कर्मी पिछले 20-25 साल से स्थायी प्रवृति पर काम कर रहे हैं।

## धनबाद में रेमंड शो रूम के मालिक के बेटे की मौत, सड़क हादसे में बुझे दो घरों के चिराग

**राजगंज (धनबाद), एजेंसी।** धनबाद में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में दो घरों का चिराग बुझ गया। जानकारी के अनुसार, घटना राजगंज सिक्स लेन की है। हादसे में धनबाद बैंक मोड़ अवस्थित रेमंड शो रूम के मालिक विशाल कृष्णाणी के 24 वर्षीय इकलौते बेटे साहिल कृष्णाणी और मटकुरिया चेंबर अवस्थित मोटर पार्ट्स दुकान के मालिक हरदयाल सिंह के 25 वर्षीय इकलौते बेटे अनमोल की मौत हो गयी।

बताया जाता है कि कोलकाता - दिल्ली सिक्स लेन पर बरवाअड्डा से राजगंज की ओर आ रही आई ट्वेन्टी कार जे एच 10 सी टी - 0014 अचानक अनियंत्रित हो गई। कार बीच सड़क पर करीब दो-ढाई फीट तक पलटते हुए डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर के बाद कार एप्रोच रोड पर उल्टा जा गिरी। इस दौरान साहिल और अनमोल कार के ही अंदर फंसे हुए थे।

घटना की सूचना पाकर राजगंज पुलिस की गश्ती बल के जमादार सीताराम प्रसाद और जवान मौके पर पहुंचे। इसी बीच मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। लेकिन व्यवस्था के अभाव के बावजूद पुलिस बल ने राहत कार्य शुरू किया। करीब आधा घंटा बाद एनएचएआई का क्रेन पहुंचा। रस्सी, रड, गैयंता व बांस बल्ली के जरिए क्रेन की मदद से पहले गाड़ी को सीधा किया गया। फिर दरवाजा तोड़कर दोनों युवकों का शव बाहर निकाला गया।

पुलिस ने दोनों युवकों का शव एम्बुलेंस से धनबाद एसएनएमसीएच भेज दिया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना आखिर कैसे हुई। चलती कार अचानक अनियंत्रित कैसे हुई क्या किसी अन्य वाहन से टक्कर हुई घटना के पीछे कार रेसिंग या ओवरटेक या अन्य कोई बात है ऐसे कई प्रश्न चर्चा का विषय है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों युवक अहले सुबह घर से निकलकर तोपचांची बारह नंबर अवस्थित एक चर्चित रेस्टोरेंट जा रहे थे। लेकिन, इसे लेकर परिवार की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है।

## एसईआर क्षेत्र में बिछाई जाएंगी 12 नई रेल लाइनें, 5 हैं स्पेशल प्रोजेक्ट

**जमशेदपुर, एजेंसी।** दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्र में 12 नई रेल लाइनों को रेलवे बोर्ड से स्वीकृति मिली है, जिनमें पांच को स्पेशल रेलवे प्रोजेक्ट घोषित किया गया है। यह जानकारी जमशेदपुर निवासी शशांक शेखर स्वाई द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई थी, जिसके बाद प्रथम अपीलीय अधिकारी के माध्यम से विवरण प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2028 से 2030 तक विभिन्न नए सेक्शनों में रेल लाइन बिछाई जाएगी, जिससे न केवल ट्रैफिक दबाव कम होगा बल्कि यात्रियों की सुविधा भी बढ़ेगी।

इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से हावड़ा-मुंबई और हावड़ा-चेन्नई जैसे व्यस्ततम मार्गों पर ट्रैफिक का बोझ कम होगा और क्षेत्रीय संपर्क बेहतर होगा।



**प्रमुख स्वीकृत रेल लाइनें:**

**सांतरागाछी-पाशकुड़ा (चौथी लाइन):** फाइनल लोकेशन सर्वे और डीपीआर तैयार, पीईसी बैठकें हो चुकी हैं।

**खड़गपुर-टाटानगर (चौथी लाइन):** डीपीआर तैयार, रेलवे बोर्ड द्वारा बागडिही तक सिंगल डीपीआर का निर्देश।

**टाटानगर-राउरकेला (चौथी लाइन):** आदित्यपुर, राजखरसावां, बंडामुंडा सेक्शन शामिल; डीपीआर भेजी गई।

**राउरकेला-बागडिही (चौथी लाइन):** फाइनल सर्वे व डीपीआर पूर्ण।

**बागडिही-झारसुगुड़ा (चौथी लाइन):** टेंडर प्रक्रिया पूर्ण, श्री बालाजी इंजीनियरिंग लिमिटेड को कार्य सौंपा गया।

**स्पेशल रेलवे प्रोजेक्ट्स**

**सिल्ली-इलू बाइपास:** टेंडर प्रक्रिया पूरी, मार्च 2027 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य।

**बदामपहाड़-केंदूझारग्राम:** भूमि अधिग्रहण व टेंडर प्रक्रिया जारी।

**गोरुमोहिषानी-बंगारपोशी:** एल-सेक्शन फाइनल, भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया प्रगति पर।

**चाकुलिया-बुड़ामारा:** जांच के बाद स्पेशल प्रोजेक्ट घोषित, भूमि अधिग्रहण जारी।

**जलेश्वर-चंद्रेश्वर:** विभिन्न स्तरों पर बैठकें पूरी, रिवाइज पीपीटी और खर्च विवरण रेलवे बोर्ड को सौंपा गया।

**अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं:**

नीमपुरा-खड़गपुर (थर्ड लाइन, 6.41 किमी): अनुमानित लागत 157.86 करोड़। हावड़ा-मुंबई व हावड़ा-चेन्नई रूट में सबसे अधिक ट्रैफिक होने के कारण नया थर्ड लाइन तैयार किया जा रहा है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 05-07-2025 21:21 Page 1



# भीड़ ने युवक को पीट-पीटकर कर मार डाला

**▸ चेन छीनकर भाग रहा था युवक ▸ परिजनों ने लगाया साजिशन हत्या का आरोप ▸ पुलिस कर रही मामले की तफ्तीश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में शनिवार सुबह भीड़तंत्र का भयावह चेहरा सामने आया। गांव में एक महिला से सोने की चेन छीनकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसकी मौके पर ही पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, जैसे ही महिला ने शोर मचाया, आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए और भाग रहे युवक को पकड़ लिया। इसके बाद लोगों ने उसे लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



सूचना मिलते ही महुआ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि मृतक के परिजनों ने इस घटना को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने बताया कि मृतक चोर नहीं था, बल्कि वह अपने घर में पहले काम करने के एवज में बकाया लगभग 75,000 रुपये लेने के लिए चांदपुर गांव बुलाया गया था। वहीं बुलाकर उसकी साजिशन हत्या की गई और फिर शव को आरोपियों ने अपने ही दरवाजे पर फेंक दिया।

मृतक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी बंगाली पासवान के 35 वर्षीय पुत्र के रूप में हुई है। महुआ थाने के पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले में जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही पीड़ित पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त होगा, वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## नशीला स्प्रे छिड़ककर ट्रेन में लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सहरसा।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के बड़ी दुर्गा स्थान गली के वार्ड संख्या 26 निवासी बेबी कुमारी का सामान ट्रेन में यात्रा के दौरान चोरों ने चोरी कर लिया। पीड़िता ने बताया कि सहरसा से वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच संख्या एम वन में सवार होकर नई दिल्ली किसी काम से जा रही थी। इसी दौरान जैसे ही वह कानपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची की आधा दर्जन से अधिक चोर ट्रेन के कोच में घुस गए और कुछ नशीले पदार्थों का स्प्रे कर दिया। जिसके बाद उसे नींद आ गई और वह सो गई। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके पर्स सहित पर्स में रखे सोने की जेवरात, करीब दस हजार रुपए नगदी, एटीएम कार्ड सहित कई जरूरी कागजात लेकर फरार हो गए। बताया कि चोरों ने करीब दो लाख से अधिक रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। बताया कि चोरों ने कई लोगों को निशाना बनाया। पीड़िता ने रेल थाना दिल्ली में आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाई है।

# खनन विभाग की टीम पर हमला कर ट्रैक्टर छुड़ाया

### सैप जवान जख्मी, राइफल छीनने का प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के नकटपुरा चेकपोस्ट के पास बालू धंधेबाजों ने खनन विभाग की टीम पर हमला कर जब्त ट्रैक्टर और चालक को लेकर फरार हो गया। बदमाशों ने एक सैप जवान को जख्मी कर दिया। वहीं, दूसरे जवान से उनकी राइफल छीनने का प्रयास किया।

खान निरीक्षक इरफान ने घटना की प्राथमिकी बिहार थाना में दर्ज कराई है। जिसमें नकटपुरा निवासी बालेश्वर यादव के पुत्र वीरन यादव, स्व. रामजी यादव के पुत्र मनोज यादव, मुरौरा निवासी विनोद पुत्र शंभू कुमार और मानपुर थाना क्षेत्र के लोटन गांव निवासी चालक नवलेज को आरोपित किया गया है।

आरोपों में खान निरीक्षक ने बताया कि अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को चालक के साथ जब्त कर, उसे बिहार थाना लाया जा रहा था। उसी दौरान नकपटपुरा के पास बाइक व कार सवार पांच बदमाशों ने हमला कर दिया।

ट्रैक्टर पर बैठे सैप जवान सुमन कुमार को धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया। जिसे वह जख्मी हो गए। दूसरे जवान सविन्द्रनाथ झा से बदमाशों ने उनका हथियार छीनने व उन्हें वाहन से कुचलकर मारने का प्रयास किया।

थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी में जुट गई है।

## जुलूस निकालने के दौरान दो पक्षों मे मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** बरियारपुर थाना क्षेत्र की खालिकनगर गौडीहार पंचायत में चौकी के जुलूस निकालने के दौरान दो पक्षों मे मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं । घायलों का इलाज निजी नर्सिंग होम में कराया गया है।

घटना की सूचना पर एसएसपी, ग्रामीण एसपी, डीएसपी पूर्वी, एसडीओ समेत सकरा एवं बरियारपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर कैम्प कर रही है। एसएसपी गौडीहार के मुखिया संजय कुमार को घटनास्थल से थाना पूछताछ के लिए ले गए हैं। घटना को लेकर गांव में तनाव है। पुलिस कैंप कर रही है।

## नियुक्ति पत्र पाकर खिले युवाओं के चेहरे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** कुढ़नी प्रखंड के महंत मनियारी एस्टेट परिसर में शनिवार को आगा खान रूरल सपोर्ट प्रोग्राम इंडिया (एकेआरएसपी इंडिया) एवं इन्फोसिस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जाने-माने शिक्षाविद डॉक्टर विजय कुमार शर्मा एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शशि रंजन सिंह ने संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय युवा उत्साहपूर्वक उपस्थित हुए। मेले में देश की नामचीन टाटा मोटर्स (गुजरात), वेस्टर्न रेफ्रिजरेशन (गुजरात), फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस (बिहार), श्नाइडर इलेक्ट्रिक (बेंगलुरु) एवं इंडो एमआईएम (बेंगलुरु) जैसी कंपनियों ने भाग लिया।

इस आयोजन के सफल संचालन में एकेआरएसपी इंडिया की टीम की भूमिका उल्लेखनीय रही। स्किल मैनेजर रजनी रंजन और प्लेसमेंट ऑफिसर कोमल रानी ने संचालन किया। इसके अलावा, अन्य सदस्यों में लोकेश कुमार, सरफराज, सत्य देव, सत्य प्रकाश, अभिजीत कुमार और सोनल ने बेहतर समन्वय से कार्यक्रम को संचालन किया।

इस मौके पर मानव संसाधन (एचआर) जितेंद्र कुमार शर्मा (वेस्टर्न रेफ्रिजरेशन) और विनोद कुमार (फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस) प्रतिनिधि के रूप में विवेक कुमार सिंह उपस्थित रहे।

इस रोजगार मेले के आयोजन में कुढ़नी प्रखंड के लोकप्रिय युवा नेता शशि रंजन सिंह की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उन्होंने युवाओं को सही अवसरों से जोड़ने, मार्गदर्शन देने और कंपनियों के समन्वय में सक्रिय सहयोग किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को स्वरोजगार एवं निजी क्षेत्र में संभावनाओं से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं।

# 29 अगस्त को पाकिस्तान की टीम उतरेगी बिहार की धरती पर

### बिहार पर रहेगी देश की नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के राजगीर में खेली जाने वाली हीरो एशियन पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में पाकिस्तान भी भाग लेगा। पड़ोसी देश को शामिल होने के लिए भारत के विदेश मंत्रालय से मंजूरी मिलने के साथ ही 29 अगस्त से आयोजित प्रतियोगिता का रोमांच खेल से पहले सातवें आसमान पर पहुंच गया है। यह दूसरा अवसर होगा, जब पाकिस्तान की टीम बिहार में खेलने उतरेगी।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने बताया कि गुरुवार को पाकिस्तान की 31 सदस्यीय टीम को एशियन पुरुष हॉकी में भाग लेने के लिए विदेश मंत्रालय से मंजूरी मिल गई। हाकी इंडिया ने इस जानकारी पर मुहर लगाई है। प्रतियोगिता में पाकिस्तान टीम के शामिल होने के लिए वीजा की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। 29 अगस्त से सात सितंबर तक प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

अगर हीरो एशियन पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में पाकिस्तान भाग लेता है, तो यह दूसरा अवसर होगा, जब पड़ोसी देश की टीम बिहार आएगी। टेनिस प्रशिक्षण कुणाल ऐकत ने बताया कि इसके पहले वर्ष 1970 के मार्च में पाकिस्तान की टीम टेनिस मैच खेलने राजधानी आई थी। न्यू पटना क्लब में खेले गए डेविस कप मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-1 से पराजित किया था। उस वक्त भारत के जयदीप मुखर्जी-प्रेमजीत लाल की जोड़ी ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।



भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पटना के अजितेश राय ने कहा कि एशियन पुरुष हाकी में भारत की जीत की दावेदारी प्रबल है। पेरिस ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली देश की टीम से पाकिस्तान भिड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत रैंकिंग में आठवें, तो पाकिस्तान 15वें स्थान पर है। ऐसे में महिलाओं की तरह पुरुष भी खिताब भारत के सिर सजाएंगे।

हॉकी एसोसिएशन बिहार के सचिव राणा प्रताप ने कहा कि जिस राज्य में एक नेशनल नहीं होता था, वहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन हो रहे हैं। खेल विभाग एवं डीजी रवींद्रण शंकरण की बदौलत बिहार में खेल क्रांति का उदय हुआ है। राजगीर की वादियों में भारत-पाक मैच के दौरान देश की नजर बिहार पर रहेगी। भारतीय महिला हाकी टीम के कोच छपरा के हरेंद्र सिंह हैं, उम्मीद है देश के लिए जल्द बिहार का खिलाड़ी खेलेगा।

## हज यात्रा बेहद पवित्र और अनूठा अनुभव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिले के 138 से ज्यादा हाजियों ने हज का फर्ज अदा करने मक्का गए और अब हज अदा करने के बाद जिले का काफिला बीते कुछ दिनों से अपने घर वापस आने का सिलसिला शुरू हो गया है। जहां कलकत्ता वो गया जी एयरपोर्ट में उतर कर सीधे अपने घर अररिया जिला वापस लौट आए हैं । हाजियों के घर लौटने पर उनके मिलने जुलने वालों में उनका स्वागत किया गया और उनसे जिले और गांव में अमन चैन के लिए दुआ करने की गुजारिश की। हज का अरकान पूर्ण करके वापस वतन लौट आए सिटी हॉस्पिटल के निदेशक हाजी मो इसराइल साहब ने बताया कि अलहम्दुलिल्लाह पूरा सफर बहुत ही अच्छा रहा ,उन्होंने कहा कि हम लोगों ने मक्का और मदीना शरीफ में पूरे मुल्क में अमन चैन और सबके लिए तरक्की और खुशहाली की दुआएं की और सभी की ओर से जनाब हजरत मोहम्मद स० के सामने दरूद वो सलाम पेश किया। वही उन्होंने ने कहा कि कुरआन का असल रूप प्रायोगिक तौर पर सऊदी अरब में ही देखने को मिल जाता है ।उन्होंने कहा कि एक हाजी को हज के बाद बहुत ही पाद जिंदगी , पाक साफ सुथरी और दीन पर अमल करके जिंदगी गुजारनी चाहिए, क्योंकि हज के बाद हाजी से हर कोई उम्मीद करता है कि उसके अंदर रूहानी इंकलाब आए। वह हज के बाद उसकी जिंदगी में बदलाव नुमाया होनी चाहिए। अगर कोई हाजी हज के बाद भी ऐसी जिंदगी गुजारता है, जिसमें दीन की पाबंदी ना हो ,तो लोग उसे बहुत खराब नजर से देखते हैं। हाजी से अल्लाह ताला यह कहता है कि ए बंदे तूने अपना सबकुछ घर बार, वतन अपनी औलाद मेरी वजह से छोड़ा है, तू जो मांगेगा, मैं दूंगा। मक्का मुकर्रमा और मदीना मुनव्वरा में जगह-जगह फरिश्ते हाजियों का इस्तकबाल करते हैं। अल्लाह की रहमत उनपर न्योछावर करते हैं।

# शिकायत पर भड़के विधायक, वीडियो वायरल

### विधायक ने दी सफाई, लोग दे रहे प्रतिक्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली के लालगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक संजय सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो शुक्रवार का बताया जा रहा है, जब विधायक भगवानपुर बाजार में जलजमाव की समस्या का समाधान करने पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, बारिश के बाद भगवानपुर बाजार की सड़कों पर पानी भर जाने से स्थानीय लोग परेशान हैं। इसी समस्या को लेकर जब विधायक मौके पर पहुंचे, तो कुछ स्थानीय लोगों ने अस्थायी समाधान पर आपत्ति जताई और स्थायी समाधान की मांग करने लगे। इस पर विधायक गुस्से में आ गए और अपनी गाड़ी से उतरते हुए कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि हल्की बारिश के बाद भी इलाके में पानी भर जाता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। इसको लेकर कुछ दिन पहले भी बाजार में प्रदर्शन हुआ था। शुक्रवार को विधायक ने नगर परिषद हाजीपुर से गाड़ी मंगवाकर पानी निकालने का अस्थायी प्रयास किया, लेकिन लोगों की मांग थी कि स्थायी व्यवस्था की जाए।



इस पूरे मामले में विधायक संजय सिंह का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा, ₹भगवानपुर बाजार में जलजमाव और सड़क निर्माण को लेकर मैं खुद पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और अन्य अधिकारियों के साथ वहां पहुंचा था। जब समाधान के लिए चर्चा हो रही थी, तभी कुछ हुल्लड़बाज जो गिने-चुने 3-4 लोग हैं, उन्होंने काम में बाधा डालने की कोशिश की।

विधायक ने आगे कहा कि इन लोगों की मंशा है कि इलाके में कोई काम न हो ताकि वे विरोध करते रहें। उन्होंने साफ कहा कि भगवानपुर की जनता के लिए जो भी काम होगा, वह होगा। हुल्लड़बाजी नहीं चलेगी। फिलहाल सोशल मीडिया पर यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है, और लोग घटना को लेकर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। प्रशासन इस मुद्दे को लेकर सतर्क है और जलजमाव की स्थायी समस्या के समाधान पर आगे की कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

## शिव के गले से नाग की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** एसएम कालेज रोड चौराहे वाले बरारी थाने की पुलिस शिविर के पास की मंदिर से चोर भाले शंकर के गले में लिपटा नाग चुरा कर पुलिस के इकबाल को चुनौती दे दी है। गुरुवार की दोपहर हुई चोरी की वारदात सीसी कैमरे में कैद हो गई है। मंदिर में भोले शंकर, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान के अलावा दुर्गा महारानी की मूर्ति स्थापित है।

बीते दिन मंदिर का मुख्य द्वार पूजा के लिए खुला था। उस दौरान पंडित सुमित कुमार झा मंदिर में नहीं थे। पुलिस शिविर के सामने मौजूद मंदिर के मुख्य द्वार से चोर प्रवेश कर भगवान भोले शंकर के गले में लिपटा पांच किलोग्राम अष्टधातु से बना नाग को चुरा लिया। चोरों ने मंदिर के अंदर दुर्गा महारानी की मूर्ति पर सोने का मुकुट और सोने का नथ धारण है।

इससे पहले इस मंदिर में दुर्गा माता की मूर्ति को पांच माह पूर्व सोने की बनी मांग टीका और सोने की हार के चोरी हो जाने के बाद उसमें सुरक्षा के लिए पट लगा दिया गया है। जिसमें लॉक लगे होने के कारण चोर सोने की मुकुट और नथ चोरी नहीं कर सके। चोरी के समय पुलिस शिविर में जवान अंदर में आराम कर रहे थे।

# पंचायत समिति सदस्य के पति को बदमाशों ने मारी गोली

### पूर्व में भी हो चुका है हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बेखौफ नजर आए। रोसड़ा थाना क्षेत्र के बटहा पंचायत में शनिवार सुबह मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचे पंचायत समिति सदस्य (पंसस) के पति सुरेश प्रसाद सिंह को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के पीछे जेल से मांगी गई तीन लाख रुपये की रंगदारी को वजह बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेश प्रसाद सिंह मनरेगा योजना के तहत मजदूरों से कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार अपराधी मौके पर पहुंचे और बिना किसी बातचीत के फायरिंग शुरू कर दी। गोली सुरेश सिंह के दाहिने हाथ में लगी है। घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घायल सुरेश सिंह ने बताया कि पहले भी उनके घर पर फायरिंग की घटना हो चुकी है, जिसकी लिखित शिकायत थाने में दी गई थी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि जेल में बंद कुख्यात अपराधी मनिया ने उनसे तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। समय पर रकम नहीं देने पर यह हमला किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही रोसड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। पंचायत क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से लोगों में दहशत का माहौल है और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## जीजा-साला गैंग का उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिवान।** साइबर थाना पुलिस ने दिल्ली के उत्तम नगर में एक कॉल सेंटर के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों के 150 से अधिक लोगों को ठगने वाले जीजा-साला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना अजीत मांझे स्नात्कोतर है। वह कॉल सेंटर में भी काम कर चुका है। जबकि उसका साला विकास बैंकिंग सेक्टर में नौकरी कर चुका है। अजीत वाइस चेंजर के माध्यम से महिला की आवाज में लोगों से बात कर उनके डाटा एकत्र करता था। उसके बाद साले विकास और गैंग से जुड़े दो अन्य साथी संदीप व संजय को देता था। आरोपितों ने बिहार में ही कुछ लोगों के अकाउंट खुलवाए थे, जिसके माध्यम से वह दूसरों के खाते से रुपये ट्रांसफर करते थे। आरोपितों की पहचान बिहार के छपरा जिला के गांव खिजूरी के रहने वाले अजीत मांझे, सिवान जिले के गांव जगतपुरा के रहने वाले विकास एवं दिल्ली के उत्तमनगर के रहने वाले संदीप व संजय के रूप में हुई है। अजीत मांझे को छोड़कर गिरोह के शेष तीनों सदस्य बैंकिंग सेक्टर में काम कर चुके हैं।

दरअसल, 29 मई को रेवाड़ी के गांव फिदेड़ी के रहने वाले नितेश को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने अकाउंट से संबंधित जानकारी जुटा ली। इसके बाद उसे साले विकास, संदीप और संजय को दे दिया।

# फतेहपुर में हिन्दू परिवार दशकों से मनाते आ रहे हैं मुहर्रम का त्योहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फतेहपुर (गयाजी)।** हिन्दू स्वजन आस्था के साथ मुहर्रम का त्योहार मनाते हैं। हिन्दू इसे एक दो वर्ष से नहीं अपितु पीढ़ी दर पीढ़ी कई दशक से मनाते आ रहे हैं। इसे आप आश्चर्य जनक बातें नहीं माने। यह हकीकत है। फतेहपुर प्रखंड के विभिन्न गांव में आज भी 60 हिन्दू स्वजन पाक साफ के साथ मुहर्रम को मनाते आ रहे हैं।

ये वो गांव है, जहां एक भी मुस्लिम स्वजन नहीं है। आस्था में धर्म या जाति मायने नहीं रखता है। भारत की संस्कृति हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई भाई इसके लिए सदियों से काफी प्रसिद्ध रहा है। त्योहार किसी धर्म या जाति विशेष के लिए नहीं बना है। सब एक होकर भाईचारे के साथ मनाना त्योहार है।

आज भी सभी जाति धर्म के लोग आपसी भाई चारा के बीच त्योहार को मनाते हैं। यह आस्था आज भी फतेहपुर प्रखंड के विभिन्न गांव में देखने को मिल रही है। आज भी आस्था पर धर्म हावी नहीं हो सका है। प्रखंड के 60 हिन्दू स्वजन मुहर्रम का त्योहार कई दशक से मनाते आ रहे हैं, और ताजिया का भी निर्माण करते आ रहे हैं।

प्रखंड में मुहर्रम का त्योहार मनाने के लिए 106



कमेटी द्वारा लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन जमा किया गया है, जबकि पिछले वर्ष मुहर्रम के 167 लाइसेंस निर्गत हुए थां। जिसमें 60 लाइसेंस हिन्दू के नाम से बने थे। इस वर्ष भी हिन्दू स्वजन मुहर्रम में शामिल होंगे।

गदहियाटाड़ में रोहन राजवंशी, जेहलीबीघा में राम चरण चौधरी, बहेरा में योगेंद्र पासवान, मोरवे में राजनंदन पंडित, मतासो में रामधनी पंडित, कोड़या में दशरथ यादव, भागीरथ प्रसाद यादव व रामदेव शर्मा, भगवानपुर में हरि चौधरी, फरका में प्रकाश चौधरी, खजूरी में सरजू चौधरी, केंदुआ में लखन चौधरी, रक्सी में जगदीश चौधरी, मेयारी में बगुला चौधरी, सतनियां में सुखदेव राम, केवाल में रविंद्र मिस्त्री, सलैयाखुर्द में कपिल भुइंया, राजाबीघा में किशोरी सिंह, पतेया में नरेश पंडित, मतासो में रामधनी पंडित, पकरिया, जसपुर, मेयरी गांव में हिंदू परिवार मुहर्रम को मनाते है। साथ ही ताजिया भी बनाते है। ताजिया जुलूस का लाइसेंस भी अपने नाम से लेते हैं।

पतेया निवासी नरेश पंडित ने बताया कि हमारी कई पीढ़ी मुहर्रम में शामिल होती आ रही है। मेरे गांव में कोई मुस्लिम परिवार नहीं है। गांव में इमामबाड़ा पूर्वज द्वारा बनाया हुआ है। हमारे पूर्वज के उपर संकट आ गया था। उस वक्त मान्यता के अनुसार, संकट से बचने के लिए इमामबाड़ा के पास जाकर दुआ मांगी थी। दुआ मांगने से संकट दूर हो गया। तभी से पूर्वज आस्था के साथ मुहर्रम मनाते आ रहे हैं। प्रखंड में लगभग सभी हिन्दू स्वजनों की यही कहानी है। जिसे लोग आस्था पर विश्वास रखते हुए आज निभाते आ रहे हैं।

## प्रतिभा सम्मान एवं रक्तदान शिविर

**अररिया।** मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया आरएस के प्रांगण में शनिवार को विद्यालय का स्थापना दिवस के अवसर पर 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मोहिनी देवी रुंगटा हॉस्पिटल में एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्रा, शिक्षक-शिक्षिका शिक्षककेतरकर्मी एवं नगर के गन्यमान व्यक्ति भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कटिहार राम कृष्ण मिशन के सचिव स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य शुभेंदु मुखर्जी, डॉ बी एन झा, नगर के उपमुख्य पार्षद गौतम कुमार साह ,प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के संचालिका उर्मिला बहन के अलावे कृपा शंकर द्विवेदी, बैंककर्मी संजय गुप्ता, विजय केडिया, राजेश अग्रवाल, राज प्रकाश भाटिया, सुशील गुप्ता आदि भी उपस्थित थे।

# अपराधियों का साफ्ट टारगेट बन रहे स्वर्ण व्यवसायी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले में इन दिनों आभूषण दुकानदार अपराधियों का साफ्ट टारगेट बनते जा रहे है। हाल के महीनों में करीब चार-पांच दुकानदारों से लूटपाट की घटनाएं घटित हुई है।

जिसमें तीन आभूषण दुकानदार है। पुलिस एक गुत्थी को सुलझाने में लगी हुई थी कि बदमाशों ने पुनः दूसरी व तीसरी घटना को अंजाम देकर सकते में डाल दिया है।

हालांकि, सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी अपराधियों का सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस तकनीकी सूत्र एवं फुटेज के आधार पर कांडों के उद्भेदन के प्रयास में लगी है। लेकिन, अभी तक उपलब्धि शून्य है।

वैसे, पुलिस गैंग तक पहुंचाने के लिए लगातार तकनीकी सूत्र की मदद ले रही है। इसके लिए एसपी के निर्देश पर डीआईयू टीम को भी अलग से लगाया गया है। नए एवं पुराने गिरोह की ओर भी शक की सूई घूम रही है।

13 जून 2025 को चरपोखरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर सेमरांव गांव के समीप हथियार बंद अपराधियों ने एक आभूषण व्यवसायी प्रीतम कुमार के पास से ढाई लाख रुपये नकद एवं करीब 28 ग्राम जेवरात लूट लिए थे।

अपराधी दो अलग-अलग बाइक पर चार की संख्या में थे जो वारदात को अंजाम देकर गड़हनी की ओर फरार हो गए थे। यह घटना तब घटित हुई थी जब स्वर्ण व्यवसायी आरा से वापस अपने घर चरपोखरी लौट रहे थे। ओवरटेक कर घटना को अंजाम दिए थे।

एक जुलाई 2025 को मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-सलेमपुर मुख्य मार्ग पर बखरिया-बभनौली गांव के बीच बगीचा के पास हथियार बंद बदमाशों ने सरेशाम एक स्वर्ण कारोबारी कमलेश कुमार सोनी की पिटाई कर उनके पास से करीब एक लाख रुपये के सोने के जेवरात एवं मोबाइल लूट लिया था। इसके बाद छीने गए मोबाइल को कुछ दूर आगे झाड़ी में फेंक फरार हो गए थे। अपराधी दो बाइक पर पांच की संख्या में थे। इसे लेकर स्वर्ण कारोबारी कमलेश कुमार सोनी ने संबंधित थाना में पांच अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। पुलिस फुटेज के जरिए क्लू पाने के प्रयास में है।

दो जुलाई 2025 को गीधा थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-बक्सर हाईवे पर ठीक गीधा ओवरब्रिज के समीप अपराधियों ने संतोष सागर नामक एक कारोबारी से करीब पांच लाख रुपये मूल्य के जेवरात लूट लिए थे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न कांडों में सात गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस ने विभिन्न कांडों में 7 अभियुक्तों की गिरफ्तारी किया है। इस दौरान पुलिस ने 28 वारंटों का निष्पादन किया है।अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज के दिशानिर्देश में चलाए गये वाहन जांच अभियान में यातायात समेत विभिन्न थाना की पुलिस ने 66 हजार रुपयों का जुमार्ना कुल 489 वाहनों के जांच के उपरांत लगाया गया है।वही एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि गैर सामाजिक गतिविधियों के रोकथाम के लिए जिले में लगातार सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है । इसके साथ ही लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है । शराब कारोबारी व शराबियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस निरंतर अभियान चला रही है ।ताकि पुलिस जिला में अमन चौन के साथ शांति व्यवस्था बहाल रहे।

### जनता दरबार में भूमि विवाद की हुई सुनवाई

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना परिसर शनिवार को आयोजित जनता दरबार में राजस्व अधिकारी नरकटियागंज अशोक कुमार राजस्व कर्मचारी लौरिया जयपाल कुमार तथा थाना अध्यक्ष विनय कुमार मौजूद रहे। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न जमीनी विवाद की सुनवाई की गयी। थाना अध्यक्ष विनय कुमार ने उपस्थित लोगों से मोहर्रम पर्व को देखते हुए शांति बनाए रखने की बात कही और कहा कि अगर कोई भी गड़बड़ी हुई तो किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाऐंप मौके पर थाना अध्यक्ष के साथ पीएसआई अमरजीत कुमार दरोगा विपिन कुमार सहित दर्जनों की संख्या में फरियादियों की भीड़ भूमि विवाद को लेकर उमड़ पड़ी थी।

### मोहर्रम को लेकर फ्लैग मार्च

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोहर्रम पर्व को लेकर रामनगर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च आईपीएस एएसपी दिव्यांजलि कुमारी के निर्देश पर निकाला गया। फ्लैग मार्च की शुरूआत रामनगर थाना परिसर से हुई जो थाना रोड, सरयू सिंह सुंदर चौक, भगत सिंह चौक, नरैनापुर रोड, मेघवल मठिया, फुलकौल, हरपुर, हिन्द चौक, पुरानी बाजार होते हुए बेला गोला, हरिनगर, डैनमरवा, मुडेरा, जोगिया समेत अन्य प्रमुख गांवों से होकर गुजरा।मार्च में पुलिस के चारपहिया वाहन और बाइक सवार जवान शामिल थे। प्रशासन ने आमजन से मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। इस अवसर पर सीओ वेद प्रकाश, इंस्पेक्टर ललन कुमार, थानाध्यक्ष दीपक कुमार, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक सदाकांत शुक्ल, औबेदुरहमान, समाजसेवी तबरेज आलम, एसआई पूजा कुमारी, नेहा कुमारी, संजय कुमार गोंड, दीनदयाल प्रसाद, राजीव कुमार, अशोक कुमार मिश्र, राजेश कुमार, शंकर चौधरी सहित बड़ी संख्या में पुलिस और महिला बल तैनात रहे।

### जिंगल के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण का संदेश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए नगर निगम बेतिया की कचड़ा उठाव वाहनों को अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविंद्र, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, स्वीप कोषांग की प्रभारी वरीय उप समाहर्ता बेबी कुमारी, एवं उप नगर आयुक्त मो० शाहिद, ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वीप की नोडल पदाधिकारी बेबी कुमारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार राज्य में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का कार्य प्रारंभ हो चुका है।उक्त अभियान में आम नागरिकों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 से संबंधित जिंगल को नगर निगम की कचड़ा उठाव वाहन, ऑटोरिक्शा, वाहनों में 26 जुलाई तक प्रचार- प्रसार किया जायेगा, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण आदि कार्य एवं आम नागरिकों की अधिकतम सहभागिता हो सकें। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग की सदस्या मेरी आडलीन, राम इकबाल, संजय कुशवाहा, राजीव रंजन, नंदू महतो सहित अन्य शामिल हुए।

### गहन पुनरीक्षण का विरोध कर माले ने निकाला जुलूस

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जुलूस निकाल कर मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य का माले कार्यकताओं ने विरोध किया है। बगहा में भाकपा माले (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी) के कार्यकताओं ने प्रतिरोध जुलूस निकालकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग के फैसले का विरोध जताया।प्रदर्शन कर माले कार्यकताओं का आरोप है कि सरकार आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नई वोटर लिस्ट तैयार करवा रही है, जिससे करोड़ों लोगों के नाम मतदाता सूची से हट सकते हैं। कार्यकताओं का कहना है कि लोकसभा और पिछले विधानसभा चुनाव जिस वोटर लिस्ट से कराए गए थे, उसी सूची को आधार बनाकर आगामी चुनाव भी कराया जाना चाहिए। ताकि किसी मतदाता का नाम छूटने की आशंका न रहे। माले कार्यकताओं का प्रतिरोध जुलूस शहर के अनुमंडल मुख्यालय से निकल कर मुख्य सड़क होते हुए प्रखंड कार्यालय और अनुमंडल कार्यालय तक पहुंचा।

# चुन्नीलाल हत्याकांड में पत्नी समेत दो गिरफ्तार



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पर्वतिया टोला निवासी चुन्नीलाल राम हत्याकांड में पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत दो को गिरफ्तार किया है। एसपी डा. शौर्य सुमन ने बताया कि चुन्नीलाल हत्या कांड में विशाल कुमार पटेल एवं मृतक की पत्नी चांदनी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की तड़के बेतिया बरवतलच्छु के रास्ते में एक युवक का शव बरामद किया गया। जिसकी हत्या कर शव को यहां लाकर फेंक दिया गया था। घटनास्थल के निरीक्षण के बाद मामले के खुलासा के लिए एसडीपीओ विवेक दीप के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल, मानवीय सूचना एवं मृतक के परिजनों के साथ पुछताछ व तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना के 24 घंटे के भीतर हीं हत्याकांड का खुलासा कर लिया। इसमें पुलिस ने मृतक की पत्नी चांदनी व जगदीशपुर के पकड़िया निवासी विशाल कुमार पटेल को हिरासत में लेकर पुछताछ की। पुछताछ के क्रम में विवेक ने अपना अपराध कबुल करते हुए इस हत्याकांड को अंजाम देने की बात स्वीकार की। एसपी ने बताया कि चुन्नी लाल की पत्नी चांदनी ने हीं विशाल से मिलकर चुन्नी लाल की हत्या को अंजाम दिया है। एसपी ने बताया कि विशाल कुमार ने जमीन खरीदने के लिए चुन्नीलाल से 31 लाख रुपया लिया था। लेकिन उसने जमीन मालिक को 11 लाख रुपया हीं अभी भुगतान किया था। शेष 20 लाख रुपया को गबन करने के नियत से एक राय होकर चांदनी व विशाल ने साजिश के तहत चुन्नीलाल को बुलाकर उसकी हत्या कर दी। और शव को लेजाकर बरवत लच्छु के रास्ते में फेंक दिया। विशाल का चुन्नी लाल की पत्नी चांदनी से नाजायज संबंध है। विशाल के निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त गमछा, शव को ले जाने में प्रयुक्त चार पहिया वाहन, खुन लगा विशाल का पैंट भी बरामद किया है। गठित टीम में एसडीपीओ विवेक कुमार दीप के अलावे थानाध्यक्ष अवनीश कुमार, अपर थानाध्यक्ष प्रदीप राम, तकनीकी शाखा प्रभारी अखिलेश मिश्र, दारोगा अमरजीत सिंह, नीतीश मौर्य, तकनीकी शाखा के दारोगा नरेश कुमार आदि शामिल रहे।

### भाकपा माले ने प्रखंड परिसर में किया विरोध प्रदर्शन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत भाकपा माले ने विरोध प्रदर्शन किया। भाकपा माले के नेताओ ने श्मताधिकार बचाओ, लोकतंत्र बचाओश के नारा के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को तत्काल वापस लेने की मांग की। भाकपा माले नेता केदार राम, सुरेश द्विवेदी, नजरे आलम, इब्राहिम मियां, सुभाष चौधरी, महंत दास, राघव ठाकुर आदि ने कहा कि नोटबंदी के बाद अब वोटबंदी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण गरीबों को उनके मताधिकार से वंचित करने की एक साजिश है।

# तीनों लौटे ताबूत में: पोखरे में डूबने से एक ही गांव के तीन मासूमों की दर्दनाक मौत

## मोरा पकवानटोला गांव में पसरा मातम, नहाने गए थे बच्चे, रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।



**सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मोरा पकवानटोला गांव में शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। नहाने के लिए पोखरे में उतरे गांव के तीन मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों की चीखें और ग्रामीणों की सिसकियाँ पूरे माहौल को गमगीन बना रही हैं।

**गहरे पानी में फंसते चले गए मासूम, एक-एक कर डूबे तीनों**

घटना शाम को उस समय हुई जब गांव के चेमनी के पास स्थित एक पोखरे में तीन बच्चे - बृजेश कुमार (8), अमन कुमार (10) और अजित कुमार- नहाने गए थे। जानकारी के अनुसार, तीनों ने कपड़े उतारे और पानी में छलांग लगा दी। लेकिन पोखरे की गहराई का अंदाजा न होने के कारण एक-एक कर तीनों बच्चे पानी में डूब गए।

**रातभर चला तलाशी अभियान, तड़के मिले तीनों के शव**

जब काफी देर तक बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। गांव वालों की मदद से तलाशी अभियान रातभर जारी रहा। करीब 2 बजे पहला शव मिला, जबकि बाकी दो बच्चों के शव सुबह 4 बजे बरामद किए गए। शव मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन बेसुध हो गए और हर आंख से आंसू बहने लगे।

**तीनों बच्चों के पिता किसान, गांव में पसरा सन्नाटा**

मृत बच्चों की पहचान बृजेश कुमार (पिताः पंकज यादव), अमन कुमार (पिताः हरिकिशोर यादव) और अजित कुमार (पिताः रंगीला यादव) के रूप में हुई है। तीनों ही सामान्य ग्रामीण परिवार से थे। हादसे की खबर मिलते ही भगवानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिवान सदर अस्पताल भेजा गया।

**स्कूल बंद, मातम का माहौल, ग्रामीणों ने उठाई सुरक्षा की मांग**

शनिवार सुबह गांव के सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया। बच्चों की मौत से गमगीन ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव के पोखरे के किनारे सुरक्षा दीवार बनाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और हर संभव सहायता का भरोसा दिया है।

**नहाने की लापरवाही, बन गई जिंदगी की सबसे बड़ी भूल**

गांव के बुजुर्गों का कहना है कि गर्मी के दिनों में बच्चे अक्सर पोखरे में नहाने चले जाते हैं, लेकिन गहराई और सुरक्षा को लेकर कोई ध्यान नहीं देता। इस हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

# पुनरीक्षण कार्य मे सभी प्रपत्रों की जांच कर एप्प पर करे अपलोड : एसडीओ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मतदाता सूची का गहन सर्वेक्षण व पुनरीक्षण के कार्य को पूरी सावधानी व तत्परता के साथ करना अति आवश्यक है। सभी प्रपत्र का मिलान करते हुए बीएलओ अपने एप्प पर अपलोड करेंगे। किसी भी प्रकार चूक होने पर निर्वाचन आयोग द्वारा को लेकर कैम्प लगाया गया है। कैम्प में बीएलओ सुपरवाइजर के रूप में राजस्व कर्मचारी, कार्यपालक सहायक, तकनिकी सहायक समेत अन्य विभाग के कर्मियो को प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं की जानकारी नही मिल रही है। वैसे मतदाताओं की जानकारी



संबंधित कर्मी के साथ कड़ी करवाई की जाएगी। उक्त बातें एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कही। वे शनिवार को प्रखंड परिसर स्थित विवाह भवन के पीछे गोदाम में गणना पत्र अपलोड को लेकर आयोजित कैम्प का निरीक्षण कर रहे थे।

एसडीओ ने इस दौरान कैम्प सभी कर्मियो की उपस्थिति व कार्य को लेकर बीडीओ से आवश्यक जानकारी ली। कैम्प में कुल 27 टेबल लगाया गया है सभी टेबल पर चार-चार कर्मियो की प्रतिनियुक्ति की गई है। हालांकि कर्मियो को बढ़ने पर अतिरिक्त टेबल भी लगाया गया। कर्मियो द्वारा बीएलओ के माध्यम से आये सभी गणना प्रपत्रों की जांच कर उसे बीएलओ एप्प पर अपलोड गया। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि मतदाता सूची गहन सर्वेक्षण कार्य वोटर लिस्ट से ढूंढ कर किया जाएगा। बीडीओ ने ये भी बताया कि कैम्प में बिना सूचना के कार्यपालक सहायक सचेन्द्र कुमार अनुपस्थित रहे है। उनके विरुद्ध करवाई व वेतन कटौती के लिए वरीय अधिकारी को लिखा जा रहा है।

खबर लिखे जाने तक कैम्प के माध्यम से करीब छह हजार गणना प्रपत्रों को एप्प पर अपलोड किया जा चुका था। मौके पर बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रूपेश कुमार, बीईओ राजेश कुमार यादव,जेएसएस अनिल कुमार सिंह,नप ईओ उपेन्द्र कुमार सिन्हा,के अलावा पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, तकनीकी सहायक,आवास पर्यवेक्षक, स्व्च्छता पर्यवेक्षक, कृषि समन्वकयक, बीएलओ आदि कर्मी उपस्थित रहे।

### 9 जुलाई की आमहड़ताल की सफलता को लेकर बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक की बैठक बलिराम भवन के सभागार में बेनू देवी, लालबाबु राम, सुनील राम, राजेन्द्र साह, विनय कुमार की अध्यक्ष मंडली में सम्पन्न हुआ। जिसमें आशा, रसोईया, सेविका सहायिका, ऐम्बुलेंस कर्मी, खेतमजदूर यूनियन के लोग भाग लिए। बैठक में 9 जुलाई के राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। एटक प्रभारी ओम प्रकाश क्रांति ने 9 जुलाई के हड़ताल के मुद्दों एवं अहमियत पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पूर्व के सभी 44 श्रम कानूनों को निरस्त कर चार श्रम संहिता मजदूरों पर थोप दी है। नियोजकों एवं अफसरशाहों के पक्ष में है। केन्द्र सरकार लगातार किसानों मजदूरों से वादाखिलाफी करती आ रही है। देश में नौकरी के अवसरों में कमी होने से बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। असंगठित क्षेत्र के मजदूर एवं कर्मियों को पेट भरने लायक भी मानदेय या प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पा रहा है, इसलिए देश के 17 करोड़ से ज्यादा मजदूर 9 जुलाई को काम बंद कर सडकों पर उतर कर सरकार की गलत नीतियों का विरोध करेंगें।

### मताधिकार बचाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत भाकपा माले ने निकाला विरोध मार्च

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनाव आयोग के विशेष मतदाता सूंची पूंर्निरीक्षण के खिलाफ अपने राज्यव्यापी मताधिकार बचाओ-लोकतंत्र बचाओ जन अभियान के तहत भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विरोध मार्च निकाली। विरोध मार्च प्रखंड के थाना चौक से शुरू होकर स्टेट बैंक, गौनाहा बाजार , हॉस्पिटल ,अंबेडकर पार्क होते हुए प्रखंड मुख्यालय आकर मार्च सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता माले नेता लालजी यादव व संचालन नंदकिशोर महतो ने किया। सभा को संबोधित करते हुए माले नेता लालजी यादव ने कहा कि बिहार में हार से बौखलाकर एनडीए सरकार ने चुनाव आयोग का सहारा लिया है।

### विधवा मामी को शादी का झांसा देकर भांजे ने किया यौन शौषण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के एक गांव में सगे भांजे ने अपनी ही विधवा मामी को शादी का झांसा दे अपने हवश का शिकार बना लिया है। मामी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित भांजे को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार भांजे की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है। प्राथमिकी में मामी ने आरोप लगाया है कि महिला के पति के मरने के बाद उसका भांजा बराबर उसके घर आने जाने लगा। उसके सुख दुख में काम आने लगा। इस दौरान उसने उसका यौन शोषण भी किया। उसके बाद भांजे ने उससे शादी का ऑफर दिया। वह भी राजी हो गई।उसके बाद महिला के साथ शारीरिक संबंध बना लिया। 6 साल तक दोनों रिलेशनशिप में रहे। करीब डेढ़ साल पहले भांजे ने उससे कहा कि दुसरी पत्नी के रूप में उसे रखा जाएगा और गांव की जमीन भी उसे बेचनी पड़ेगी। महिला झांसे में उसे जमीन के कागजात दे दिया।

# बड़हरिया पावर स्टेशन में हंगामा : कनीय अभियंता का पुतला फूंका, सड़क जाम

## बिजली विभाग की लापरवाही से गुस्साए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, अधिकारियों ने खुद को कमरे में किया कैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।



**सिवान।** बड़हरिया में बिजली विभाग की लापरवाही, खुले तारों से हो रही लगातार घटनाएं और अधिकारियों की अनदेखी से आजिज आकर शुक्रवार को पकड़ी सुल्तान और हबीबपुर के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीण बड़ी संख्या में बड़हरिया पावर स्टेशन पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने पावर स्टेशन का गेट बंद कर खुद को कमरे में कैद कर लिया। इससे नाराज ग्रामीण और उग्र हो गए।

**खुले तार की चपेट में युवक झूला, मवेशियों की भी गई जान**

जानकारी के मुताबिक, पकड़ी सुल्तान गांव में श्याम बहादुर नामक युवक नंगे बिजली के तार की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। इसी करंट से एक गाय और एक बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने बार-बार बिजली विभाग के कनीय अभियंता को कॉल किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**गेट बंद कर छिपे अधिकारी, सड़क पर उतरे ग्रामीण**

बिजली विभाग की अनदेखी से गुस्साए ग्रामीणों ने बड़हरिया पावर स्टेशन का घेराव किया। जब अधिकारियों ने उनसे मिलने से इनकार करते हुए गेट बंद कर लिया, तो ग्रामीणों ने बड़हरिया-तरवारा मुख्य पथ को जाम कर दिया। देखते ही देखते दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

**सड़क पर पुतला फूंका, लगाए गए जोरदार नारे**

घंटे भर तक सड़क जाम करने के बाद आक्रोशित युवकों ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने विभाग पर उदासीनता और गैरजवाबदेही का आरोप लगाया।

**पूर्व मुखिया के समझाने पर शांत हुआ मामला**

स्थिति बिगड़ती देख बिजली विभाग की ओर से पूर्व मुखिया बीरेंद्र प्रसाद को ग्रामीणों से बातचीत के लिए भेजा गया। उन्होंने युवकों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया और बिजली विभाग की ओर से कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**पहले भी हो चुकी है मौत, तब भी नहीं चेता विभाग**

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही बड़हरिया थाना के पास 11 हजार वोल्ट की तार की चपेट में आने से एक टेंपू चालक की मौत हो गई थी। उस समय भी काफी बवाल हुआ था। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़हरिया के कनीय अभियंता किसी का फोन नहीं उठाते और किसी भी समस्या को गंभीरता से नहीं लेते।

# पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के छोटे भाई पंचतत्व में विलीन

## शव यात्रा में राजनेताओं व गणमान्य लोगों की उमड़ी भीड़



**छपरा/मशरक (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के छोटे भाई और बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के बड़े भाई, छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह के चाचा तथा युवराज सुधीर सिंह के पिता दीनानाथ सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव मशरक में गमगीन माहौल में किया गया। उनके निधन की खबर मिलते ही शनिवार की सुबह उनके मशरक बड़हिया टोला स्थित आवास से हजारों लोगों की उपस्थिति में शव यात्रा निकाली गई। अंतिम यात्रा में परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के हजारों लोगों ने शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और अंतिम विदाई दी। बता दें कि दीनानाथ सिंह बीते छह माह से बीमार चल रहे थे और हजारीबाग जेल में सजा के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही शव उनके गांव लाया गया। पैरोल पर छूट कर आए उनके बड़े भाई और पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह भी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। शव यात्रा में सारण, छपरा, सीवान, गोपालगंज, पटना सहित झारखंड के कई राजनेता, जनप्रतिनिधि, मुखिया, प्रखंड प्रमुख, पूर्व जिला पार्षद, शिक्षक, व्यवसायी और समाजसेवी शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। साधारण परिवार में जन्मे दिवंगत दीनानाथ सिंह के पिता बासुदेव सिंह टायर गाड़ी चलाकर और खेती-बाड़ी से जीवन यापन करते थे। चार भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर रहे दीनानाथ सिंह ने वर्ष 1977 में उच्च विद्यालय मशरक से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वर्ष 1980 से उन्होंने अपने बड़े भाई के साथ सामाजिक और राजनीतिक जीवन की शुरूआत की और 1985 के बाद सारण की राजनीति में किंगमेकर की भूमिका निभाते रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि उन्होंने सैकड़ों युवाओं को प्रेरित कर स्वावलंबी बनाया। जीवनभर अपने बड़े भाई प्रभुनाथ सिंह के साथ एक मजबूत स्तंभ की तरह खड़े रहे और परिवार को सामाजिक और राजनीतिक शिखर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। हत्या के आरोपों के बावजूद वे अंत तक अपने आदर्शों और परिवार के प्रति समर्पित रहे।

## बैरिया सीओ को दो हजार का जुर्माना

# मामला लोक शिकायत के मामले में लापरवाही का

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत पारित आदेशों का अनुपालन नही करने के मामले में बैरिया के सीओ को अपीलीय पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दो हजार का अर्थदंड लगाया है। जिलाधिकारी सह अपीलीय पदाधिकारी ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत कुल नौ परिवादों की सुनवाई की । जिलाधिकारी के द्वारा परिवादी और लोक प्राधिकार की उपस्थिति में चन्दन शर्मा, मझौलिया, अशोक कुमार, बेतिया, कुमार मंजीत, बेतिया, मिन्हाजुद्दीन खान, बगहा-1, राजीव यादव, उत्तर प्रदेश, भागवत प्रसाद गुप्ता, बेतिया, सन्नी कुमार गुप्ता, बगहा-1 एवं रहमत हुसैन, रामनगर में मामलों की सुनवाई कर मामला निष्पादित किया गया। वहीं प्रदीप मिश्रा, पिता- सुभाष मिश्र, सा० लौकरिया, अंचल- बैरिया के मामले की सुनवाई के दौरान अंचल अधिकारी, बैरिया मुकेश कुमार के स्तर पर मामले के निष्पादन में शिथिलता के लिए 2000 का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया। साथ ही 14 दिनों का समय देते हुए मामले का नियमानुसार पूर्ण निवारण करने का निर्देश भी दिया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अधिनियम है। इसके तहत दायर परिवादों के निष्पादन में लोक प्राधिकार अभिरुचि लें अन्यथा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# फ्लैग मार्च के जरिए दिखा प्रशासन का दमखम

## मुहर्रम को लेकर सिवान प्रशासन सख्त, डीएम एसपी ने खुद संभाली कमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।



**सिवान।** मुहर्रम पर्व को जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मनोज तिवारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस बल, दंडाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**संवेदनशील इलाकों में अधिकारियों की तैनाती**

प्रशासन की ओर से संयुक्त आदेश जारी कर जिले के महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी अपने-अपने स्थानों पर उपस्थित रहकर संवेदनशीलता को देखते हुए पूरी सतर्कता बरत रहे हैं।

**डीएम एसपी खुद ले रहे विधि-व्यवस्था का जायजा**

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्वयं लगातार फील्ड में भ्रमणशील रहकर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए त्वरित विधि-सम्मत कार्रवाई करें।

**जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय**

जिले में दैनिक गतिविधियों और आपात सूचना की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत है। नियंत्रण कक्ष में नवलीन कुमार (अपर समाहर्ता, सिवान) की निगरानी में सभी तीनों शिफ्टों में प्रशासनिक अधिकारी तैनात हैं। साथ ही वज्रवाहन, दंगा नियंत्रण बल, अग्निशमन दस्ते आदि को भी पूरी तरह तैयार रखा गया है।

**सोशल मीडिया पर पैनी नजर**

जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया पर झूठी व भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। जिला साइबर सेल और सूचना जनसंपर्क विभाग की सोशल मीडिया टीम चौबीसों घंटे नजर बनाए हुए है। सादा लिबास में तैनात हैं पुलिसकर्मी अफवाह फैलाने या सौहार्द बिगाड़ने की नीयत से किसी भी हरकत पर रोक लगाने के लिए सादे लिबास में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

**सभी प्रखंडों में अफसरों को दिए गए निर्देश**

प्रत्येक प्रखंड के बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि आपसी समन्वय बनाकर संवेदनशील और प्रमुख स्थलों का लगातार भ्रमण करें और स्थिति पर नजर रखें। अधिकारियों को कहा गया है कि वे अपने स्थल से संयुक्त फोटो जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर पर अनिवार्य रूप से भेजें।

**भाईचारे और शांति की अपील**

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की है। साथ ही हर किसी से प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की गई है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा चुके हैं ताकि मुहर्रम का पर्व पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

संपादकीय

# बादलों के कहर में बहते पहाड़

हिमाचल प्रदेश पर इन दिनों कुदरत की मार पड़ रही है। बादल फटने की घटनाओं से मंडी जिला सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। कई पहाड़ी इलाके भी चपेट में आए हैं। एक तरफ नदियां उफन रही हैं, तो दूसरी तरफ जमीन धंसने से खतरा बढ़ा है। मंगलवार देर रात मंडी जिले में बादल फटने से आई बाढ़ ने तबाही मचा दी। दस लोगों की असमय मौत हो गई, जबकि कई लोग लापता हैं। यह हादसा कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिले के कई हिस्सों से संपर्क टूट गया है। गांवों में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, तो कुछ बह गए। राज्य में एक दिन में बादल फटने की ग्यारह घटनाएं हुई, जिनमें सबसे अधिक मंडी जिले में दर्ज की गईं। यह दुखद है कि मानसून के बादल हिमाचल प्रदेश के लोगों पर आफत बनकर बरसे हैं। अगर समय पूर्व चेतावनी देने के तंत्र की माकूल व्यवस्था की गई होती तो शायद जान-माल का इतना नुकसान नहीं होता। वैसे बादल फटना कोई सामान्य मौसमी घटना नहीं है। जलवायु परिवर्तन की वजह से ऐसी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ रही है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि हिमालयी क्षेत्र में तेजी से बदलते मौसम के मिजाज को समझने की जरूरत है। बचाव के क्या रास्ते हो सकते हैं, इस पर विचार करना होगा। यह जलवायु संकट का ही परिणाम है कि अब पहाड़ों पर भी गर्मी पड़ रही है और मानसून में बादल फटने की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि नमी बढ़ने और गर्म हवा के तेजी से ऊपर उठने के कारण बादल फट रहे हैं और तबाही मचा रहे हैं। ऐसे में चट्टानें, मिट्टी और पेड़ बहते हुए जब नीचे की ओर तेजी से आते हैं, तो रास्ते में आने वाली हर चीज को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। कृषि भूमि तो बर्बाद होती ही है, सड़कें और पुल भी ध्वस्त हो जाते हैं और जानी नुकसान भी होता है। हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में बार-बार बादल फटने की घटनाएं एक गंभीर चेतावनी है, जिसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

**सनद रहे कि इससे पहले नवंबर, 2024 में ब्राजील में आयोजित जी20 समिट के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। भारत और अर्जेंटीना ने खनिज संसाधनों खास कर लीथियम के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की खपत कम करने और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने में लीथियम की भूमिका बेहद अहम है। अर्जेंटीना भारत के लिए सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। 2024 में भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी और निर्यात गंतव्य था। वहीं, 5-8 जुलाई को पीएम मोदी रियो डे जेनेरियो में ब्रिक्स समिट के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा से मुलाकात करेंगे।**

# मोदी की अफ्रीकी व दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा से ग्लोबल साउथ को मिलेगी मजबूती, भारत की वैश्विक धमक बढ़ेगी

(कमलेश पांडे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।

जब वैश्विक पटल पर अमेरिका और चीन एक दूसरे पर पलटवार करने के लिए रूस के मित्र भारत को अपने-अपने खेमे में मिलाने के लिए तरह-तरह की भारत विरोधी चालें चल रहे हैं, वहीं भारत अपनी सधी चाल से रूस को भी हैरत में डालते हुए ग्लोबल साउथ यानी तीसरी दुनिया के देशों पर निरंतर अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी विगत 11 वर्षों से लगातार वैश्विक यात्रा कर रहे हैं और भारत की वैश्विक स्थिति को काफी मजबूती प्रदान कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि भारत दुनिया के गुटनिरपेक्ष देशों को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करे और अपने साथ साथ सभी देशों का आशातीत विकास करे। इससे सत्य व अहिंसा की वैश्विक भावना को भी मजबूती मिलेगी।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं।

अपने इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम मोदी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे, जिसके अपने वैश्विक मायने हैं। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। स्पष्ट है कि उनकी यह यात्रा ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी देश घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा की शुरुआत 2-3 जुलाई को की। वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

बता दें कि घाना के राष्ट्रपति जान महामा 2015 में इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट के लिए भारत आए थे। वह जनवरी 2025 में तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। चूंकि घाना भारत को बड़े पैमाने पर वस्तुओं का निर्यात करता है और पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से वह एक है। लिहाजा दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। घाना से भारत के आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी गोल्ड की है।



प्रधानमंत्री मोदी महामा के साथ द्विपक्षीय भागीदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के जरिये इसे और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर बात करेंगे।

वहीं, 3-4 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की यात्रा करेंगे। क्योंकि कैरिबियाई द्वीप में रहने वाले कुल प्रवासी भारतीयों में से 40-45 प्रतिशत त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रहते हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद बिसेसर और राष्ट्रपति क्रिस्टिनी कार्ला कंगालू दोनों ही भारतीय मूल के हैं। लिहाजा प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगों की यह पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी ने कहा कि वह भारत के साथ गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव साझा करता है। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा।

उल्लेखनीय है कि प्रवासी समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 180 साल पहले भारतीय पहली बार त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे। यह दौरा हमारे पुश्तैनी और रिश्तेदारी के विशेष बंधनों को नया जीवन देने का अवसर देगा। पीएम मोदी पोर्ट ऑफ स्पेन से ब्यूनस आयर्स जाएंगे, जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अर्जेंटीना का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। वहीं, 1999 के बाद भारतीय पीएम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा भी होगी। क्योंकि पीएम मोदी ने नवंबर 2024 में गुयाना की यात्रा की थी। देखा जाए तो महज आठ माह में कैरेबियाई द्वीप की दूसरी यात्रा से इस बात का संकेत मिलता है कि भारत इस क्षेत्र को कितनी अहमियत दे रहा है। बता दें कि करीब 180 वर्ष पहले भारतीय प्रवासी यहां त्रिनिदाद एवं टोबैगो आए थे। दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 34.16 करोड़ डॉलर पहुंच गया।

वहीं, 4-5 जुलाई को पीएम मोदी दक्षिणी अमेरिकी देश अर्जेंटीना की यात्रा करेंगे। गत 57 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। जहां वह अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेयी से मुलाकात के दौरान रक्षा, कृषि, खनन, तेल गैस और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर बात करेंगे। अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी20 में निकट सहयोगी बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात का इंतजार कर रहा हूं, जिनसे मैं पिछले साल भी मिला था। हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान देंगे।

सनद रहे कि इससे पहले नवंबर, 2024 में ब्राजील में आयोजित जी20 समिट के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। भारत और अर्जेंटीना ने खनिज संसाधनों खास कर लीथियम के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की खपत कम करने और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने में लीथियम की भूमिका बेहद अहम है। अर्जेंटीना भारत के लिए सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। 2024 में भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी और निर्यात गंतव्य था।

वहीं, 5-8 जुलाई को पीएम मोदी रियो डे जेनेरियो में ब्रिक्स समिट के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा से मुलाकात करेंगे। समिट के बाद राष्ट्रपति सिल्वा पीएम मोदी के लिए स्पेशल डिनर की मेजबानी करेंगे। ब्रिक्स समिट में पीएम मोदी वैश्विक प्रशासन के सुधारों, शांति एवं सुरक्षा, बहुपक्षीय संस्थाओं को मजबूत करने, जिम्मेदारी के साथ एआइ के इस्तेमाल, जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने के लिए जरूरी कदमों और वैश्विक स्वास्थ्य पर बात करेंगे।

भारत की ब्रिक्स में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एक संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ब्रिक्स को उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानता है। हम मिलकर एक अधिक शांतिपूर्ण, समान, न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और संतुलित बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे।

ब्राजील की यात्रा ब्रासीलिया में एक द्विपक्षीय राजकीय दौरे के साथ जारी रहेगी, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा होगा। उन्होंने कहा कि यह दौरा ब्राजील के साथ हमारी निकट साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर देगा।

बताया जा रहा है कि समिट से इतर वह कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वहीं, ब्राजील की आधिकारिक यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति लूला के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, तकनीक, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में रणनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के कदमों पर विचार विमर्श करेंगे। ब्राजील दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है।

वहीं, 9 जुलाई को प्रधानमंत्री नामीबिया की अपनी पहली यात्रा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी वहां के संसद को संबोधित करेंगे। नामीबिया जाने वाले वह तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। पीएम मोदी की यात्रा का अंतिम पड़ाव नामीबिया होगा, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद साझेदार बताया। मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मुलाकात और हमारे लोगों, हमारे क्षेत्रों और व्यापक ग्लोबल साउथ के लाभ के लिए सहयोग का एक नया रोडमैप तैयार करने के लिए उत्सुक हैं। वह नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे।

बता दें कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2000 में मात्र 30 लाख डॉलर था जो अब करीब 60 करोड़ डॉलर पहुंच गया है। भारतीय कंपनियों ने नामीबिया के खनन, मैन्युफैक्चरिंग, डायमंड प्रोसेसिंग और सेवाओं के क्षेत्र में निवेश किया है। पीएम मोदी ने अपनी बहु-देशीय यात्रा के परिणामों के बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि पांच देशों की मेरी यात्राएं ग्लोबल साउथ में हमारी दोस्ती के बंधनों को मजबूत करेंगी, अटलांटिक के दोनों पक्षों पर हमारी साझेदारी को और गहरा करेंगी और ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों में हमारी भागीदारी को बढ़ाएंगी।
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# शहबाज की गुजारिश, सिंधु जल संधि पर भारत के ऐक्शन से पाकिस्तान में बढ़ा खौफ

(अभिनय आकाश)

पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने गीदड़भभकी देते हुए कहा कि इस्लामाबाद दक्षिण एशिया में किसी भी तरह के भारतीय प्रभुत्व को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करेगा। विश्वविद्यालय के अधिकारियों और शिक्षकों से बात करते हुए मुनीर ने कहा कि भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित करना एक बुनियादी सीमा को पार करना है जिसे पाकिस्तान बर्दाश्त नहीं कर सकता।

पिछले सप्ताह स्थायी मध्यस्थता न्यायालय द्वारा अपने पक्ष में दिए गए फैसले के बाद, पाकिस्तान अब भारत से द्विपक्षीय जल-बंटवारे संधि के कार्यान्वयन को फिर से शुरू करने का आह्वान कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि फैसले से इस्लामाबाद की कानूनी स्थिति मजबूत हुई है, लेकिन नई दिल्ली द्वारा संधि का पालन करने की संभावना नहीं है। 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों के पानी पर अधिकार देती है, जबकि भारत को रावी, सतलुज और ब्यास नदियों पर नियंत्रण प्रदान करती है। अप्रैल के महीने में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के जवाब में भारत ने सिंधु जल संधि को निरस्त करने की घोषणा कर दी थी।

पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने गीदड़भभकी देते हुए कहा कि इस्लामाबाद दक्षिण एशिया में किसी भी तरह के भारतीय प्रभुत्व को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करेगा। विश्वविद्यालय के अधिकारियों और शिक्षकों से बात करते हुए मुनीर ने कहा कि भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित करना एक बुनियादी सीमा को पार करना है जिसे पाकिस्तान बर्दाश्त नहीं कर सकता। सैन्य नेता की यह टिप्पणी दोनों देशों द्वारा कई दिनों तक चले भीषण सैन्य टकराव के बाद युद्ध विराम लागू करने के कुछ सप्ताह बाद आई है। मुनीर ने इस बात पर जोर दिया कि जल अधिकारों पर पाकिस्तान की स्थिति एक ऐसे सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करती है जो देश के 240 मिलियन नागरिकों की जीवन-यापन संबंधी जरूरतों से सीधे जुड़ा हुआ है।

दूसरी तरफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान सरकार ने देश में जल भंडारण क्षमता बढ़ाने का फैसला किया है। ऐसे में उन्होंने संभावित विभागों को वाटर स्टोरेज परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शरीफ ने भारत पर झुंझलाहट निकालते हुए कहा कि देश में पानी की सुरक्षा को लेकर फैसला लेना जरूरी है क्योंकि दिल्ली की मंशा पानी को हथियार बनाने की है।

# हमेशा खुश कैसे रहेंगे

(श्री श्री रविशंकर)

ज्ञान किसी घटना में नहीं, घटनाओं के परे है, क्योंकि एक ही घटना को लेकर यदि तुम किसी नतीजे पर पहुंचते हो, तो वह जानकारी गलत होगी। यदि कोई क्रोध में आकर तेज चिल्लाता है, तो तुम सोचते हो कि यह उसका स्वभाव है, पर वास्तव में क्रोध कहीं और से आया है। केवल घटना के परे जाने पर ही सत्य प्रकाशित होता है। एक ही घटना पर आधारित विचार तुम्हें गलत निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं। इसलिए, तुम्हें संपूर्ण घटनाओं पर विचार करना होगा। तभी जान सकोगे कि ज्ञान घटनाओं के परे है। एक व्यक्ति क्या है शरीर, मन और विभिन्न प्रकार के स्वभावों का मिश्रण, जो हर समय बदलता रहता है। प्रेम अपरिवर्तनशील है। व्यक्ति के परे प्रेम है। जब तुम अपने व्यक्तित्व से निकलकर आगे बढ़ते हो, तो प्रेम बन जाते हो। यदि तुम अपने को खो नहीं सकते, तो अपने को पा भी नहीं सकते ! तो अपना व्यक्तित्व भुला दो और अपने आप को पा लो। हर वस्तु के परे अनंतता है। एक वस्तु सीमित है। किसी भी वस्तु का यदि लगातार विघटन किया जाए, तो तुम्हें परमाणु मिलेगा और हर परमाणु में अनंत आकाश है, शून्य। वस्तु के परे अनंतता है। घटना, व्यक्तित्व और वस्तु में फंस जाना ही माया है। इन सब के परे जाना ज्ञान, प्रेम और ब्रह्म है। वस्तु के परे जो है, वह अनंतता है; व्यक्ति के परे व्यक्तित्व प्रेम है। तुम हमेशा खुश कैसे रह सकते हो 'हमेशा' को भूल जाओ, तभी तुम खुश रहोगे। हमेशा आराम की चाह व्यक्ति को आलसी बनाती है। हमेशा पूर्णता की चाह व्यक्ति को क्रोधित करती है। हमेशा अमीर रहने की चाह व्यक्ति को लालची बनाती है। भय तब आता है, जब हम यह नहीं समझते कि केवल 'जीवन' हमेशा बना रहता है। आत्मा हमेशा है- आत्मा के इस अनंत स्वभाव का अस्थायी संसार पर प्रक्षेपण ही माया है। जब कोई चीज अत्यंत आनंदमय होती है, तुम अचंभा करते हो कि यह कहीं सपना तो नहीं। जिसे तुम वास्तविक समझते हो, प्राय: वह आनंदमय नहीं होता। इसीलिए, जब दुख होता है, तब तुम कभी नहीं सोचते कि शायद यह सपना है। तुम निश्चिंत हो कि यह सत्य है। यह है वास्तविक को मिथ्या और मिथ्या को वास्तविक जानना। हकीकत में सभी दुख मिथ्या हैं। ज्ञानी व्यक्ति जानता है कि खुशी वास्तविक है, क्योंकि यह तुम्हारा स्वभाव है। पीड़ा भ्रम है, क्योंकि यह स्मृति से आती है। जब तुम दोनों को स्वप्न की भांति देख सकते हो, तब तुम आत्म-स्थित होते हो। डरावना सपना है स्वप्न को सच समझना। स्वप्न में कोई भी उलझन नहीं होती। बस, यही आश्चर्य करते रहो कि क्या यह सब स्वप्न है, और तुम सत्य के प्रति जागृत हो जाओगे।

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है।**

(ललित गर्ग)

चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी।

चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, 'स्वर्ण कलश' प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है।

दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक 'धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून' लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।

1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक 'दलाई लामा' घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे। यह एक राजनीतिक कठपुतली खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी।

चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।

धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी 'नकली' दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए। अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे। तिब्बत में इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तब से दलाई लामा ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला को अपना घर बना लिया, जिससे बीजिंग नाराज हो गया और वहां उनकी उपस्थिति चीन और भारत के बीच विवाद का विषय बनी रही। भारत में बसे तिब्बती शरणार्थियों को शिक्षा, रोज़गार और यात्रा से संबंधित नागरिक अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाकर भारत उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर सकता है। भारत में इस वक्त करीब 1 लाख से ज्यादा तिब्बती बौद्ध रहते हैं, जिन्हें पूरे देश में पढ़ाई और काम की स्वतंत्रता है। दलाई लामा को भारत में भी काफी सम्मान दिया जाता है।

दलाई लामा के उत्तराधिकारी का प्रश्न केवल एक व्यक्ति के चयन का विषय नहीं, बल्कि यह बौद्ध संस्कृति, तिब्बती आत्मनिर्णय और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का सवाल है। चीन की तानाशाही मानसिकता इसे नियंत्रित करना चाहती है, जबकि भारत को इसकी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है। भारत को इस धर्म-राजनीति के संघर्ष में विवेकपूर्ण, दृढ़, निर्णायक और न्यायोचित भूमिका निभाते हुए न केवल तिब्बती जनता का, बल्कि विश्व भर के धार्मिक अधिकारों का भी संरक्षक बनना चाहिए। यही भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की नीति की सच्ची अभिव्यक्ति होगी।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### धनंजय सिंह ने उपायुक्त से कई ज्वलंत समस्याओं को उनके समझ रखा



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह शनिवार को उपायुक्त रामनिवास यादव से पापरवाटांड स्थित कार्यालय में मुलाकात किया जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने उपायुक्त से जिले के कई जवनल्तशील समस्याओं को उनके समझ रखा। श्री सिंह ने बिरनी प्रखंड के ग्राम खैरीडीह टोला गोल्डीह मौजा तिलैयाडीह में खाता नंबर 7 से सरकारी बंदोबस्ती के जरिए स्थानीय निवासी ताराचंद दास के पूर्वज को जमीन प्राप्त है लेकिन स्थानीय कुछ दबंग लोग के द्वारा परेशान किया जा रहा है, ताराचंद दास अनुसूचित जाति से आते और काफी गरीब है इस पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सरिया को आवश्यक कार्रवाई करने का पत्र निर्गत किया है।

### गिरिडीह कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज गिरिडीह कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के पार्क में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अनुज कुमार एवं कार्यक्रम के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने की साथ ही मुख्य अतिथि के रूप डॉक्टर बलभद्र सिंह उपस्थित रहे सभी लोगों ने एक पेड़ अपने अपने मां के नाम लगाया इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के स्वयंसेवकों ने एक एक पेड़ अपने अपने मां के नाम भी लगाया तथा उसकी देखरेख का दायित्व भी लिया इस कार्यक्रम में निम्न स्वयंसेवक प्रिंस कुमार पांडे, कन्हैया कुमार ,सचिन कुमार, सुधांशु कुमार ,कौशल सिंह एवं सुनीता टुडे उपस्थित रहे.

### बीजेपी के बी एम एस छोड़, सभी ट्रेड यूनियन ले रहे हड़ताल में हिस्सा



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज हड़ताल के समर्थन में गिरिडीह यूनिट के एम आर संगठन बी एस एस आर यू ने शहर के चार जगह पर नुक्कड़ कर जनता को संबोधित किया। राज्य सचिव मृदुल कांति और यूनिट के उपाध्यक्ष अविजित दान ने अपनी मांगों को जनता के बीच रखा नुक्कड़ में अमर, ज्योतिर्मय, यूनिट सचिव पार्थ आदि ने हिस्सा लिया हड़ताल के दिन, 9 जुलाई, डॉक्टर लेन पर धरना का आयोजन किया गया डॉक्टर का संगठन आई एम ए और केमिस्ट संगठन जी सी डी ए, इस हड़ताल को नैतिक समर्थन दिया है बिहार झारखंड के 12 हजार तथा देश के ढेर लाख मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव , पूरे देश के 30 करोड़ श्रमिक मजदूर इस हड़ताल में शामिल हो रहे है। बीजेपी के बी एम एस छोड़, सभी ट्रेड यूनियन इस हड़ताल में हिस्सा ले रहे है। हड़ताल के मुख्य मांग : चार श्रम कोड वापस ले, डिजिटल ट्रैकिंग बंद करे, न्यूनतम मजदूरी रु। २६९१०/ मासिक किया जाय इत्यादि।

### उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया फ्लैग मार्च



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने एवं पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया एवं आम जनता से शांतिपूर्वक, धार्मिक सौहार्द के साथ मुहर्रम पर्व को मनाने की अपील की गयी ।

### मॉक ड्रिल का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं आपातकालीन परिस्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के नेतृत्व में पुलिस केंद्र, गिरिडीह परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह द्वारा पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों को मुहर्रम पर्व के मद्देनजर उपद्रवियों से निपटने/भीड़ नियंत्रण के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया एवं दंगा रोधी आग्नेयास्त्र/उपकरणों का प्रयोग कर समीक्षा किया गया ।

### राजनाथ सिंह से मिलीं विधायक डॉ. मंजू कुमारी



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ की लोकप्रिय विधायक डॉ. मंजू कुमारी ने आज देश के यशस्वी रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस भेंट के दौरान डॉ. मंजू कुमारी ने जमुआ क्षेत्र के युवाओं की देशभक्ति भावना और सेना में भर्ती के प्रति उनके उत्साह को रखते हुए एक अहम प्रस्ताव रखा उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि जमुआ और आसपास के क्षेत्रों में सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाए और युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए एक स्थायी सैन्य प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाए। डॉ. मंजू कुमारी ने कहा कि झारखंड के ग्रामीण अंचलों में देशसेवा की तीव्र भावना है, लेकिन संसाधनों की कमी युवाओं के सपनों में बाधा बनती है। इस पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने उनके सुझावों की सराहना की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह मुलाकात सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट नहीं थी, बल्कि जमुआ के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस पहल थी, जिसकी चारों ओर सराहना हो रही है।

### गिरिडीह कॉलेज एवं श्री आरके महिला महाविद्यालय गिरिडीह में इंटर की पढ़ाई प्रारंभ रखी जाए



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह के इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के द्वारा गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह में तालाबंदी किया गया विद्यार्थियों का मांग है कि गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह एवं श्री आरके महिला महाविद्यालय गिरिडीह में इंटर का पढ़ाई प्रारंभ रखा जाए ताकि विद्यार्थियों को परेशानी ना हो और वह अच्छे से पढ़ाई कर सके ।मौके पे गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह के छात्र नेता नीरज चौधरी ने कहा कि इस वर्ष 12 था के छात्र छात्राओं का भी नामांकन नहीं लेने की सूचना मिल रहा है आखिर विद्यार्थी कहा जाएंगे।एक सूचना जारी किया है कि अंगीभूत महाविद्यालय के 5 के एम के अंतर्गत आने वाले विद्यालय में विद्यार्थी को शिफ्ट किया जाएगा। बल्कि 5 ' के अंतर्गत मात्र दो विद्यालय है और विद्यार्थी गिरिडीह महाविद्यालय ओर श्री आर के महिला महाविद्यालय मिलकर 1200 है तो विद्यार्थी को कहा शिफ्ट किया जाएगा। वैसे विद्यार्थी जो किन्हीं विषय में फेल हो गए वैसे विद्यार्थी काफी परेशान है। बीच में ऐसे बाधा आने से मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ेगा।

### एकमा में प्रखंड स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिताएं शुरू



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड संसाधन केंद्र, एकमा के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय "मशाल कार्यक्रम" के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में तीन दिवसीय मशाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड संसाधन केंद्र समन्वयक योगेंद्र बैठा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके बाद सामूहिक स्वर में राष्ट्र-गान के बाद खेल प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। पहले दिन खेल विधाः 60 मीटर, 100 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, बालक-बालिका (अंडर-14/अंडर-16) का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संकुल संसाधन केंद्रों पर पूर्व में आयोजित संकुल स्तरीय मशाल प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को अनुशासन व खेल भावना की शपथ दिलाई गई। पहले दिन की खेल प्रतियोगिताएं निर्णायक मंडल में शामिल प्रधानाध्यापक व शारीरिक शिक्षक क्रमशः मंजीत कुमार तिवारी, अरुण कुमार सिंह, मोहम्मद तौकीर अंसारी, कुमार रश्मि रंजन, राजेश कुमार राम, अनिल कुमार सिंह, सत्यदेव महतो, जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार यादव, वसंत कुमार शर्मा, प्रत्युष कुमार मिश्र, अनवर हुसैन, श्याम वीर कुमार, हेमनारायण राम, अनवर हुसैन, नसीम अंसारी, श्याम वीर, सुनीता कुमारी आदि की देखरेख में आयोजित हुई।

# त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क व तैयार



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव के नेतृत्व में गिरिडीह के शहरी क्षेत्रों में निकाला गया फ्लैग मार्च जिले में विधि व्यवस्था सुदृढ़, बरती जा रही एहतियायत शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में उल्लासपूर्वक मनाएं त्योहार शांति, समाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाएं रखना सभी की जिम्मेवारी जिला मुख्यालय के अलावा सभी अनुमंडल स्तर पर, थाना स्तर पर भी फ्लैग मार्च किया गया किसी भी तरह का उपद्रव व अफवाह फैलाने वाले असमाजिक व अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी मुहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। मुहर्रम पर्व शांति, समाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा के साथ मनाने को लेकर आज उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव के नेतृत्व में गिरिडीह के शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, ट्रैफिक डीएसपी, थाना प्रभारी, मुफस्सिल, थाना प्रभारी, पचंबा, थाना प्रभारी, टाऊन थाना समेत अन्य संबंधित अधिकारी, पुलिस कर्मी उपस्थित थे इस दौरान उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि मुहर्रम पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था संधारण के साथ-साथ अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। पर्व के निमित्त बेहतर समन्वय, सद्भाव, आपसी सौहार्द के साथ जिला प्रशासन व अन्य समुदाय के लोगों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। पर्व को लेकर जिला स्तर, अनुमंडल स्तर, ब्लॉक स्तर तथा थाना स्तर पर शांति समिति के सदस्यों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर लिया गया है। बैठक के माध्यम से आमजनों से आह्वान किया गया है कि पर्व की गरिमा के साथ मुहर्रम पर्व मनाएं। इसके साथ ही पर्व को लेकर सभी व्यवस्थाओं और तैयारियों को लगभग पूर्ण कर लिया गया है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए गए हैं। रूट मार्ग का ड्रोन, वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के माध्यम से निगरानी किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी जिला प्रशासन नजर बनाए हुए है। इसके साथ ही आवश्यक स्थलों पर बैरिकेडिंग भी किया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष 24. 7 सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है। सभी अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है मौके पर पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने कहा कि जिलेवासियों के सामूहिक भागीदारी से पर्व में शांति व्यवस्था कायम रहेगी। विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन को मदद मिलेगी। शांति और भाईचारा जिले की पहचान है। मुहर्रम पर्व के मद्देनजर जिले में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की आवश्यकता है। पर्व-त्योहार खुशियां मनाने और एक-दूसरे से प्रेम बांटने का अवसर प्रदान करता है। त्योहार में सभी लोग खुशियों का माहौल बनाएं रखें। संयमित और अनुशासित तरीके से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में उल्लासपूर्वक त्योहार मनाएं। त्योहार के मद्देनजर प्रशासनिक आवश्क तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और तत्परता के साथ कार्य कर रही है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। दंडाधिकारी एवं पुलिस बलों की तैनाती कर दी गयी है। ड्रोन, सीसीटीवी, डिजिटल मीडिया के साथ-साथ सादे लिबास में भी प्रशासन निगरानी कर रही है। किसी भी तरह का उपद्रव व अफवाह फैलाने वाले असमाजिक व अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी वहीं मौके पर उपस्थित सदर अनुमंडल पदाधिकारी, श्रीकांत या विस्पुते ने सभी से सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर विधि व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त प्रयास से विशेष एहतियायत एवं निगरानी बरती जा रही है। प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड में है, ताकि शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार संपन्न कराया जा सके। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों, प्रबुद्धजनों एवं पूरे जिलेवासियों से शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्योहार के मद्देनजर धैर्य का परिचय दें और एक-दूसरे के साथ त्योहार की खुशियां बांटें। उन्होंने जुलूस निर्धारित मार्ग पर ही निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलूस मार्ग एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी से भी नजर रखी जा रही है। उपद्रवी एवं असमाजिक तत्वों पर प्रशासन की टीम पूरी सख्ती बरतेगी।

## पचंबा फोरलेन के कार्य को मजाक नहीं बनाएं संवेदक : राजेश सिन्हा



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माले के पद यात्रा का हुआ प्रभाव,सड़क पर गड्ढे को भरने का काम किया है संवेदक काम लगातार करें संवेदक,बीच बीच में काम करना बंद नहीं करें संवेदक माले के द्वारा पद यात्रा के बाद संवेदक के द्वारा रोड पर डस्ट और कंक्रीट डाला गया गया है,धन्यवाद का पात्र है संवेदक किंतु पिछले बार की तरह संवेदक अपना कार्य रोक रोक कर नहीं करें,जनता को तकलीफ देना बंद करें संवेदक, बाइक, ऑटो, टोटो, एंबुलेंस, स्कूली बस, राहगीर, स्कूली बच्चे, बीमार लोग को तंग करना बंद करें संवेदक, यदि संवेदक को विभाग के द्वारा कोई कमी है तो वह भी बोले माले विभाग को घेरेगा देखा गया है पचंबा फोरलेन में लगभग 250 हरे भरे पेड़ रास्ते में है पी एच डी विभाग और फॉरेस्ट विभाग जल्द इसका सोल्यूशन निकाले,वही बिजली विभाग जल्द से जल्द पोल हटाए तब काम जल्द नजर आएगा,दूसरी बात नाली जगह जगह मुड़ा हुआ है जिससे पानी निकासी में दिक्कत आएंगी जल्द उसको ठीक करें,साथ ही नापी कही कम कही ज्यादा लिया गया गया है इसका कारण क्या है,सिन्हा ने कहा कि जांच के लिए आवेदन देंगे। सिन्हा ने कहा कि लगातार काम करना होगा,पद यात्रा अभी आधा दूरी तक किया गया जल्द फिर आधा जो रास्ता बचा है उसमें भी तय करेंगे माले ने आंदोलन के लिए जाना जाता है राजेश सिन्हा ने कहा जब से शिक्षाजगत को छोड़ राजनीति में आए है एक दिन घर में बैठे है,जनता के लिए दिन रात लगे रहते है,जनता से भी निवेदन है कि अपने अपने क्षेत्र का प्रॉब्लम दूर करने के लिए माले को ज्वाइन करिए और माले के विचारों को फैलाइए।

## जमुआ विधान सभा क्षेत्र में राजद ने मनाया पार्टी का 29 वाँ स्थापना दिवस : इरफान आलम



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थापना दिवस पर लोगों ने इसे और प्रभावशाली बनाने का लिया संकल्प जमुआ विधान सभा क्षेत्र में जमुआ के दुबे नर्सिंग होम के बगल इनामुल लॉज में बड़े शान शौकत के साथ सामाजिक न्याय का झंडा बुलंद करने वाली गरीब गुरबों दलित पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों एवं समाज के सभी वर्गों को अधिकार दिलाने वाली पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के 29 वाँ स्थापना दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैठक में तमाम लोगों ने सामाजिक न्याय के महानायक शख्शियत जननायक गरीब गुरबों दलित पिछड़ों अल्पसंख्यकों आदिवासियों की आवाज बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राजद सुप्रीमों आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी के विचारधारा और सामाजिक समरसता को घर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया ।साथ ही बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम युवाओं के सम्राट लोकप्रिय नेता बिहार के भावी मुख्यमंत्री तेज तेजस्वी यादव की बढ़ती लोकप्रियता को दिल से सराहा गया। जमुआ में आयोजित राजद के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव गिरेंद्र यादव ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के विचारधारा और सामाजिक न्याय की ताकतों को मजबूती प्रदान करने में तमाम लोगों का अभिन्न योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे युवा राजद के जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि गरीबों के मसीहा जननायक लोकतंत्र का असली बल्लेबाज दोबारा निर्विरोध राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर दिल से आभार प्रकट करते हुए पूरे दमखम के साथ राजद का सांगठनिक ताकत को मजबूती प्रदान करते हुए पूरे झारखंड में राजद का परचम लहराया जाएगा कहा कि जमुआ, गिरिडीह और राजधनवार विधान सभा क्षेत्र में आगामी विधान सभा चुनाव में अपना प्रत्याशी खड़ा करने की भी जबरदस्त मुहिम चलाई जाएगी प्रदेश सचिव इनामुल हक ने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में पूरा बिहार में राजद सुप्रीमों आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी पर पूर्ण विश्वास है और उनके प्रेरणाश्रोत पर झारखंड में भी पार्टी का जनाधार बढ़ेगा सभा को इसके अलावा राजद के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इसराइल अंसारी, जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव, जमुआ के पूर्व अध्यक्ष शिवशंकर मंडल, प्रखण्ड सचिव ललन यादव, ,देवरी प्रखण्ड अध्यक्ष रामकिशुन हाजरा, जमुआ विधान सभा के सुखदेव हाजरा,तिसरी प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, नंदकिशोर यादव, महिला मोर्चा अध्यक्षा सुनीता देवी,सुधांशु शेखर सिंहा ने भी संबोधित किया स्थापना दिवस समारोह में मुख्य रूप से तितु यादव मोहम्मद फारूक आलम, डॉ मनोवर आलम, मंजूर आलम, मंजू देवी, मीना देवी, संगीता देवी, सविता देवी, टुकनि देवी, गेंदिया देवी सहित सभी सामाजिक न्याय पर विश्वास जताने वाले सैकड़ों कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद थे कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा राजद जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने किया जबकि संचालन राजद के जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव ने किया।

## पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट में 11वीं कक्षा में प्रवेश लिए 11 जुलाई तक करें आवेदन

**साइंस में 15 एवं कामर्स संकाय में 35 सीटें रिक्त, नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह रहेगी ऑफलाइन**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के तेनुघाट स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। इच्छुक एवं योग्य छात्र इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 11 जुलाई 2025 है। शनिवार को विद्यालय प्रबंधकारणी समिति ज.न.वि. तेनुघाट अध्यक्ष सह उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने जरूरतमंद/आहतार्पूर्ण करने वाले जिले के छात्रों को तय तिथि तक आवेदन करने का अपील किया है। विद्यालय के प्राचार्य वीपीन कुमार ने जानकारी दी कि नामांकन परीक्षा में वही छात्र शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने वर्ष 2024-25 में आयोजित 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण किए हों। साथ ही, अभ्यर्थी बोकारो जिला का निवासी होना चाहिए।

**रिक्त सीटों का विवरण निम्न है**

कामर्स संकाय — 10 सीटें, साइंस संकाय — 15 सीटें

यह नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह ऑफलाइन होगी। इच्छुक छात्र आवेदन पत्र विद्यालय परिसर से या विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस को विद्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

### 12वीं में नामांकन के लिए छात्राओं ने उपायुक्त से मिलकर अपनी बातों को रखा

**उपायुक्त ने सभी बच्चियों को आश्वस्त किया कि किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होगी पढ़ाई**

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिकता के साथ होगी बच्चियों के समस्या का समाधान आज समाहरणालय में 12वीं में नामांकन के लिए छात्राओं ने उपायुक्त से मिलकर अपनी बातों को रखा। उपायुक्त ने मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए शिक्षा विभाग को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में बच्चियों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। छात्राओं ने उपायुक्त के समक्ष अपनी आर्थिक स्थिति भी रखी और बताया कि अब स्कूल में नामांकन लेने से ड्रेस समेत कई अन्य व्यवस्थाएं बदल जाएंगी, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मौके पर ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बुलाकर बच्चियों को फॉर्म देने का निर्देश दिया। साथ ही बच्चियों के यूनिफॉर्म से संबंधित समस्या को लेकर भी सख्त हिदायत दी कि ऐसी किसी भी प्रकार दिक्कत न हो, यह सुनिश्चित करें। आगे उपायुक्त ने छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी हर परेशानी का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी छात्रा की पढ़ाई बाधित न हो।

### मढ़ौरा में प्रखंड स्तरीय मशाल कार्यक्रम की शुरूआत

**खेल प्रतिभाओं को मंच देने का सराहनीय प्रयास**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा विभाग, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वावधान में मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा के सचिव-सह-निदेशक दिनेश कुमार द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसका शुभारंभ शनिवार को उच्च विद्यालय मढौरा में हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है। विद्यालय स्तर पर 25 से 27 अप्रैल,



सीआरसी स्तर पर 22 से 24 मई के बीच इसका आयोजन किया गया था। अब प्रखंड स्तर 5 से 8 जुलाई तक आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत उत्साह और अनुशासन के साथ हुई, जिसमें सभी शारीरिक शिक्षकों की टीम ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य किया गया है और केवल पंजीकृत छात्रों को ही प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति दी गई है।

## आम जनता अपने अधिकारों के लिए 9 जुलाई को सड़क पर उतरे : राजेश यादव

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आंदोलन के बल पर ही मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड वापस होगा केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ घोषित 9 जुलाई की आम हड़ताल को चौतरफा समर्थन मिल रहा है। आम लोगों को भी अपने अधिकारों से जुड़े सवालों के साथ इस हड़ताल का समर्थन कर सड़कों पर उतरना चाहिए। मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए 4 लेबर कोड उसी तरह मजदूरों के हित में नहीं है, जैसे 4 कृषि कानून किसानों के हित में नहीं थे। जिस तरह आंदोलन के बल पर 4 कृषि कानूनों को वापस लिया गया था, उसी तरह आंदोलन के बल पर ही 4 लेबर कोड भी सरकार को वापस लेना पड़ेगा उक्त बातें फारवर्ड ब्लाक नेता एवं पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव ने आज बेंगाबाद प्रखंड के कई गांवों में हड़ताल के समर्थन में आयोजित जनसंपर्क के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जन समस्याओं की भी जानकारी ली और कहा कि, देश की आजादी के 78 और झारखंड निर्माण के 25 साल होने पर भी यदि इस तरह की समस्याएं हैं, तो केंद्र व राज्य में शासन करने वाली सरकारें सीधे तौर पर जिम्मेवार हैं उन्होंने कहा, पंचायत मुख्यालय गांव हरला जाने की सड़क कई वर्षो से एकदम जर्जर हो चुकी है। प्रखंड के नजदीक दुगार्पुर गांव जाने की सभी सड़क काफी खराब है। माइंस चलाने वालों ने सड़क किनारे मिट्टी का पहाड़ बना दिया है जिसने बारिश में फैलकर रास्ते को बाधित कर दिया है। लुप्पी पंचायत में करोड़ों की पानी टंकी बेकार पड़ी हुई है, लोग पानी के लिए तरस रहे हैं, तो कई गांव आज भी पक्की सड़क से वंचित हैं जो बारिश में लोगों के लिए आवागमन दूभर कर देती है।कहा कि, पूरे प्रखंड क्षेत्र में राशन वितरण में गड़बड़ी जारी है। सरकार बोलकर भी 3 महीने का अग्रिम राशन कार्डधारकों को नहीं दे सकी। उन्होंने लोगों से 9 जुलाई को बेंगाबाद पहुंचने की अपील की मौके पर शंभू तुरी, महेश वर्मा, अशोक सिंह, कोकिल यादव, रंजीत सिंह, लीलो सिंह, विक्रम वर्मा, गजानंद सिंह, डूमर महतो, कुमार सिंह, गजाधर सिंह, भगत सिंह, सहदेव तुरी, लालू यादव, जितेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, इंचार्ज सिंह, उदय सिंह, पंकज सिंह सहित अन्य थे।

## बीएनएस डीएवी में अभिभावक शिक्षक बैठक का सफल आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिरसिया स्थित बी एन एस डीएवी पब्लिक स्कूल, गिरिडीह में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पैरेंट्स टीचर मीटिंग) का सफल आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के माता-पिता और शिक्षकों के बीच संवाद करना रहा, ताकि छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, व्यक्तिगत विकास और सिखने के अनुभव को बेहतर बनाने तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास के मार्ग में आने वाली बाधाओं का मिलकर सटीक समाधान निकाला जा सके।विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने अभिभावकों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों के माता-पिता से विद्यालय की नई शैक्षणिक योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देने के साथ ही छात्रों की प्रगति रिपोर्ट, कक्षा में प्रदर्शन, सुधार के बारे में बात की। अभिभावकों ने विद्यालय के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और इसे और अधिक बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि "माता-पिता अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को लेकर बराबर चिंतित रहते हैं पीटीएम एक ऐसा मंच है जहां अभिभावक शिक्षक दोनों बैठकर आपस में अपनी चिंता एवं छात्र से संबंधित समस्याओं का सटीक समाधान निकल पाने में सक्षम होते हैं।

### मतदाता सूची संशोधन की मांग

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मतदाता सूची विशेष संशोधन अभियान के दौरान दस्तावेजी परेशानियों को लेकर ऑल इंडिया मिली काउंसिल बिहार सहित विभिन्न मिल्ली संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त आर.एल. चौधरी. से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने व बनाए रखने की प्रक्रिया को सरल बनाने, पुराने मतदाताओं को दस्तावेज की कमी पर सूची से न हटाने, और 2003 की सूची के स्थान पर व्यावहारिक आधार अपनाने की मांग रखी. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आश्वस्त किया कि किसी भी पात्र नागरिक को केवल दस्तावेज की कमी के आधार पर वंचित नहीं किया जाएगा.

## मोना स्कूल ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन में बीबीए, बीसीए में निःशुल्क नामांकन- रहना, खाना और पढ़ाई पूरी तरह फ्री



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, पटना द्वारा संचालित मोना स्कूल ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन, शीतला मंदिर, पहाड़ी रोड, लोहे का गोदाम के पास, अगमकुआं, पटना में सत्र 2025-26 के लिए बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) एवं बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) कोर्सो में निःशुल्क नामांकन प्रारंभ कर दिया गया है। यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए छात्रों को रहना, खाना और पढ़ाई पूरी तरह निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करा रही है। यह सुविधा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से छात्रों को दी जा रही है, जिससे उन्हें अपने उच्च शिक्षा की राह में किसी भी प्रकार की आर्थिक परेशानी नहीं होती। संस्थान में पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिसमें हाईटेक कंप्यूटर लैब, वाय-फाय युक्त स्मार्ट कैंपस, खेल का विशाल मैदान, अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सपोर्ट जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। मोना स्कूल ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन, पटना में शिक्षा का वातावरण अनुशासित, तकनीकी रूप से उन्नत और करियर केंद्रित है। चेयरमैन डॉ. डी.के. सिंह का यह प्रयास है कि बिहार के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षित और प्रगतिशील भविष्य दिया जा सके। संस्थान का उद्देश्य छात्रों को सिर्फ डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुख बनाना है। इच्छुक छात्र शीघ्र संपर्क कर निःशुल्क नामांकन का लाभ उठाएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में पहला कदम बढ़ाएं। विशेष जानकारी हेतु मोना स्कूल ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन, शीतला मंदिर, पहाड़ी रोड, लोहे का गोदाम के पास, अगमकुआं, पटना या वेबसाइटः www.monacollegeprofessional.com पर लॉगिन करें।

# सरसों का तेल और चावल हुआ महंगा

**टमाटर समेत कई सब्जियों के दाम भी बढ़े, मॉनसून ने बिगाड़ दिया घर का बजट**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में लोगों को एक बार फिर महंगाई की मार झेलनी पड़ सकती है। क्योंकि, सरसों के तेल में प्रति लीटर 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा चावल के दाम भी बढ़े हैं।

जानकारी के मुताबिक, इस साल लगभग 111 लाख टन सरसों की फसल होने का अनुमान था, लेकिन अब तक करीब 95 लाख टन ही मार्केट में सप्लाई आई है। तेल के थोक कारोबारी हेमंत गुप्ता बताते हैं कि बीते एक महीने में सरसों के तेल में लगभग 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।



**क्यों महंगा हुआ तेल?-** इसके पीछे कई कारण हैं। एक तो जून के महीने में सरसों के तेल की डिमांड बढ़ जाती है। जिसकी वजह से दाम में बढ़ोतरी होती है। इसके अलावा कई किसानों ने अभी फसल को मार्केट में नहीं उतारा है। जिससे इसकी कमी बनी हुई है। जिससे सरसों के तेल के दाम में उछाल आया है।

चावल कारोबारी सचिन शर्मा बताते हैं कि इन दिनों ईरान में चावल की सप्लाई प्रभावित है। लेकिन देश में घरेलू चावल की डिमांड कुछ तेज हुई है। जिससे चावल कारोबारियों को थोड़ी राहत मिली है।

## बारिश से महंगी हुई सब्जियां

राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश के कारण घर का बजट और बिगड़ गया है। बारिश के चलते सब्जियों के दाम में तेजी आई है। दिल्ली-एनसीआर में टमाटर और हरी सब्जियों की कीमत आसमान पर पहुंच गई है।

टमाटर की कीमत 15 रुपये से बढ़कर 50 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। वहीं शिमला मिर्च 80 किलो तक बिक रही है। बैंगन का भाव 80 रुपये प्रति किलो और भिंडी भी 80 रुपये किलो तक पहुंच गई है। हालांकि अलग-अलग मार्केट के अनुसार सब्जियों की कीमत अलग-अलग हो सकती है।

## फसल को पहुंचा नुकसान

सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक बारिश के कारण सब्जियों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे सब्जियों के प्रोडक्शन में काफी कमी आई है। यही कारण है सब्जियों की बाजार में आवक काफी कम है और इनके दाम में तेजी आ रही है।

# आईपीओ से पहले ब्रिगेड होटल वेंचको सफलता, 1.4 करोड़ शेयर बेचकर जुटाई बड़ी रकम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले बड़ी सफलता मिली है। दरअसल, कंपनी ने 360 वन अल्टरनेटिव्स एसेट मैनेजमेंट को शेयर बेचकर 126 करोड़ रुपये जुटाए हैं। ब्रिगेड होटल वेंचर्स बेंगलुरु स्थित रियल एस्टेट कंपनी ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सब्सिडयरी कंपनी है। बता दें कि ब्रिगेड होटल वेंचर्स ने 360 वन अल्टरनेट्स एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (360 वन) को 90




रुपये प्रति शेयर के भाव पर 1.4 करोड़ शेयर जारी किए। यह लेनदेन कंपनी की पूर्व-प्रस्ताव शेयर पूंजी का 4.74 प्रतिशत है।

**900 करोड़ रुपये तक के नए शेयर-** दस्तावेज के अनुसार, कंपनी के आईपीओ में 900 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इससे हासिल राशि में से कंपनी करीब 480 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर्ज चुकाने और 107 करोड़ रुपये जमीन खरीदने में करेगी। शेष राशि का इस्तेमाल अन्य कार्यों के लिए रखा जाएगा। जेएम फाइनेंशियल और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज को आईपीओ के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया है। ब्रिगेड होटल वेंचर्स दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों में होटलों का स्वामित्व और डेवलप करता है। 2004 में हॉस्पिटैलिटी में प्रवेश करने के बाद से यह बेंगलुरु, चेन्नई, कोच्चि, मैसूर सिटी में नौ ऑपरेटिंग होटलों का प्रबंधन करने के लिए विकसित हुआ है, जो कुल 1,604 प्रमुख होटलों का प्रबंधन करता है। ये संपत्तियां मैरियट और इंटरकॉन्टिनेंटल होटल समूह जैसे प्रसिद्ध वैश्विक हॉस्पिटैलिटी ब्रांडों के तहत संचालित की जाती हैं। दक्षिण भारत में दूसरे सबसे बड़े निजी होटल परिसंपत्ति के मालिक के रूप में, ब्रिगेड होटल वेंचर्स अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करना जारी रखता है।

# उपभोक्ताओं को रिफंडः ई-कॉमर्स कंपनियों और खुदरा विक्रेताओं ने लौटाए 7.14 करोड़ रुपये

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) की मदद से पिछले दो महीनों में ई-कॉमर्स कंपनियों और अन्य खुदरा विक्रेताओं से 7.14 करोड़ का रिफंड मिला है। इस हेल्पलाइन के जरिये रिफंड दावों से जुड़ी 15,426 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया गया। उपभोक्ताओं की शिकायतें 30 क्षेत्रों से संबंधित थीं।




उपभोक्ता मामलों के विभाग ने शुक्रवार को बताया, कुल 15,426 शिकायतों में से सबसे ज्यादा 8,919 ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ आई।इनका निपटान किया गया। रिफंड में भी यह क्षेत्र सबसे आगे रहा और उपभोक्ताओं को 3.69 करोड़ रुपये का रिफंड दिलाया गया।विभाग ने कहा, 25 अप्रैल से 30 जून के बीच उपभोक्ताओं को कुल 7.14 करोड़ रुपये का रिफंड दिलाना हेल्पलाइन की प्रतिबद्धता, जवाबदेही और बेहतर कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

**17 भाषाओं में दर्ज करा सकते हैं शिकायत-** उपभोक्ता इस हेल्पलाइन पर एक टोल-फ्री नंबर 1915 के जरिये 17 भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

# पीयूष गोयल बोले- 153 देश भारत से खिलौना आयात कर रहे, सरकार क्षेत्र के लिए एक और योजना लाने की तैयारी में

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत का खिलौना उद्योग, जो पहले दूसरे देशों से आयात पर निर्भर था, अब घरेलू स्तर पर विनिर्माण कर रहा है और 153 देशों को निर्यात कर रहा है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज दिल्ली में 16वें टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी एक्सपो 2025 को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बदलाव लगातार नीतिगत समर्थन, गुणवत्ता मानकों के प्रवर्तन और स्थानीय विनिर्माण समूहों को मजबूत करने से संभव हुआ है।

मंत्री गोयल ने बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्युसीओ) से भारत में अच्छी गुणवत्ता वाले खिलौने बनने लगे हैं और हमारे खिलौने अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की 1.4 बिलियन की आबादी एक बड़ा कैप्टिव मार्केट प्रदान करती है, जो विनिर्माण को बढ़ाने के लिए एक स्वाभाविक लाभ प्रदान करती है। इस पैमाने के साथ, उद्योग लागत दक्षता प्राप्त कर सकता है और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकता है। उन्होंने कहा कि बड़ा घरेलू बाजार न केवल विस्तार का समर्थन करता है, बल्कि इसके लिए आधार का काम भी करता है।

पीयूष गोयल ने कहा कि अगर भारतीय कंपनियां



अच्छी ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग और मजबूत डिजाइन पर ध्यान दें, तो भारतीय खिलौने विदेशों में और ज्यादा पसंद किए जाएंगे।

**खिलौना उद्योग की तरक्की देश के विकास की मिसाल-** गोयल ने बताया कि खिलौना उद्योग की यह तरक्की देश के विकास की एक मिसाल है। उन्होंने याद दिलाया कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल अभियान शुरू किया था, तो कुछ लोगों को शक था कि भारतीय चीजें विदेशी सामान का मुकाबला नहीं कर पाएंगी। लेकिन आज आत्मनिर्भर भारत के सपने के साथ, देश में बने खिलौनों को ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

# 94 करोड़ लोगों को मिल रहा सामाजिक सुरक्षा योजना लाभ, अंत्योदय-समावेशी विकास नीति से सशक्त हो रहा देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बीते एक दशक में जो बदलाव आया है उसे अब लगातार अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है। बीते दिनों अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा जारी किए गए आंकड़े इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। 2015 में जहां भारत की महज 19 फीसदी जनसंख्या को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में माना जाता था, वहीं 2025 तक यह आंकड़ा बढ़कर 64.3 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। यानी, 94 करोड़ भारतीय अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

यह न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी एकउल्लेखनीय उपलब्धि है। भारत में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार सिर्फ संख्या की वृद्धि नहीं है बल्कि नीतियों के दृष्टिकोण में एक गहरा बदलाव भी




दर्शाता है। पहले जहां यह कल्याण योजनाएं केवल दिखावटी या चुनावी भाषणों तक सीमित थीं वहीं अब उन्हें डेटा आधारित, कानूनी रूप से समर्थित और संस्थागत रूप से प्रमाणित ढांचे में समाहित किया गया है। इस बदलाव से गांव-गरीब का भी 'सिस्टम' के प्रति भरोसा जाग रहा है।

अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की संकल्पना पर आधारित योजनाओं से बीते 10 वर्षों में यह स्पष्ट हुआ है कि कल्याण सिर्फ अब सरकारी जुमला नहीं है बल्कि शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सरकार की सबसे बड़ी सफलता यह रही है कि उसने कल्याणकारी योजनाओं को 'डिजिटल ट्रांसफर आधारित न्याय' में बदला। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजे गए।

# रिलायंस, अडानी और टाटा.... इन शेयरों को ट्रेडिंग फर्म ने बनाया था निशाना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अमेरिका के ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ग्रुप की चार इकाइयों को भारतीय सिक्योरिटी मार्केट में एंट्री करने से प्रतिबंधित कर दिया है। इन पर डेरिवेटिव सेगमेंट में धोखाधड़ी और हेरफेर का आरोप है। सेबी ने अपने 105 पन्नों के अंतरिम आदेश में जेन स्ट्रीट से जुड़े कई अहम खुलासे किए हैं। आदेश में यह भी बताया गया है कि जेन स्ट्रीट ग्रुप ने प्रमुख बैंक निफ्टी और निफ्टी 50 के शेयरों की खरीद और बिक्री के माध्यम से इंडेक्स स्तरों में कैसे हेरफेर कर बंपर कमाई की। सेबी ने 18 ट्रेडिंग सेशन की पहचान की है। इसमें से 15 में बैंक निफ्टी और तीन में निफ्टी 50 शामिल हैं।

**बैंक निफ्टी में कौन-कौन से बैंक शामिल-** जेन स्ट्रीट के कथित हेरफेर में मुख्य रूप से बैंक निफ्टी शामिल हैं। बैंक निफ्टी की बात करें तो इसमें एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, फेडरल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), केनरा बैंक और बंधन बैंक शामिल थे।

# अडानी बदलेंगे 3 के शेयर वाली कंपनी की किस्मत ! अधिग्रहण की रेस में सबसे आगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाला अडानी समूह जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण की रेस में सबसे आगे है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अडानी ने जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण की दौड़ में सबसे अधिक बोली लगाई है। अडानी समूह की बोली 12,500 करोड़ रुपये है। शेयर बाजार में इस कंपनी के शेयर की कीमत 3 रुपये है। बता दें कि लंबे समय से शेयर की ट्रेडिंग बंद है।



**ये कंपनियां भी रेस में-** अडानी समूह के अलावा जयप्रकाश एसोसिएट्स के लिए संभावित खरीदारों की सूची में अनिल अग्रवाल की वेदांता, जेएसपीएल (नवीन जिंदल), डालमिया भारत सीमेंट और पीएनसी इंफ्राटेक भी शामिल हैं।

**दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही कंपनी-** वित्तीय रूप से संकटग्रस्त इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल एस्टेट फर्म जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। इस कंपनी को तीन जून, 2024 के राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की इलाहाबाद पीठ के आदेश के माध्यम से कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में स्वीकृत किया गया था।

## जयप्रकाश एसोसिएट्स का साम्राज्य

जयप्रकाश एसोसिएट्स के पास प्रमुख रियल एस्टेट परियोजनाएं हैं। इनमें ग्रेटर नोएडा में जेपी ग्रीन्स, नोएडा में जेपी ग्रीन्स विशटाउन का एक हिस्सा (दोनों राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी इलाके में), और जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स सिटी, जो आगामी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट रणनीतिक रूप से स्थित है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में इसके तीन कॉमर्शियल/औद्योगिक कार्यालय भी हैं, जबकि इसके होटल खंड की दिल्ली-एनसीआर, मसूरी और आगरा में पांच संपत्तियां हैं। जयप्रकाश एसोसिएट्स के पास मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में चार सीमेंट कारखाने हैं और मध्यप्रदेश में कुछ पट्टे पर ली गई चूना पत्थर की खदानें हैं। हालांकि, सीमेंट कारखाने परिचालन में नहीं हैं।

# आधा हुआ टोल टैक्स ! सरकार ने दी नेशनल हाईवे पर गाड़ी चलाने वालों को राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स कम कर दिया है। यह कमी उन रास्तों पर हुई है जहां सुरंग, पुल या फ्लाईओवर हैं। सरकार ने टोल की दरों को 50 प्रतिशत तक घटा दिया है। इससे गाड़ी चलाने वालों का खर्च कम होगा। अभी तक एनएच शुल्क नियम, 2008 के हिसाब से टोल टैक्स लिया जाता था। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2008 के नियमों में बदलाव किया है। अब टोल टैक्स की गणना के लिए एक नया तरीका अपनाया जाएगा।

मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि नेशनल हाईवे के किसी हिस्से पर बने स्ट्रक्चर (पुल, सुरंग, फ्लाईओवर या एलिवेटेड हाईवे) के इस्तेमाल की दर की गणना इस तरह की जाएगीः स्ट्रक्चर की लंबाई को दस गुना करके, नेशनल हाईवे के उस हिस्से की लंबाई में जोड़ा जाएगा जिसमें स्ट्रक्चर नहीं है। या फिर नेशनल हाईवे के उस हिस्से की कुल लंबाई को पांच गुना किया जाएगा। दोनों में से जो भी कम होगा, उसे माना जाएगा। इसका मतलब है कि पुल, सुरंग या फ्लाईओवर की वजह से लगने वाले टोल को कम किया जाएगा।



## मंत्रालय ने उदाहरण देकर समझाया

एक उदाहरण में मंत्रालय ने बताया कि अगर नेशनल हाईवे का कोई हिस्सा 40 किलोमीटर का है। और इसमें सिर्फ स्ट्रक्चर ही है तो कम से कम लंबाई की गणना इस तरह होगीः 10 × 40 (स्ट्रक्चर की लंबाई का दस गुना) = 400 किलोमीटर या नेशनल हाईवे के हिस्से की कुल लंबाई का पांच गुना = 5 × 40 = 200 किलोमीटर।

**कितने पर लगेगा टैक्स?-** मंत्रालय ने आगे कहा कि टोल टैक्स कम लंबाई पर लगेगा, यानी 200 किलोमीटर पर। 400 किलोमीटर पर नहीं। इस मामले में यूजर चार्ज सड़क की लंबाई के सिर्फ आधे (50 प्रतिशत) पर ही लगेगा। इसका मतलब है कि अगर आप किसी ऐसे रास्ते से जा रहे हैं जिसमें पुल या सुरंग है, तो आपको पहले के मुकाबले कम टोल देना होगा।

**अभी टैक्स देने का क्या है नियम?-** अभी के नियमों के अनुसार, नेशनल हाईवे पर बने हर किलोमीटर के स्ट्रक्चर के लिए यूजर्स को दस गुना ज्यादा टोल देना पड़ता है। यानी, अगर किसी रास्ते पर एक किलोमीटर का पुल है।

# समस्या का खोजा ऐसा समाधान, सिर्फ 8000 रुपये से खड़ा कर दिया करोड़ों का साम्राज्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोयंबटूर की रहने वाली कृतिका कुमारन ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की है। हाउसवाइफ से बिजनेसवुमन बनने तक का उनका सफर प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने बेटी की त्वचा की समस्या के समाधान के लिए घरेलू साबुन बनाना शुरू किया। धीरे-धीरे यह काम एक बड़े बिजनेस में बदल गया। 2017 में शुरू हुआ यह बिजनेस आज करोड़ों रुपये का टर्नओवर कर रहा है। कृतिका ने यह सब सिर्फ 8,000-10,000 रुपये के छोटे से निवेश से शुरू किया था। उन्होंने विल्वह नाम से नैचुरल, ऑर्गेनिक और टिकाऊ पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज बनाई। आइए, यहां कृतिका कुमारन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**ऐसे तैयार हुआ रास्ता-** कोयंबटूर की कृतिका कुमारन ने अपनी बेटी की गंभीर एक्जिमा की समस्या के समाधान के लिए घर पर ही प्राकृतिक साबुन बनाना शुरू किया। यह ऐसा कदम था जिसकी प्रेरणा उन्हें अपने परिवार से ही मिली। कृतिका की मां कई दशकों तक गंभीर त्वचा समस्याओं से जूझती रहीं, जिसके लिए उन्हें कई दवाएं लेनी पड़ीं।




अपनी मां की त्वचा की समस्याओं को देखकर कृतिका प्राकृतिक और सुरक्षित विकल्पों की तलाश करने लगीं। बाद में यही तरीके अपनाकर उन्होंने अपनी बेटी की समस्या को दूर किया। तमिलनाडु के गोबिचेट्टीपलायम के एक कृषि प्रधान शहर में पली-बढ़ीं कृतिका ने इंजीनियरिंग की है। उन्होंने यू ट्यूब वीडियो देखकर और कॉस्मेटोलॉजी में डिप्लोमा करके अपने ज्ञान को बढ़ाया। 2017 में उन्होंने बकरी के दूध, जैतून के तेल और अरंडी के तेल जैसी प्राकृतिक सामग्रियों का इस्तेमाल करके साबुन बनाना शुरू किया। उनके पहले बकरी के दूध के साबुन ने उनकी बेटी की त्वचा पर चमत्कारी प्रभाव दिखाया। इससे घर के बने उत्पादों पर उनका विश्वास बढ़ गया।

**मामूली पूंजी से काम किया शुरू-** उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता से उत्साहित होकर कृतिका ने मार्च 2017 में अपने घर की रसोई से विल्वह ब्रांड की शुरुआत की। यह नाम पवित्र बिल्वम पत्ती से लिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया, विशेष रूप से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपने उत्पादों का प्रचार किया। जल्द ही उन्हें कोयंबटूर और तमिलनाडु के अन्य हिस्सों से ऑर्डर मिलने लगे। शुरुआत में केवल 8,000-10,000 रुपये के छोटे से निवेश के साथ कृतिका ने क्लासिक बकरी के दूध के साबुन, चारकोल साबुन और गुलाब साबुन जैसे विभिन्न उत्पाद बनाने शुरू किए। इनमें बकरी का दूध मुख्य सामग्री बनी रही।

## बढ़ने लगा बिजनेस

जैसे-जैसे मांग बढ़ी, विल्वह का विस्तार हुआ। कृतिका ने अमेजन, फ्लिपकार्ट और नायका जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों को लिस्ट करके अपनी पहुंच बढ़ाई। पांच महीने के भीतर उन्होंने अपने घर के पीछे 1,000 वर्ग फीट की एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की। इसमें मशीनरी पर लगभग 10 लाख रुपये का निवेश किया। 2020 में विल्वह को एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में रजिस्टर किया गया। कृतिका के पति तमिल कुमारन भी बाद में व्यवसाय में शामिल हो गए। पहले वह अपने परिवार के टेक्सटाइल व्यवसाय में थे। उन्होंने एमबीए किया हुआ है। वह विल्वह में फाइनेंस और व्यवसाय प्रबंधन को संभालते हैं। जबकि कृतिका प्रोडक्शन को देखती हैं।

## अब करोड़ों का टर्नओवर

विल्वह ने अपने पहले साल में ही 1 करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल किया था। तब से यह ब्रांड लगातार बढ़ रहा है। साल 2023 में यह टर्नओवर 29 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ब्रांड अब लगभग 70 अलग-अलग स्किनकेयर और हेयर केयर उत्पाद बेचता है। साथ ही लगभग 100 लोगों को रोजगार देता है। चेन्नई और कोयंबटूर में अपने खुद के फिजिकल स्टोर खोलने के साथ विल्वह की 50 प्रतिशत बिक्री सीधे उसकी वेबसाइट, 20 प्रतिशत स्टोर्स से और 30 प्रतिशत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से होती है। कृतिका विशेष रूप से अपने मिल्क रेंज प्रोडक्टों पर जोर देती हैं। इनमें मिल्क क्रीम, ब्राइटनिंग सीरम और गोट मिल्क शैम्पू शामिल हैं। उनका उद्देश्य बाजार में अन्य ब्रांडों से इन्हें अलग करना है। कृतिका ने दिखाया है कि दृढ़ संकल्प और जुनून के साथ कुछ भी करना संभव है।

# जेन स्ट्रीट मामलाः बैन के बाद भी खत्म नहीं हुई जांच, सेबी की पैनी नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की जेन स्ट्रीट मामले में जांच अंतरिम आदेश के बाद भी जारी रहेगी। न्यूज एजेंसी पीटीआई सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेबी ने अभी तक बैंक निफ्टी के प्रथम दृष्टया 18 दिनों और निफ्टी सूचकांक में 'एक्सपायरी' के दिनों में तीन दिनों की हेरफेर की ही जांच की है। सूत्रों ने कहा कि जांच अन्य एक्सपायरी दिनों, बाजारों पर डील सहित सूचकांकों, संभावित रुझानों पर केंद्रित होगी। हालांकि यह नहीं बताया कि जांच में कितना समय लगेगा, और कहा कि जांच का दायरा काफी बड़ा है।

## सेबी ने लगाया है प्रतिबंध

बाजार नियामक ने आदेश में न्यूयॉर्क स्थित हेज फंड जेन स्ट्रीट को कैश और फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग में दांव लगाकर सूचकांकों में हेरफेर करने का दोषी पाया है, ताकि अच्छा मुनाफा कमाया जा सके। सेबी ने हेज फंड को बाजार तक पहुंचने से निलंबित कर दिया है और 4,843 करोड़ रुपये से अधिक के लाभ को जब्त कर लिया है। जांच में पाया गया कि जनवरी 2023-मई 2025 की जांच अवधि के दौरान जेएस ने नेट बेस पर 36,671 करोड़ रुपये का लाभ कमाया।

## प्रतिक्रिया से बचने पर जोर

सेबी के सूत्रों ने ऐसी प्रतिक्रिया से बचने पर जोर दिया, जहां खुलासे से अधिक विनियमन हो और इसके बजाय उसने बेहतर प्रवर्तन की वकालत की। उन्होंने कहा, मौजूदा विनियमों का बेहतर प्रवर्तन वास्तव में इष्टतम विनियमन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। दूसरी ओर, अधिक विनियमन खराब प्रवर्तन की भरपाई नहीं कर सकते। सूत्रों ने कहा कि नियामक निवेशक सुरक्षा, बाजार स्थिरता और निरंतर पूंजी निर्माण के लिए समर्थन सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से वायदा और विकल्प क्षेत्र की निगरानी करना जारी रखेगा।

उन्होंने कहा कि खुदरा निवेशकों को होने वाले अधिक नुकसान की ओर इशारा करने वाले अध्ययनों के बाद फ्यूचन-ऑप्शन सेग्मेंट पर सेबी की कार्रवाई ने डील खत्म होने के दिनों में खुदरा गतिविधि को कुछ हद तक कम कर दिया है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 05-07-2025 21:30 Page 1



# कोयला खदान का हिस्सा धंसने से एक की मौत

**▶ कई के फंसे होने की आशंका ▶ राहत और बचाव कार्य जारी ▶ अवैध खनन बना कारण**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में अवैध खनन के दौरान कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद मलबे में कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। घटना जिले के कर्मा इलाके में तड़के हुई। राहत और बचाव अभियान के लिए एक प्रशासनिक टीम को भेजा गया है।
कुजू पुलिस चौकी के प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने पीटीआई को बताया कि अभी तक एक शव बरामद किया गया है और बचाव अभियान जारी है, क्योंकि कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि कुछ ग्रामीण मौके पर कोयले के अवैध खनन में शामिल थे। रामगढ़ के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) फैज अक अहमद मुमताज ने बताया कि हमें सुबह घटना की जानकारी मिली।
मामले की जांच के लिए एक प्रशासनिक टीम को मौके पर भेजा गया है।
खदान ढहने पर एसडीएम रामगढ़ अनुराग तिवारी ने कहा कि घटना सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की सीमा में हुई है। हम खदान ढहने वाली जगह पर पहुंच गए हैं। सभी कोणों से जांच की जा रही है, जिसके बाद कारण, हताहतों और चोटों का पता लगाया जा सकेगा... यह सीसीएल में अवैध खनन का मामला है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, 'झारखंड में लोगों को जोखिम में डालकर, खदानों में काम करवाया जा रहा है। खदान धंसने से लोगों को मौत भी हो जाती है। सीधे तौर पर यह सब प्रशासन की देख-रेख में ही होता है। कोलियरी के क्षेत्रों में अवैध तौर पर खनन करवाया जाता है, जिसमें सुनियोजित तरीके से माफिया जुड़े हुए हैं। सरकार यदि एक बार मजबूती से तय कर ले कि अवैध खनन नहीं करवाना है तो कम से कम इस प्रकार की खदानें जहां धंसने की आशंका होती है बंद करवाई जा सकती हैं... यह सब कुछ सरकार के संज्ञान में है बल्कि हमारा कहना है कि सरकार की देख-रेख में ही ये सारे काम होते हैं।'

# 15वें वित्त की लंबित राशि भुगतान को ले पंचायत संघर्ष समिति का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पांडू प्रखंड परिसर में सात सूत्री मांगों को ले शनिवार को त्रिस्तरीय पंचायत संघर्ष समिति के निर्वाचित प्रतिनिधियों ने एक दिवसीय धरना दिया। दिनभर चले धरना प्रदर्शन की शुरूआत में पांडू प्रखण्ड प्रमुख नीतू सिंह की अध्यक्षता में हुई। धरने में उपस्थित स्थानीय त्रिस्तरीय पंचायत समिति के प्रतिनिधियों ने हाथों में मांगों से संबंधित तख्ती लिए राज्य सरकार से 15वें वित्त आयोग की 2024-25 की लंबित राशि का अविलंब भुगतान करने, झारखंड राज्य वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित राशि का भुगतान करने आदि मांगों को पूरा करने के सामूहिक रूप से जोरदार नारे लगाए।
पंचायत प्रतिनिधियों के सामूहिक धरना में चैनपुर के जिप प्रमोद कुमार सिंह व फजायल अहमद, चैनपुर प्रमुख सुनील सिंह, विश्रामपुर जिप सदस्य विजय रविदास, लेसलीगंज जिप सदस्य विजय राम ने जिला के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जिलास्तर पर लिए गए प्रखंडवार धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के शुरूआती प्रथम चरण के पांडू में आयोजित कार्यक्रम को मजबूती दिलाया। वहीं पांडू की जिप सदस्य मीना देवी, उप प्रमुख



सोनी देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि अविनाश कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह, डालाकला मुखिया रामकुमार यादव, तीसीबार मुखिया पूनम देवी, रतनाग मुखिया शशिभूषण पाल, सिलदिली मुखिया प्रतिनिधि बाल मुकुंद पासवान, मुसिखाप के पंसस रामप्रवेश साव, सिलदिली के पंसस नंदू बैठा, महुंगावा के पंसस प्रतिनिधि संतोष राम के अलावा वरिष्ठ समाजसेवी भाई गोबिंद सिंह व सिंटू सिंह, युवा नेता अरविंद कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।
इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कई जनप्रतिनिधियों ने अपने हक व अधिकार की लड़ाई अधिकार मिलने तक जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में पांडू जिप सदस्य मीना देवी, ब्लॉक प्रमुख नीतू सिंह सहित सभी आगत जिप सदस्य व वरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्री मांग पत्र पांडू बीडीओ सह सीओ रणबीर कुमार को सौंपा। बीडीओ सह सीओ ने ज्ञापन को सक्षम पदाधिकारी के मार्फत सूबे के मुख्यमंत्री तक भेज देने का आश्वासन दिया।

# स्थापना दिवस पर राजद जिला इकाई में दिखी रार

**चतरा।** राष्ट्रीय जनता दल की चतरा जिला इकाई दो भागों में बंट गई है।एक का नेतृत्व लगातार तीसरी बार निर्वाचित हुए जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव कर रहे हैं, तो दूसरे का प्रदेश सचिव योगेंद्र कुमार यादव एवं दिनेश दांगी आदि। पार्टी के स्थापना दिवस पर दोनों खेमों ने अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित स्थापना दिवस समारोह बीएसएनएल टेलीफोन टावर रोड स्थित वरिष्ठ नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवासीय परिसर में, तो विक्षुब्ध गुट का आयोजन नगवां मोहल्ला स्थित मोतीराम पासवान मैदान में हुआ।जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने विक्षुब्ध गुट के आयोजन को लेकर अनभिज्ञता जताई। कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। वहीं विरोधी गुट का दावा है कि राजद का असली सिपाही हम ही लोग हैं। प्रस्तुत है दोनों के आरोप-प्रति आरोप का संक्षिप्त विवरण। लगातार तीन बार से पार्टी का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव कहते हैं कि संगठन का स्थापना दिवस है, इस निमित्त कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। हर साल पांच जुलाई को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाता है।संगठन के नेता और कार्यकर्ता यहां के आयोजन में उपस्थित हैं। दूसरे गुट की जानकारी नहीं है और न ही उनके कार्यक्रम को लेकर किसी प्रकार की जानकारी दी गई है। दल के भीतर कोई गुटबाजी नहीं है।राष्ट्रीय जनता दल के समर्थित नेता और कार्यकर्ता एकजुट हैं। वर्करों की एकजुटता कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ से स्पष्ट हो जाती है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश को उपस्थित होना था।पटना में पार्टी का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन होने के कारण दोनों उपस्थित नहीं हो सके। स्थापना दिवस कार्यक्रम समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता अतीक मंसुरी, अब्दुल्लाह अंसारी, प्रतीक अंगार सहित भारी संख्या में नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष ने मौके पर केक काटा।

# बीमार अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लकड़ा से मिले मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लकड़ा का इलाज राजधानी रांची स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल में जारी है। मंगलवार को राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की अस्पताल पहुंचीं और बिमल लकड़ा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंत्री नेहा तिर्की ने हॉकी खिलाड़ी की पत्नी कांति विमल लकड़ा और समाजसेवी अनिल अभिताभ पन्ना से पूरी घटना की विस्तृत जानकारी भी ली। उन्होंने डॉक्टरों की टीम से इलाज की प्रगति के बारे में चर्चा की और बेहतर इलाज के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।



मंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि बिमल लकड़ा जल्द स्वस्थ हों और अपने परिवार के साथ पहले की तरह सामान्य जीवन बिताएं। बताया गया कि बिमल लकड़ा के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है और डॉक्टरों की टीम दिन-रात उनकी देखभाल में जुटी है।
इससे पहले राज्यपाल संतोष गंगवार, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी अस्पताल जाकर बिमल लकड़ा का हालचाल ले चुके हैं। बता दें कि बिमल लकड़ा ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी मुकाबलों में देश का प्रतिनिधित्व किया है। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना राज्य के हॉकी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों द्वारा लगातार की जा रही है।

## 15 जुलाई से कई ट्रेनें रहेगी रद्द

**चक्रधरपुर।** 15 जुलाई से लेकर 02 अगस्त तक आदित्यपुर-गमहरिया-आदित्यपुर स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन रेल लाइन में रेलवे प्रतिदिन 05.30 घंटे के मेगा ब्लॉक लेकर ट्रैक रिन्यूअल ट्रेन मशीन के द्वारा रेल लाइन दुरूस्त करने का कार्य करेगी।इस वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 16 ट्रेनों को विभिन्न तिथियों में रद कर दिया है।जबकि 08 एक्सप्रेस ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन कर और 05 ट्रेनों का परिवर्तित मार्ग से चलाने की घोषणा कर दी है।इस संबंध में इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे के डिप्टी चीफ ऑपरेशंस मैनेजर श्रीनिवास सामंत ने अधिसूचना पत्र जारी कर दिया है। ट्रेनों के बडे पैमाने में रद होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।15, 19, 22, 26, 29 जुलाई और 02 अगस्त को ट्रेन नंबर 18602 / 18601 हटिया-टाटा-हटिया एक्सप्रेस।15, 19, 22, 26, 29 जुलाई और 02 अगस्त को ट्रेन नंबर 12021 / 12022 हावड़ा - बड़बिल -हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस।

# सब्जी में छिपकली मिलने से दर्जनों छात्राएं बीमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले से एक चिंताजनक खबर सामने आई है, जहां कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की करीब दो दर्जन छात्राएं नाश्ते में छिपकली मिली सब्जी खाने के बाद बीमार पड़ गईं। सभी छात्राओं को तत्काल गोड्डा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार छात्राएं फिलहाल खतरे से बाहर हैं।
घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, छात्राओं को सुबह नाश्ते में चूड़ा और सब्जी परोसी गई थी। नाश्ता करने के कुछ ही देर बाद छात्राओं को उल्टी और सिरदर्द की शिकायत होने लगी। स्थिति बिगड़ने पर हॉस्टल प्रभारी पूजा भारती ने सभी बीमार छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में भर्ती छात्राओं, सोनम कुमारी और डोली कुमारी ने बताया कि जैसे ही उन्होंने चूड़ा-सब्जी खाई, उन्हें सिर में तेज दर्द और उल्टी होने लगी। जब खाने की जांच की गई तो सब्जी में मरी हुई

**मामला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का**

छिपकली पाई गई। यह घटना स्कूलों में साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है।
घटना की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पूरे मामले की जांच कराने की बात कही है। वहीं, झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री और स्थानीय विधायक संजय यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अस्पताल में इलाजरत छात्राओं से बातचीत की और स्थिति की जानकारी ली। मंत्री ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील और रसोई व्यवस्था की लापरवाही को उजागर करती है। यह आवश्यक है कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों और बच्चों की जान जोखिम में न पड़े।

# उपायुक्त ने किया एफसीआई गोदाम का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज हजारीबाग स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्यान्न की गुणवत्ता, गोदाम की संरचनात्मक स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा तथा रख-रखाव से संबंधित व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की।




उपायुक्त ने विशेष रूप से बारिश के मौसम को देखते हुए निर्देश दिया कि खाद्यान्नों को नमी से बचाने के लिए प्रभावी और ठोस उपाय किए जाएं। साथ ही चूहों से सुरक्षा, अग्निशमन यंत्रों की स्थिति तथा अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई। उन्होंने कहा कि गोदाम के भीतर खाद्यान्नों की सुरक्षा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
उन्होंने कीटनाशकों के छिड़काव की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए मेलेथ्रॉन स्प्रे के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए ताकि खाद्यान्न कीट-प्रकोप से सुरक्षित रह सकें। इसके साथ ही एफएसएसएआई लाइसेंस की वैधता की जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने को कहा कि गोदाम में संग्रहित सभी खाद्यान्न मानक अनुरूप हों।
उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि जनहित में खाद्यान्न वितरण से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश गोदाम परिसर में प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं, जिससे लाभुकों को पूरी जानकारी मिल सके।उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का भंडारण पूर्ण सावधानी और मानकों के अनुरूप हो ताकि जनवितरण प्रणाली के तहत लाभार्थियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न प्राप्त हो सके। मौके पर डीएसओ सहित भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रेन के ठहराव से लोगों में हर्ष

**कोडरमा।** चिचाकी स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 18624 हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस के नियमित ठहराव की मांग आखिरकार पूरी हो गई। शुक्रवार की रात को इस गाड़ी के ठहराव का विधिवत शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर विधायक नागेंद्र महतो मौजूद रहे। इसके अलावा, भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधियों ने चिचाकी स्टेशन पर उपस्थित होकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम में रेलवे के मंडल अधिकारियों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों, रेलवे कर्मियों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। जनहित में लिए गए इस निर्णय से चिचाकी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को यात्रा में बहुत सुविधा मिलेगी। अब तक इस महत्वपूर्ण ट्रेन का चिचाकी में ठहराव नहीं था, जिससे यात्रियों को मजबूरन अन्य स्टेशनों तक जाना पड़ता था।

# माता हीरामणि निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर के सेवा दल की टीम देवघर रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय सुदना में माता हीरामणि निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर के 160 सेवा दल की टीम देवघर में आयोजित शिविर के लिए प्रस्थान किया। टीम को पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, डीएसपी मणिभूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया, प्रथम मेयर अरुणा शंकर, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, जेएमएम के ज़िला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, भाजपा ज़िला अध्यक्ष अमित तिवारी, विनोद सिंह, दुर्गा जौहरी, रूपा सिंह, मंजू गुप्ता, लवली गुप्ता, विभाकर पांडेय, डॉक्टर नारायण चन्द अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, अविनाश देव ने संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर बाबा भोलेनाथ के जयकारे के साथ टीम के कारवां को रवाना किया।
मौके पर प्रमोद अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर



कंचन अग्रवाल ने कहा कि माता हीरामणि देवी निशुल्क कांवरिया सेवा शिविर 1998 से लगातार देवघर में कांवरिया बन्धुओं के लिए एक महीना सेवा शिविर लगाकर 200 सेवादार सुबह 4 बजे से रात 11 बजे तक सेवा में तत्पर रहते हैं। शिविर में सुबह 5 बजे से 8 दिन तक डाक बाम का विशेष सेवा किया जाता है।
कांवरिया बन्धुओं के लिए सुबह 6 बजे से 10 बजे दिन तक चाय बिस्किट व फल, 10 बजे से 12.30 दोपहर तक हलवा, पोहा, चाय व फल इत्यादि की व्यवस्था की गई है। 12.30 बजे दोपहर से 3 बजे तक शुद्ध लंगर में पूड़ी, बुंदिया सब्जी, अचार, रायता, पानी प्रदान किया जाता है।
फलाहार कांवरियों के लिए फल की व्यवस्था की गई है। साथ ही भक्ति जागरण चलते रहता है। 3 बजे से शाम 4.30 बजे तक पूरे शिविर की साफ- सफाई के साथ सेवादारों का भोजन, 4.30 से 6 बजे तक चाय व पानी, 6.15 से 6.45 तक भव्य आरती, 7 बजे शाम से 10.15 तक लंगर, भक्ति जागरण व तरह- तरह की भक्तिमय झांकी 11 बजे रात तक प्रतिदिन आयोजित होंगे। शिविर में कांवरिया बन्धुओं के विश्राम की उत्तम व्यवस्था रहेगी। मौके पर मनीष अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, अमरीश अग्रवाल, प्रदीप कुमार, राजा कुमार, संजू कुमार, प्रमोद कुमार व राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग शामिल थे।

# एनटीपीसी ने महिलाओं को उपलब्ध कराए गैस चूल्हे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग** । महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा द्वारा राहम गांव की आजीविका महिला ग्राम संगठन की महिलाओं को 20 दरियां एवं 2 गैस चूल्हे प्रदान किए गए। यह पहल वसुधरा लेडीज क्लब एवं सीडी/सीएसआर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई।
इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर समाज में सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। कार्यक्रम में वसुधरा लेडीज क्लब की अध्यक्षा दीपाली आचार्य ने उपस्थित महिलाओं को प्रोत्साहित किया और उनके समर्पण की सराहना की।
कार्यक्रम में सीएसआर कार्यपालक राहुल एवं वसुधरा क्लब की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने महिलाओं के साथ संवाद कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह पहल न सिर्फ महिलाओं को आजीविका का साधन उपलब्ध कराती है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और स्वावलंबन की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।

# निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायतों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय रहीं, जिन्होंने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और झारखंड इसका सशक्त उदाहरण है, जहां 55 प्रतिशत पंचायत प्रतिनिधि महिलाएं हैं।
मंत्री ने कहा कि महिलाएं जैसे अपने परिवार का संचालन करती हैं, वैसे ही वे पंचायतों का भी कुशल संचालन कर सकती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों को जानें और पूरी तैयारी के साथ प्रशिक्षण में भाग लें।
दीपिका सिंह पांडेय ने पंचायतों को मिलने वाले 15वें वित्त आयोग के फंड पर भी बात करते हुए कहा कि इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में महिला प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने साफ कहा कि पंचायत भवन में मुखिया पति का कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए, पंचायत का काम सिर्फ निर्वाचित मुखिया को ही करना है।
मंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं को केवल सम्मान नहीं देती, बल्कि उन्हें गांव के विकास की धुरी बनने की ओर प्रेरित करती है। आज महिलाएं केवल प्रतिनिधि नहीं, बल्कि बदलाव की अग्रदूत बन रही हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें उस भूमिका के लिए और अधिक दक्ष बनाएगा, उन्होंने कहा।
पंचायती राज निदेशक बी. राजेश्वरी ने जानकारी दी कि राज्य भर की लगभग 17,000 निर्वाचित महिला पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मॉडल स्तर से शुरू होकर प्रमंडलीय और फिर ब्लॉक स्तर तक चलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि कई जगहों पर मुखिया पति ही सक्रिय रहते हैं, जबकि निर्वाचित महिलाएं नेतृत्व नहीं निभा पा रही हैं। यह प्रशिक्षण महिलाओं को नेतृत्व के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक अहम कदम होगा।
उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अफीम की खेती को नष्ट करने में महिला मुखिया का विशेष योगदान रहा है, जो उनके प्रभावशाली नेतृत्व को दशार्ता है। कार्यक्रम का संचालन पंचायती राज समन्वयक सलोनी ने किया, जबकि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर शैलेश कुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। सीआरटी के प्राचार्य पद्मनाम ने अतिथियों का स्वागत किया।
प्रशिक्षण में भाग लेने आई महिला पंचायत प्रतिनिधियों जैसे सिंधु मुर्मू, सुमन सिरका, मधु लकड़ा आदि ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण समय-समय पर आवश्यक हैं ताकि वे विकास योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुँचा सकें। जब तक हम खुद नहीं जानेंगे, तब तक योजनाओं को लोगों तक कैसे पहुँचाएंगे, उन्होंने कहा।

# जाली नोट के साथ तीन चढ़े पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस ने अर्टिगा कार से 1.30 लाख नकली नोट जब्त किया है। मामले में छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।
गिरफ्तार अपराधियों में जशपुर के तुमला थाना क्षेत्र के झारमुंडा निवासी सुधन यादव, थाना तुमला गांव अंकिरा निवासी गोस्वामी चौहान और नारायणपुर थाना क्षेत्र के के गोरिया निवासी दिलीप कुमार शामिल हैं। पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जांच अभियान के दौरान अर्टिगा कार की तलाशी के दौरान नकली नोट बरामद किए गए।
कार में रखे बैग में 500 के 260 जाली नोट यानी कुल एक लाख 30 हजार रुपये और 500 के असली नोट 5 यानी 2, 500 रुपये बरामद किए गए है।
शनिवार को प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ ललित मीणा ने बताया कि सूचना मिली थी कि शुक्रवार की शाम एक कार से जाली नोट के कारोबारी गुमला से जशपुर की ओर जाने वाले हैं।
पुलिस ने तत्काल छापेमारी दल का गठन कर रायडीह थाना गेट के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी क्रम में एक सफेद रंग की अर्टिगा कार गुमला से आती दिखी। पुलिस को देखकर कार जल्दी से मोड़ कर वापस तेजी से जाने लगी।
पुलिस ने पीछा कर गाड़ी को धर दबोचा। तीनों अपराधियों की चिकित्सीय जांच के बाद न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया गया। बाद में रिमांड पर लेकर पुलिस उनसे गदहन पूछताछ करेगी।
छापेमारी दल में एसडीपीओ ललित मीणा, थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, एस आई अजय यादव, एसपी कार्यालय के क्यूआरटी दल और रायडीह थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

CMYK

फीफा क्लब वर्ल्ड कप

## पाल्मेरास को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा चेल्सी



**फिलाडेल्फिया, एजेंसी।** अगस्टिन जियाय के अंतिम क्षणों में किए गए आत्मघाती गोल की बदौलत चेल्सी ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पाल्मेरास पर 2-1 से जीत हासिल की। यह मुकाबला फिलाडेल्फिया के लिंकन फाइनेंशियल फील्ड पर खेला गया। इसी के साथ चेल्सी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। कोल पाल्मर ने पहले हाफ में चेल्सी के लिए गोल किया, जिससे ब्लूज को न्यूयॉर्क में ब्राजील की टीम फ्लूमिनेंस के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने में मदद मिली। ब्रेक के बाद पाल्मेरास ने जोरदार वापसी की, जब युवा फुटबॉलर एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में एक शानदार गोल दागते हुए टीम को बराबरी पर ला दिया, लेकिन मुकाबले के 83वें मिनट में अगस्टिन जियाय के आत्मघाती गोल के चलते पाल्मेरास ने मुकाबला 1-2 से गंवा दिया। चेल्सी के मैनेजर एन्जो मारेस्का ने कहा, जैसा कि हमने उम्मीद की थी, यह एक मुश्किल मुकाबला था। मुझे लगता है कि दूसरे हाफ की तुलना में हम पहले हाफ में थोड़े बेहतर थे। हमने मुकाबले को बेहतर तरीके से कंट्रोल किया। मुझे लगता है कि हम जीत के हकदार थे। खिलाड़ियों को बधाई, क्योंकि उन्होंने काफी अच्छा खेल दिखाया हैं। मारेस्का ने आगे कहा, मैं खुश हूं क्योंकि हम जीत गए, खुश हूं क्योंकि उन्होंने गोल किया, इसलिए यह एक शानदार रात है। वहीं, दूसरी ओर फीफा क्लब विश्व कप 2025 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए फ्लूमिनेंसे ने अल हिलाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया है।

कनाडा ओपन

## चोउ तिएन चेन को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीकांत



**कैलगरी, एजेंसी।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सीधे गेम में 21-18, 21-9 से हराया। श्रीकांत ने चीनी ताइपे के वांग पो-वेई को 43 मिनट तक चले इस मुकाबले में शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया था।वर्तमान में विश्व में 49वें स्थान पर काबिज श्रीकांत अब फाइनल में जगह बनाने के लिए जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे। श्रीकांत के पास 30 वर्षीय केंटा निशिमोटो के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 6-4 की बढ़त है। भारतीय खिलाड़ी ने पिछली विश्व चैंपियनशिप में जापानी शटलर को सीधे गेम में हराया था। इसके बावजूद निशिमोटो अन्य भारतीय खिलाड़ियों के लिए चुनौतियां पेश करते रहे हैं। अपने कोर्ट कवरेज के लिए पहचाने जाने वाले निशिमोटो इस सीजन में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। निशिमोटो ने भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 21-15, 5-21, 21-17 से कड़ी टक्कर देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

# यशस्वी ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास, सचिन और विराट को छोड़ दिया पीछे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के ओपनिंग बैट्समैन यशस्वी जायसवाल ने एजबेस्टन टेस्ट के दौरान एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. इस दौरान उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की बराबरी कर ली है, जबकि मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया. यशस्वी जायसवाल ने ये मुकाम एजबेस्टन टेस्ट के दूसरी पारी के दौरान हासिल किया. जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में ये मुकाम हासिल करने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज हैं. लीड्स टेस्ट मैच में शानदार शतक लगाने वाले यशस्वी दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में कुछ खास नहीं कर पाए, लेकिन एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.

### यशस्वी ने कौन सा रिकॉर्ड बनाया?

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम पारियों में संयुक्त रूप से सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. इस दौरान उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग की बराबरी कर ली है. जायसवाल ने ये उपलब्धि एजबेस्टन टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 10वां रन बनाने के दौरान किया. हालांकि वो अपनी पारी को लंबी नहीं कर पाए और 22 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हो गए. यशस्वी ने पहली पारी में 87 रनों की शानदार पारी खेली थी.

जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट की 40वीं पारी में 2000 रन पूरे किए. इससे पहले राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग ने भी इतनी ही पारियों में 2000 रन पूरे किए थे. द्रविड़ ने साल 1999 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हैमिल्टन में और वीरेंद्र सहवाग ने साल 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में यह उपलब्धि हासिल की थी.

### 21वें टेस्ट मैच में हासिल की उपलब्धि

जायसवाल ने 21 टेस्ट मैचों की 40 पारियों में 53.10 की औसत से 2018 रन बनाए हैं. इसमें 5 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं. इस मामले में उन्होंने पूर्व भारतीय बल्लेबाज विजय हजारे और टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को पीछे छोड़ दिया. विजय हजारे और गौतम गंभीर ने 43 पारियों में 2000 रन पूरे किए थे. दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस लिस्ट में किसी के आसपास भी नहीं हैं. उन्होंने 53 पारियों में दो हजार रन पूरे किए थे.

इसके अलावा यशस्वी जायसवाल ने सबसे कम एज में दो हजार रन पूरे करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने 23 साल 188 दिन की एज में यह उपलब्धि हासिल की. इस मामले में सचिन तेंदुलकर उनसे आगे हैं. सचिन ने 20 साल 330 दिन में टेस्ट क्रिकेट में दो हजार रन पूरे किए थे.

## इंडिया-इंग्लैंड: इंग्लैंड ने भारत को 05 रन से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड की महिला टी20 टीम ने 5 मैच की सीरीज के तीसरे मुकाबले में हरमनप्रीत की अगुआई वाली भारतीय टीम को 5 रन के करीबी अंतर से हरा दिया। भारत को जीत के लिए अंतिम गेंद पर 6 रन की जरूरत थी। हरमनप्रीत कौर (23) ने छक्का लगाने की पूरी कोशिश की, लेकिन बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में लॉरेन बेल का शिकार हो गईं और भारत इतिहास रचने से चूक गया। भारत ने सीरीज के शुरुआती दोनों मैच अपने नाम किये थे। भारतीय टीम यदि तीसरा मैच भी जीत लेती तो 19 साल में पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ लगातार 3 टी20 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाती। पहली बार 2 या उससे ज्यादा मैच की सीरीज भी अपने नाम कर लेती। अब उसे सीरीज जीतने के लिए कम से कम अगले मैच तक इंतजार करना होगा। भारत बनाम इंग्लैंड चौथा टी20 इंटरनेशनल मैच 9 जुलाई को मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा।

भारत को तीसरा टी20 इंटरनेशनल मैच जीतने के लिए 172 रन का लक्ष्य मिला था। स्मृति मंधाना जब तक क्रीज पर मौजूद थीं तब तक उसके जीतने की 100 फीसदी संभावना लग रही थी। स्मृति मंधाना 16वें ओवर की तीसरी गेंद पर जब पवेलियन लौटीं तब टीम का स्कोर 3 विकेट पर 131 रन था। हालांकि, इसके बाद भारत अगली 27 गेंद में 41 रन नहीं बना पाया।

## आईओसी की वजह से एशिया कप हॉकी के लिए भारत आ रही पाकिस्तान टीम



**मुंबई, एजेंसी।** बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप हॉकी के लिए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम को भाग लेने की अनुमति देने के मुद्दे पर भारत सरकार मुश्किल में है। कई मौजूदा और पूर्व खेल प्रशासकों ने सरकार से अपने फैसले को वापस लेने और पाकिस्तान की टीम को भारत आने के लिए वीजा देने से इनकार करने का आग्रह किया है। किसी भी देश को राजनीतिक कारणों से किसी टूर्नामेंट का हिस्सा न बनाना ओलंपिक चार्टर के खिलाफ है। यह एक बड़ा कारण है कि भारत सरकार पाकिस्तान को एशिया कप हॉकी के लिए आने देना चाहती है। दरअसल, भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी चाहता है। अगर पाकिस्तान को अभी एशिया कप में भाग लेने से मना किया जाएगा, तो अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के सामने नकारात्मक संदेश जाएगा। वहीं, अगर पाकिस्तान भारत आता है, तो 2036 ओलंपिक की दावेदारी करते समय भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को मुश्किल नहीं आएगी।

पाकिस्तान टीम को एशिया कप हॉकी के लिए भारत आने देने का विरोध करने वाले शायद यह भूल रहे हैं कि आईओसी ने 2019 में अंतरराष्ट्रीय महासंघों से भारत को मेजबानी का अधिकार न देने पर विचार करने को कहा था, क्योंकि कोसोवो के मुक्केबाजों और पाकिस्तानी निशानेबाजों को भारत में होने वाले आयोजनों में भाग लेने के लिए वीजा देने से इनकार कर दिया गया था।

इसके परिणामस्वरूप आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने विशिष्ट स्पर्धा (पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल) की ओलंपिक योग्यता स्थिति को रद्द कर दिया और अंतरराष्ट्रीय महासंघों से भारत में वैश्विक स्पर्धाओं की मेजबानी पर विचार न करने को कहा।

## बर्मिंघम में बरसे शशिकला नेगी के मुक्के, वुशू प्रतियोगिता में कशिश ठाकुर ने जीता रजत





**सांगला(उप्र), एजेंसी।** किन्नौर की दूनी गांव की एसएसबी में कार्यरत मुक्केबाज शशिकला नेगी ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में अंतरराष्ट्रीय पुलिस खेलों की बॉक्सिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर की दूनी गांव की एसएसबी में कार्यरत मुक्केबाज शशिकला नेगी ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में अंतरराष्ट्रीय पुलिस खेलों की बॉक्सिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता है। एसएसबी सीएपीएफ दिल्ली में कार्यरत शशिकला नेगी का विश्व पुलिस खेलों में बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए पैरामिल्ट्री फोर्स की ओर से भारतीय महिला टीम में चयन हुआ है। नेगी ने 75 किग्रा में रजत पदक जीता। नेगी ने राष्ट्रीय स्पर्धाओं के अलावा अब तक चार बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक भी जीते हैं। विश्व चैंपियनशिप में बुल्गारिया और सर्बिया में भाग लिया है। इसके अलावा एआईबीए महिला जूनियर और युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2013 में भाग लिया। गोल्डन ग्लब्स मुक्केबाजी प्रतियोगिता 2014 में स्वर्ण पदक, पहली एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2016 में रजत हासिल कर चुकी हैं।

### जूनियर वुशू प्रतियोगिता में कशिश ठाकुर ने जीता रजत

24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीत के साथ आगाज किया है। दूसरे दिन हिमाचल के आठ खिलाड़ियों जीत दर्ज की है। प्रतियोगिता तेलंगाना के हैदराबाद में चल रही है। प्रदेश वुशू खेल संघ के महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि प्रदेश की खिलाड़ी कशिश ठाकुर ने ताईजीशान इवेंट में रजत पदक जीता है। कशिश ठाकुर इससे पहले खेलो इंडिया (महिला) प्रतियोगिता और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अब तक छह रजत मेडल जीत चुकी हैं। लड़कों के वर्ग में अक्षय कुमार ने 65 किलोग्राम में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के खिलाड़ी को हराकर जीत दर्ज की है। इसके 56 किलोग्राम भार में अनिल डोगरा ने तेलंगाना को, 70 किलोग्राम भार में पंकज ठाकुर ने पुडुचेरी के खिलाड़ी और 75 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में आर्यन अगले दौर में पहुंच गए हैं। लड़कियों के वर्ग में 45 किलोग्राम भार में शिवाली, सानिया ठाकुर 48 किलोग्राम भार में अगले दौर में पहुंच गई हैं। भूमिका ने 52 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में तेलंगाना, नीलम देवी ने 56 किलोग्राम भार वर्ग की प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की खिलाड़ी को पराजित किया। संघ के अध्यक्ष शिवपाल मनहास ने प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने और अन्य खिलाड़ियों की जीत पर बधाई दी है।

## विश्व मुक्केबाजी कप: नूपुर फाइनल में पहुंची, अविनाश जामवाल भी सेमीफाइनल में



**अस्ताना, एजेंसी।** कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के पदक की संख्या बढ़ गई है। नूपुर (80 किग्रा) फाइनल में पहुंच गई हैं, जबकि अविनाश जामवाल (65 किग्रा) ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। नूपुर ने सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तुर्की की सेमा दुस्ताज को 5-0 से हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह पक्की की। इससे पहले दिन में, अविनाश जामवाल ने पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में यूएसए के रेने कैमाचो को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया और अपने लिए पदक पक्का किया। नीरज फोगाट (65 किग्रा) और अनामिका (51 किग्रा) का अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। नीरज ने बेहतरीन तरीके से अपना मैच खेला लेकिन विभाजित निर्णय में 3-2 से हार गए। सेमीफाइनल में 10 मुक्केबाजों और फाइनल में एक के साथ भारत का अस्ताना में मजबूत प्रदर्शन रहा है। गुरुवार को हितेश गुलिया और साक्षी ने सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर पोडियम स्थान सुनिश्चित किया।

वर्ष की शुरुआत में ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की, जिससे उनके नाम एक और पदक सुनिश्चित हो गया।

महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में साक्षी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन करते हुए ब्राजील की तातियाना रेजिना डी जीसस चागास को सर्वसम्मत निर्णय से हराया। भारत ने ब्राजील में पिछले विश्व मुक्केबाजी कप में छह पदक जीते थे। इस साल नवंबर में नई दिल्ली में होने वाले फाइनल के साथ, अस्ताना चरण तैयारियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत ने ब्राजील के फोज डू इगुआकू में 2025 विश्व मुक्केबाजी कप के पहले चरण में एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को नई सहूलियत, अनारक्षित टिकट काउंटर की जगह बदली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अब अनारक्षित टिकट काउंटर में मामूली बदलाव किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ टिकट काउंटर को पहली मंजिल से ग्राउंड फ्लोर पर लाया गया है। यात्रियों को पहले सामान लेकर पहली मंजिल पर अनारक्षित टिकट लेने के लिए जाना पड़ता था, लेकिन अब बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ही टिकट काउंटर बना दिए गए हैं। वहीं पहली मंजिल पर टिकट काउंटर वाले स्थान पर अन्य व्यवसायिक गतिविधियां शुरू करने की योजना है। यहां पर वीआईपी लाउंज भी बनाया जा रहा है, जिसमें 50 रुपये प्रतिघंटा पर यात्री बैठ सकेंगे। जानकारी के मुताबिक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की ओर स्थित बिल्डिंग में पहली मंजिल पर लंबे समय से अनारक्षित टिकट काउंटर संचालित हो रहा था, जबकि ग्राउंड फ्लोर पर केवल प्लैटफॉर्म टिकट की सुविधा थी। पहले यात्रियों को अनारक्षित टिकट लेने के लिए पहली मंजिल तक जाना पड़ता था। वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान यह समस्या सामने आई। इसके बाद अनारक्षित टिकट काउंटरों को पहली मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट कर दिया गया है। पहली मंजिल पर एक वीआईपी लाउंज (विश्राम कक्ष) तैयार किया जा रहा है, जहां यात्री 50 रुपये प्रति घंटा शुल्क देकर आराम कर सकेंगे। वहीं, यात्रियों के लिए भी पहली मंजिल पर हॉल में रुकने की सुविधा भी होगी। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे पहले पहाड़गंज की दिशा में भी अनारक्षित टिकट काउंटर को ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट किया गया था।

### परिसर में प्रवेश के लिए अलग से मार्ग बनेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल, निचली अदालत द्वारा इन नेताओं को शराब नीति मामले में दस्तावेज उपलब्ध कराने के आदेश के खिलाफ सीबीआई ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। शुक्रवार को आरोपी व्यक्तियों को नोटिस जारी करते हुए जस्टिस रवींदर डुडेजा ने कहा कि वह इस मामले पर विस्तृत आदेश पारित करेंगे। सीबीआई ने निचली अदालत के 22 मई के आदेश को चुनौती दी थी। आदेश में जांच एजेंसी को निर्देश दिया गया था कि यदि एजेंसी सुनवाई में उन पर भरोसा नहीं कर रही है तो वह गवाहों और अभियुक्तों को भेजे गए अपने सभी नोटिस और लिखित संचार को प्राप्त जवाबों के अलावा अप्रमाणित दस्तावेजों की सूची में शामिल करे। निचली अदालत ने कहा था कि सूची उसके समक्ष दाखिल की जानी चाहिए और दस्तावेजों का निरीक्षण करने के लिए इसकी एक प्रति अभियुक्तों के साथ साझा की जानी चाहिए। निचली अदालत ने जांच अधिकारी को अन्य मुद्दों पर हलफनामा दाखिल करने को कहा था। सीबीआई के वकील ने हाई कोर्ट में दलील दी कि निचली अदालत सीबीआई से ऐसे दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए नहीं कह सकती थी, क्योंकि नोटिस जांच की सामग्री थी, साक्ष्य नहीं। जज ने सीबीआई के वकील से पूछा कि यदि एजेंसी ऐसे विवरण उपलब्ध कराती है तो इससे उसे क्या नुकसान होगा। अदालत को बताया गया कि इससे भविष्य के सभी मामलों में एक मिसाल कायम होगी तथा कानूनों को फिर से लिखने जैसा होगा। इसके विपरीत कुछ आरोपियों की ओर से पेश हुए वकीलों ने दलील दी कि सीबीआई को डर है कि यदि विवरण उपलब्ध करा दिया गया तो उसकी दोषपूर्ण जांच उजागर हो जाएगी। इस मामले में अन्य व्यापारियों के अलावा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तथा बीआरएस नेता के. कविता भी आरोपी हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने शराब आबकारी नीति में संशोधन के दौरान अनियमितताओं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को नीति लागू की और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत तक इसे रद्द कर दिया गया था। धन शोधन का यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा मामले की जांच की सिफारिश के बाद दर्ज किए गए सीबीआई के एक मामले के बाद सामने आया है।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने डीजेबी को फटकार लगाई 'आप लोगों से गंदा पानी पीने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं'

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने कॉलोनियों में दूषित जल आपूर्ति के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को कड़ी फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने जल बोर्ड से पूछा कि अधिकारी नागरिकों से दूषित पानी पीने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।

चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय एवं जस्टिस अनीश दयाल की बेंच उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि पूर्वी दिल्ली के योजना विहार, आनंद विहार, जागृति एंक्लेव व अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों के निवासियों को उनके घरेलू नलों में अत्यधिक दूषित पेयजल मिल रहा है।

बेंच ने पूछा कि जब तक कोई अदालत का दरवाजा न खटखटाए, तब तक क्या जल बोर्ड अपनी तरफ से कुछ नहीं करेगा? बेंच ने कहा, जल बोर्ड क्या यह चाहता है कि शहर के लोग दूषित पानी पीएं।




बेंच ने बीती 2 जुलाई को दिल्ली जल बोर्ड को संबंधित इलाकों का निरीक्षण करने का आदेश दिया था। जल बोर्ड की तरफ से बेंच को बताया गया कि जांच एजेंसी ने पाया कि योजना विहार क्षेत्र में जलापूर्ति पाइपलाइनें बहुत पुरानी हो गई हैं। उन्हें बदलने की जरूरत है। डीजेबी ने अपने सर्वे के आधार पर एक स्टेटस रिपोर्ट दायर की है। याचिकाकर्ता के घर व आसपास के क्षेत्रों सहित कई घरेलू कनेक्शन में पुरानी व क्षतिग्रस्त जल आपूर्ति पाइप से होने की बात स्वीकार की गई है। डीजेबी ने कहा कि पाइप लाइन को बदलने के लिए 7 जुलाई तक टेंडर मंगाए जाएंगे। 17 जुलाई तक ठेका दे दिया जाएगा। परियोजना को ठेके की तिथि से 20 दिनों में पूरा करने का प्रस्ताव था।

बेंच ने निर्देश दिया कि इन घरों में और इनके आसपास पुरानी और क्षतिग्रस्त जलापूर्ति पाइपों को बदलने से संबंधित कार्य किसी भी स्थिति में अगस्त 2025 तक पूरा किया जाना चाहिए और किसी भी विफलता को अदालत द्वारा गंभीरता से लिया जाएगा। इस मामले में अगली सुनवाई 13 अगस्त को निर्धारित की गई है। वहीं, दिल्ली के द्वारका सेक्टर-8 स्थित बी ब्लॉक में लगभग तीन वर्ष से स्वच्छ पानी की किल्लत बरकरार है। आलम यह है कि दिन में पानी आता नहीं और रात को बदबूदार गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। ऐसे में लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का दावा है कि जब से डीडीए से दिल्ली जल बोर्ड के पास यह क्षेत्र आया है तब से समस्या और बढ़ गई है। स्वच्छ पानी अब उनके लिए सपना रह गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर विधायक तक को पानी की परेशानी बताई है। इसके बावजूद समाधान नहीं हो रहा है। अब तो दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने फोन तक उठाना बंद कर दिया है।

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-8 बी-ब्लॉक के सचिव बीएस त्रिपाठी ने बताया कि पानी की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सीवेज, पार्क के रख-रखाव तक की समस्या है। इस ब्लॉक में 321 प्लॉट हैं, जिसमें 1200 परिवार रहते हैं।

## पहले ऑनलाइन दोस्ती फिर करवा दिया लड़के का अपहरण, दिल्ली में खौफनाक वारदात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में हैरान करने देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक लड़के से ऑनलाइन दोस्ती के बाद लड़की ने उसका अपहरण करा दिया। इतना ही नहीं, अपहरण के बाद पीड़ित 20 वर्षीय निखिल की बुरी तरह पिटाई भी की गई। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि पुलिस ने मामले में शुक्रवार को एक आरोपी संजीव कुमार लोहिया को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में फिरौती वसूलने के इरादे से अपहरण की बात सामने आ रही है। हालांकि परिवार को अपहरण के बाद फिरौती से संबंधित कोई कॉल नहीं मिली थी। पुलिस फरार लड़की समेत अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। अन्य साथियों तरुण, आकाश और अन्य के साथ मिलकर दो महीने पहले ही पीड़ित के अपहरण की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने खुशी नामक लड़की की मदद से पीड़ित को अपने जाल में फंसाया और पीड़ित को बुलाकर उसका अपहरण करने के साथ बुरी तरह पिटाई की। पुलिस के मौके पर आने से इनकी योजना खराब हो गई। फिलहाल आरोपियों के कब्जे से पीड़ित का मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक, शकरपुर के गणेश नगर-दो निवासी 20 साल के पीड़ित निखिल उर्फ चेतन से करीब दो महीने पहले खुशी नाम की लड़की ने व्हाट्सऐप पर संपर्क किया। उन दोनों की बातचीत होने लगी और पिछले गुरुवार को लड़की ने पीड़ित को मिलने के लिए बुलाया। पीड़ित निखिल के जाने के बाद उसकी बड़ी बहन को आरोपियों की तरफ से पीड़ित के ही मोबाइल फोन से धमकी भरी कॉल आई। कॉल पर आरोपियों में से एक ने खुद को खुशी का भाई बताया और कहा कि उन्होंने युवक को लड़की के साथ होटल में पकड़ा है।

## कभी सोचा नहीं था... दिल्ली के सीयूईटी टॉपर की सक्सेस स्टोरी, हासिल की ऑल इंडिया रैंक 2

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके की गलियां शुक्रवार को ढोल-नगाड़ों और खुशियों की गूंज से गुलजार थी। वजह थी 17 साल के अर्जव जैन की शानदार कामयाबी, जिन्होंने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट में ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल कर दिल्ली का नाम रौशन किया। अर्जव ने बताया कि उनकी परीक्षा अच्छी गई थी, लेकिन उन्होंने नहीं सोचा था कि वो टॉप कर देंगे।

कृष्णा नगर का यह होनहार सितारा हमेशा से दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ कैंपस में अपनी कॉलेज लाइफ की कल्पना करता था। उसका सपना है श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में दाखिला लेना और इकोनॉमिक्स में डिग्री हासिल करना। भाई परमानंद विद्या मंदिर से स्कूलिंग पूरी करने वाले अर्जव का कहते हैं, मेरे शिक्षकों ने हर सवाल का जवाब धैर्य से दिया और मेरे माता-पिता मेरी सबसे बड़ी ताकत बने। उनकी वजह से ही मैं आज यहां हूं। पिछले कुछ महीने अर्जव के लिए रात-



दिन पढ़ाई और तनाव से भरे थे। जब ह्रञ्ज ने आंसर की जारी की, तो उनकी धड़कनें बढ़ गई थीं। लेकिन अब, जब मेहनत रंग लाई, तो अर्जव का चेहरा खुशी से दमक रहा है। उन्होंने कहा, अब मैं कॉलेज लाइफ का मजा लूंगा। फेस्टिवल्स, नए दोस्त और करियर पर फोकस सब कुछ एक साथ। अपने दोस्तों और परिवार के साथ जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं, जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया।

## दिल्ली में 2 दिन हो सकती है झमाझम बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गर्मी और उमस से बेहाल राजधानी दिल्ली में अगले दो दिन अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को दिल्ली के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली में मॉनसून आने की घोषणा हुए पांच दिन हो चुके हैं लेकिन, अभी तक पूरी राजधानी को भिगोने वाली तेज बारिश एक बार भी नहीं हुई है। हल्की-फुल्की बारिश का क्रम बीच-बीच में बना हुआ है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच दिल्ली में बादलों की मौजूदगी बनी रहेगी। इस बीच में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। जबकि, न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में शुक्रवार सुबह से ही हल्के बादलों की मौजूदगी बनी रही। बीच-बीच में जब तेज धूप निकली तो लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना



पड़ा। हालांकि, कुछ ही देर में बादलों ने आकर सूरज को ढक लिया। दिल्ली के कई इलाकों में दिन के समय हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। पूसा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 34.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। नजफगढ़ क्षेत्र में 16 मिमी और जनकपुरी में 15.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। बादल छाए रहने और कई इलाकों में हुई बारिश के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

हल्की बारिश और हवा की गति तेज रहने का साफ असर दिल्ली की हवा पर भी देखने को मिल रहा है। दिल्ली की हवा लगातार साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 78 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को संतोषजनक श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का यह स्तर बना रहने की संभावना है।

## त्रिनिदाद एंड टोबैगो में बिना वीजा 90 दिन रह सकते हैं भारतीय

**चगवानस एजेंसी।**
दुनियाभर में भारतीय पासपोर्ट की ताकत लगातार बढ़ती जा रही है। अब भारतीय नागरिक त्रिनिदाद एंड टोबैगो जैसे खूबसूरत और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश में बिना वीजा 90 दिन तक रह सकते हैं। यह सुविधा सिर्फ पर्यटन ही नहीं, बल्कि परिवार से मिलने या व्यावसायिक उद्देश्य के लिए यात्रा कर रहे भारतीयों पर भी लागू होती है।

यह सुविधा दर्शाती है कि भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के संबंध कितने मजबूत हैं, और यह भी दिलचस्प है कि इस देश की सत्ता के प्रमुख पदों पर भारतीय मूल के नेता मौजूद हैं।

बिना वीजा के 90 दिन कैसे बिता सकते हैं? जानें नियम भारतीय नागरिक यदि घूमने, बिजनेस या परिवार से मिलने के लिए त्रिनिदाद एंड टोबैगो जाना चाहते हैं, तो उन्हें पहले से वीजा लेने की जरूरत नहीं है। वे वहां 90 दिनों तक रुक सकते हैं। हालांकि कुछ बुनियादी नियमों का पालन करना ज़रूरी है-

त्रिनिदाद एंड टोबैगो दो द्वीपों से मिलकर बना एक कैरेबियाई देश है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और विविधता के



लिए मशहूर है। इस कैरेबियाई देश में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी समुदाय है, जिनकी जड़ें 180 साल पुरानी हैं। यहां के बहुत से नागरिकों के पूर्वज 19वीं सदी में गिरमिटिया मजदूर के रूप में भारत से आए थे। आज वे देश के सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में त्रिनिदाद की यात्रा के दौरान इन संबंधों को साझा संस्कृति और भविष्य की साझेदारी बताया। इस दौरान भारत और त्रिनिदाद के बीच कई समझौते भी हुए।

## जर्मनी में युवाओं का रोल मॉडल बन रहा हिटलर, सोशल मीडिया पर नफरत का प्रचार

**बर्लिन , एजेंसी।** जर्मनी में कट्टरपंथ और नस्लभेद बहुत तेजी से पनप रहा है। पूर्वी राज्य सैक्सनी-अनहाल्ट के डेसाउ, ड्रेसडेन और बर्लिन जैसे शहरों की सड़कों और दीवारों पर नाजी प्रतीक, हिटलर के समर्थन में बनाए गए चित्र और नफरत भरे नारे आम हो रहे हैं। ये समस्या सिर्फ कुछ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जर्मनी में इस तरह का चलन सा बनता जा रहा है। स्कूल-कॉलेज और अन्य इमारतों की दीवारों पर विदेशी बाहर जाएं जैसे नारे लिखे गए हैं। साथ ही हिटलर की फोटो छापी गई है। स्कूलों में बच्चे हिटलर सैल्यूट करते हैं, थर्ड जेंडर विरोधी गाने गाते हैं और शुद्ध जर्मन वर्ग की बात करते हैं। पूर्वी जर्मनी के ग्रामीण इलाकों में नाजी होना पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुका है और दीवारों पर अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट के गाने हेल हिटलर लिखना अब कुछ लोगों को कूल लगता है। बीते एक साल में राजनीत से प्रेरित अपराधों में 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक्सपर्ट्स की मानें तो नाजी विचारधारा को पॉप कल्चर के रूप में अपनाना और उसे इंस्टाग्राम, हिंसक ग्रुप्स और ट्रेनिंग कैंप के जरिए प्रचारित करने का अब ट्रेंड बन चुका है। जर्मनी में अब सिर्फ ऑनलाइन ट्रोलिंग नहीं बल्कि सड़क पर हमला, स्कूलों में डर फैलाना और संगठित नाजी समूहों की ओर से अपराध करना आम होता जा रहा है। जर्मनी में 120 से ज्यादा नव-नाजी युवाओं के ग्रुप एक्टिव हैं। ये सोशल मीडिया से लेकर शहर की गलियों तक नफरत का प्रचार कर रहे हैं। ये युवा खुद को हिटलर की अर्धसैनिक विंग की आधुनिक कड़ी मानते हैं। हालांकि इसके विरोध में भी आवाज तेज हो रही है। कुछ प्रोजेक्ट हिटलर और नाजी सोच के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। जताई जा रही इस बात को लेकर चिंता।जानकारों की चिंता इसलिए और गहरी हो गई क्योंकि अडॉल्फ हिटलर कोई आम नेता नहीं बल्कि एक तानाशाह था, जिसने 1933 से लेकर 1945 तक जर्मनी पर राज किया। उसकी विचारधारा कट्टर राष्ट्रवाद, नस्लवाद और यहूदी विरोध पर आधारित थी। उसके शासन में लगभग 60 लाख यहूदियों का नरसंहार किया गया था। इन कुछ कारणों की वजह से एक्सपर्ट्स इसे खतरनाक संकेत मान रहे हैं।

# बिलावल भुट्टो ने इशारों में बताया आतंकी मौलाना मसूद अजहर का ठिकाना, भारत को दिया चैलेंज

**इस्लामाबाद एजेंसी।**
पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने हाल ही में दावा किया है कि पाकिस्तान को आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर के ठिकाने की कोई जानकारी नहीं है। भुट्टो ने यहां तक कहा कि अगर भारत यह साबित कर दे कि अजहर पाकिस्तान में है, तो इस्लामाबाद उसे पकड़ने के लिए तैयार है।

बिलावल भुट्टो ने अपने दावे में कहा कि मसूद अजहर अफगानिस्तान में हो सकता है। उन्होंने अफगानिस्तान से पश्चिमी देशों की वापसी और तालिबान के सत्ता में आने का हवाला दिया। भुट्टो ने कहा, अफगानिस्तान में नाटो जो नहीं कर सका, वह करना पाकिस्तान के लिए संभव नहीं है। हमारे लिए कोई कारण नहीं है कि हम किसी भी चिंताजनक व्यक्ति को सक्रिय होने दें। उनके अनुसार अजहर पहले अफगान जिहाद में सक्रिय था और अब तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद वहां उसकी गतिविधियों की संभावना अधिक है।

भुट्टो का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और क्क्य में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया था। यह सैन्य कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिकों की मौत हो गई थी।

भारत लगातार यह दावा करता रहा है कि मसूद अजहर पाकिस्तान के बहावलपुर में स्थित है और वहीं से जैश-ए-मोहम्मद की गतिविधियों का संचालन करता है। भारत के अनुसार मौलाना मसूद अजहर 2001 के संसद हमले, 26/11 मुंबई हमले, 2016 के पठानकोट एयरबेस हमले और 2019 के पुलवामा आत्मघाती हमलों का मास्टरमाइंड है। मसूद अजहर को 2019 में संयुक्त राष्ट्र



द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया था। भारत की मुख्य चिंता यह है कि पाकिस्तान बार-बार यह दावा करता है कि उसके पास अजहर की कोई जानकारी नहीं है, जबकि जैश-ए-मोहम्मद के कार्यालय मदरसे और ठिकाने पाकिस्तान में खुलेआम चल रहे हैं। बिलावल भुट्टो अपने बयानों से पाकिस्तान को एक बेचारा देश साबित करने की कोशिश करते दिख रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद को पनपने नहीं दिया जाएगा और यदि कोई चिंताजनक व्यक्ति है, तो उसे रोका जाएगा। भारत के अनुभव और जमीनी हकीकत इन दावों से मेल नहीं खाते। भारत की तरफ से चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर एक निर्णायक सैन्य कार्रवाई थी। इसमें भारत ने पाकिस्तान और क्क्य में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। इन ठिकानों में बहावलपुर (जो जैश-ए-मोहम्मद का अड्डा है) और मुरीदके (जो लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय है) भी शामिल थे। इस हमले के बाद मसूद अजहर ने खुद दावा किया था कि इन हमलों में उसके परिवार के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए. मसूद अजहर का यह बयान अप्रत्यक्ष रूप से इस बात की पुष्टि करता है कि वह और उसका संगठन पाकिस्तान की सरजमीं पर ही सक्रिय हैं।

## घरेलू हिंसा केस में कौन-कौन बनाए जा सकते हैं आरोपी? दिल्ली हाईकोर्ट ने कर दिया साफ

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि एक छत के नीचे रहने वाले ही घरेलू हिंसा के मामलों में आरोपी बनाए जा सकते हैं। संबंधित घर से दूर रहने वालों को आरोपी नहीं बनाया जा सकता। जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने घरेलू हिंसा कानून की व्याख्या करते हुए कहा कि बेशक रिश्ता कितना भी करीबी क्यों ना हो। जब तक ये रिश्तेदार एक घर या एक छत के नीचे नहीं रहते इनके खिलाफ घरेलू हिंसा का मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। बेंच ने कहा कि घरेलू हिंसा का दायरा घर में साथ रहने वालों तक सीमित है। परिवार के अलग रह रहे सदस्यों को इसमें जबरन घसीटा नहीं जा सकता। इसके साथ ही बेंच ने एक महिला की सास, देवर और देवरानी को घरेलू हिंसा का आरोपी बनाने की याचिका को खारिज कर दिया। बेंच ने कहा कि निचली अदालत ने उचित निर्णय लेते हुए याचिकाकर्ता महिला की सास, देवर और देवरानी को बतौर आरोपी समन करने से इनकार कर दिया था।

# मुहर्रम में शांति को लेकर पुलिस प्रशासन का मॉक ड्रिल






## इस्पात नगरी बोकारो में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा संपन्न




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगरी में 05 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा (वापसी) उसी उत्साह से संपन्न हुई जिस उत्साह से रथ यात्रा निकाली गयी थी. विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किया गया. रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री सी आर महापात्रा ने किया. इस अवसर पर बोकारो महिला समिति की सदस्या एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालु उपस्थित थे. नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-1 स्थित राम मंदिर परिसर से आरम्भ हुई. पूरे रास्ते नगरवासी तथा श्रद्धालु जन बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुण्य अर्जन करते रहे. रथ यात्रा राम मंदिर से पत्थरकट्टा चौक, गांधी चौक सिटी सेंटर तथा बोकारो जनरल अस्पताल होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची. मार्ग में स्वयंसेवी संस्था महिला समिति, बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया जिसमें नगर के अन्य संस्थानों ने भी योगदान किया.

### इस्कॉन ने किया श्री जगन्नाथ उल्टा रथ महोत्सव का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस्कॉन धनबाद कुसुम विहार के द्वारा अलकडिहा में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा बलियापुर झरिया मार्ग में निकाली गई। उल्टा रथ यात्रा का आयोजन इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा बलियापुर अलकडिहा, गोलाकडीह के भक्तों के साथ किया, जिसमें हजारों भक्तों ने भगवान श्री जगन्नाथ के प्रेम में कीर्तन, नृत्य ,झाड़ू से मार्ग साफ कर उत्सव का आनंद लिया। रथ यात्रा में झाकियों ने भक्तों के साथ नृत्य कर उत्सव को और भी भव्य बना दिया।रथ के मंदिर पहुंचने के पश्चात भक्तों के मध्य महा प्रसाद वितरण किया गया।

## अगले एक माह में संबंधित एजेंसी 80 फीसदी कार्यों को करें पूरा : उपायुक्त

**जल जीवन मिशन का मामला, जन सेवा की भावना से एजेंसी कार्य निष्पादन में लें दिलचस्पी**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत एमवीएस/ एसवीएस योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित एजेंसियों, संवेदकों एवं पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले एक माह में संचालित योजनाओं की प्रगति कम से कम 80 फीसदी पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इससे पूर्व, उन्होंने क्रमवार जिले के सभी प्रखंडों में संचालित जलापूर्ति योजना की प्रगति कार्यों/हाउस होल्ड कनेक्शन आदि की समीक्षा किया। संबंधितों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि एजेंसियों को जन सेवा की भावना से कार्य करते हुए निष्पादन में गहरी दिलचस्पी दिखानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य अनुबंध के पश्चात कोई भी एजेंसी/संवेदक सरकार का हिस्सा बन जाते हैं, ऐसे में वे बाहरी नहीं रह जाते। उन्हें आवश्यक सुरक्षा एवं सहूलियत देना प्रशासन की जिम्मेवारी है।

**पानी मुहैया कराना मानवता का कार्य है**

उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना मानवीय दायित्व है, और इसमें सभी एजेंसियों/संवेदकों को अपना 200 फीसदी योगदान देना चाहिए। साथ ही, आपकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जिन योजनाओं का कार्य 75- 85 फीसदी उससे ज्यादा पूर्ण हो गया है, राज्य से आवंटन उपलब्ध होने के साथ उनका भुगतान प्रशासन की प्राथमिकता होगी। स्वयं माननीय मुख्य सचिव योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा कर रही है। इसी से इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह कितना महत्वपूर्ण है, उन्होंने बोकारो जिले के प्रदर्शन को सबों के सहयोग से बेहतर करने की बात कहीं।

**फील्ड स्तर पर तत्परता के दिए निर्देश**

उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि वे छोटी-छोटी तकनीकी समस्याओं का समाधान स्वयं अपने स्तर से करें। उन्होंने सप्ताहिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने, पखवारा स्तर पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा करने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में यह बात सामने आई कि कुछ जल सहिया जल कर की राशि एकत्र कर विभाग को जमा नहीं कर रहे हैं। इस पर उपायुक्त ने कहा कि जो जल सहिया, जल कर समय पर जमा नहीं कर रही हैं, उनको नोटिस करें, अगर फिर भी वह राशि जमा नहीं करती हैं, तो उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया।

**घर-घर जल, गांव सत्यापन प्रदर्शन में लाएं सुधार**

समीक्षा बैठक में रिट्रोफिटिंग एवं लंबित एसवीएस योजनाओं का हैंडओवर कार्य एक सप्ताह में पूरा करने तथा सहायक/कनीय अभियंताओं द्वारा मामले में अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। जानकारी हो कि, रिट्रोफिटिंग एसवीएस में कुल 69 योजनाओं में से 23 योजनाएं हैंडओवर को लेकर लंबित है। जिसमें चास प्रखंड में 10, चंदनकियारी प्रखंड में 07, जरीडीह प्रखंड में 01 एवं चंद्रपुरा प्रखंड में 05 शामिल है। बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता, गति और पारदर्शिता पर लगातार नजर रखें। यह एक जनकल्याणकारी योजना है, जिससे सीधे जनता की ज़िंदगी जुड़ी है। इसलिए, इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं हो, इसका ध्यान रखें। मौके पर कार्यपालक अभियंता चास राम प्रवेश राम, कार्यपालक अभियंता तेनुघाट (बेरमो) चंदन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, समेत सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता, संबंधित कार्यरत एजेंसी/संवेदक आदि उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर्व को लेकर ट्रैफिक रूट में किया गया बदलाव

**एसडीओ चास एवं डीएसपी ट्रैफिक ने जारी किया निर्देश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुहर्रम पर्व को लेकर ट्रैफिक रूट में रविवार को अपराह्न 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक निम्न बदलाव किया गया है:-

- पेटरवार की ओर से उकरीद मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को पेटरवार सीमा, जरीडीह टोल प्लाजा तथा स्टेशन मोड़, बालीडीह के पास रोका जाएगा।
- पुरुलिया की ओर से आइटीआइ मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को पिंड्राजोरा चेक पोस्ट एवं आइटीआइ मोड़ पर रोका जाएगा।
- चन्दनकियारी की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को भवानीपुर साइड के पास रोका जाएगा।
- धनबाद की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को तेलमच्चो टोल प्लाजा के पास रोका जाएगा।
- इलेक्ट्रोस्टील की ओर से आने वाले भारी वाहनों को अलकुशा मोड़ एवं तेलगड़िया मोड़ पर रोका जाएगा।
- उकरीद मोड़ से बालीडीह की ओर जाने वाले चार पहिया/तीन पहिया वाहनों का परिचालन बाएं तरफ वर्जित रहेगा। सभी वाहन दाहिने तरफ से उकरीद मोड़ से स्टेशन मोड़ तक चलेंगे।
- नया मोड़ से उकरीद मोड़ की ओर जाने वाले चार/तीन पहिया वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। उक्त वाहन सेक्टर-12 मोड़, पुलिस लाइन होते हुए उकरीद मोड़ जाएंगे।
- माराफारी से नया मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों को रेलवे पुल के पास रोका जाएगा।
- चास की ओर से उकरीद मोड़ जाने वाले चार/तीन पहिया वाहन सेक्टर-12 मोड़ से पुलिस लाइन होते हुए फोरलेन मार्ग से उकरीद मोड़ तक संचालित होंगे।
- तेलगड़िया मोड़ से जोधाडीह मोड़ तक की एनएच-32 सड़क पर बाईं ओर वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। सभी चार/तीन पहिया वाहन दाहिने तरफ से चलेंगे।
- नया मोड़ से उकरीद मोड़ वाले मार्ग पर जुलूस के समय बसों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा।

उक्त बदलाव केवल दिनांक 06. जुलाई के लिए प्रभावी रहेगा। ट्रैफिक रूट में बदलाव को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा एवं ट्रैफिक डीएसपी श्री विद्या शंकर द्वारा संयुक्त पत्र सभी संबंधित बीडीओ/सीओ - थाना प्रभारियों को जारी कर दिया गया है। शनिवार को जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया।

## कोई भी छात्र छात्रवृति से वंचित नहीं रहे: उपायुक्त

**अभियान चलाकर छात्रों का बैंक अकाउंट खोले, आधार बनाएं एवं उसे लिंक करना सुनिश्चित करें**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग द्वारा दिए जाने वाले छात्रवृति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक किया। निर्देश दिया कि प्री मैट्रिक झ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के सभी छात्रों का बैंक खाता, आधार कार्ड एवं एमपीसीआइ लिंकिंग सुनिश्चित करें। ताकि कोई भी छात्र छात्रवृति योजना का लाभ पाने से वंचित नहीं रहे। उपायुक्त ने लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम), यूआइडी डीपीओ से समन्वय स्थापित कर विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर छुटे हुए छात्रों का बैंक खाता खोलने, आधार कार्ड बनाने एवं उसे बैंक खाते से आधार को लिंक एवं एनपीसीआइ मैपिंग कार्य को पूर्ण करने को कहा। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि छात्रवृत्ति जैसी योजनाएं छात्रों की शिक्षा को समर्थन देती हैं। यह जरूरी है कि सभी पात्र छात्रों को इसका लाभ मिले। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जिले के सभी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों में से किसी एक छात्र को छात्रवृत्ति मंत्री के रूप में नामित करें। इससे विद्यालय के छात्रों को छात्रवृत्ति संबंधित जानकारी ससमय प्राप्त होगी। वह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यालय का कोई भी छात्र छात्रवृति से वंचित नहीं होगा। साथ ही, यह विद्यालय स्तर पर जिम्मेदारी की भावना और जागरूकता दोनों को बढ़ाएगा। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को जिला स्तर पर छात्रवृत्ति शिकायत निवारण कोषांग का गठन करने को कहा। इस कोषांग के माध्यम से छात्रवृत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या जैसे भुगतान लंबित, आवेदन त्रुटि, आधार लिंकिंग समस्या आदि का त्वरित समाधान किया जाएगा।

## बंगाल से भटक कर हिरण पहुंचा चंदनकियारी, हुई मौत



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी में बंगाल के जंगलों से भटककर आया एक हिरण बीते कल शुक्रवार की सुबह फुसरो गांव में देखा गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए हिरण को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन कथित प्रशासनिक लापरवाही के कारण उसकी मौत हो गई। खबर है शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे एक हिरण पश्चिम बंगाल की ओर से भागता हुआ फुसरो गांव की सीमा में दाखिल हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि बंगाल के गांवों से आते समय लोगों ने हिरण को काफी दूर तक दौड़ाया। जिससे वह अत्यधिक थक गया। भागते-भागते हिरण फुसरो गांव के एक पुराने कुएं में गिर गया। हिरण का वजन लगभग डेड़ क्विंटल बताया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से हिरण को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने घायल हिरण के पैरों पर मलहम लगाकर प्राथमिक उपचार भी किया। साथ ही पंचायत समिति सदस्य मंटूलाल महतो को जानकारी दी गई। मंटूलाल महतो ने बताया कि जब उन्होंने हिरण को देखा तो वह थका हुआ जरूर था लेकिन जीवित था। कुछ देर बाद हिरण ने दो बार उल्टी की और उसकी हालत बिगड़ने लगी। मामले की जानकारी बरमसिया ओपी व वन विभाग के अधिकारियों को दी गई, लेकिन वन विभाग की टीम काफी देर से गांव पहुंची। तब तक हिरण की मौत हो चुकी थी। गांव वालों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि वन विभाग समय पर पहुंच जाता, तो हिरण की जान बचाई जा सकती थी।

## खनन क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करें, अवैध कोयला खनन पर हो सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला एक खनिज बहुल जिला है, जहाँ कोयला, पत्थर, बालू और साधारण मिट्टी जैसे खनिजों का खनन कार्य बड़े स्तर पर होता है। वर्तमान में जिले में मेसर्स सीसीएल एवं मेसर्स बीसीसीएल की कुल 11 कोल परियोजनाएं संचालित हैं, जबकि 13 परियोजनाएं परित्यक्त, बंद या डिस कंटिन्यू स्थिति में हैं। अक्सर इन बंद परियोजनाओं के आस-पास अवैध खनन की सूचनाएं प्राप्त होती हैं, जो गंभीर दुर्घटनाओं और मानवीय क्षति का कारण बन सकती हैं। उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को कहीं। संबंधित पदाधिकारियों को खनन क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अवैध कोयला खनन पर सख्त कार्रवाई करने को निर्देशित किया है।

**रामगढ़ में हुई खदान दुर्घटना चेतावनी का संकेत**

उपायुक्त ने शनिवार 05 जुलाई, 2025 को पड़ोसी जिले रामगढ़ के कर्मा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के दौरान खदान धंसने की अत्यंत दुखद घटना सामने आई है, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु की पुष्टि हुई है और कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। यह घटना बोकारो जैसे संवेदनशील जिले के लिए चेतावनी और सतर्कता का विषय है। उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया है, जिसमें.

**तत्काल और कठोर कार्रवाई:** सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में अवैध खनन स्थलों की पहचान कर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करें। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। निरंतर गश्ती और निगरानी तंत्र विकसित करेः सभी अंचलों में नियमित गश्ती दल सक्रिय रहे, स्थानीय स्तर पर खुफिया सूचना प्राप्त करने के लिए तंत्र को विकसित करें एवं प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। **संलिप्त व्यक्तियों की पहचान और गिरफ्तारी:** माफिया, ठेकेदार या अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान करें, उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करें एवं तत्काल गिरफ्तारी कर कानूनी कार्रवाई करें। उपकरणों की जब्ती एवं कानूनी कार्रवाईः अवैध खनन में प्रयुक्त मशीनें, वाहन, ट्रॉली आदि झारखंड मिनिरल्स प्रिवेंशन ऑफ लीगल ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल्स 2017 के अंतर्गत नियम 11 के तहत सर्च और सीजर की शक्ति का प्रयोग करें। उपकरण जप्त कर विधिसम्मत कार्रवाई करें। **जन-जागरूकता अभियान चलाए:** खनन क्षेत्र की जनता को अवैध खनन के खतरों और कानूनी दंड के संबंध में ग्राम सभाओं/ विद्यालयों / जनसभा आदि के माध्यमों से जागरूक करें। उन्हें इन गतिविधियों से दूर रहने की अपील करें। सभी परित्यक्त/बंद कोल परियोजनाएं केवल कोल माइन रेगुलेशन , 2017 के सुरक्षा मानकों के अनुसार ही घोषित हो। इन स्थलों पर बाड़बंदी , डिसप्ले बोर्ड, 247 सुरक्षा गार्ड की तैनाती अनिवार्य एवं अनाधिकृत प्रवेश पर कार्रवाई हेतु निगरानी दल तैनात करें।

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता कार्यक्रम की न्यायाधीश ने की समीक्षा

**धनबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नालसा के निर्देश पर पूरे भारत में चल रहे 90 दिवसीय राष्ट्र के लिए मध्यस्थता कार्यक्रम की समीक्षा शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुसार टोपनो ने की. समीक्षा बैठक में धनबाद के 32 मध्यस्थ उपस्थित थे जिन्हें न्यायाधीश ने अधिक से अधिक विवादों के निपटारे के लिए किए जा रहे मध्यस्थता कार्यवाही के लिए कई दिशा निर्देश दिए. इस बाबत मीडिया को जानकारी देते हुए अपर न्यायाधीश श्री मयंक ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर 23 विभिन्न तरह के विवादों में मध्यस्थता कार्यवाही कर विवादों का निपटारा कर दिया गया है।

## संगीत सम्मेलन में कलाकारों ने गायन, वादन व नृत्य से बांधा समां

**शास्त्रीय संगीत भारतीय संस्कृति की आत्माः डॉ संजय कुमार चौधरी**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरिष्ठ संगीतज्ञ पं बच्चनजी महाराज के संयोजन में आदर्श कोऑपरेटिव सोसायटी, सेक्टर 12 में अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कलाकारों के साथ ही नवोदित कलाकारों ने भी गायन-वादन की प्रस्तुतियों से घंटों श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली के प्रतिनिधि डॉ संजय कुमार चौधरी व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ बैंक अधिकारी हिमांशु शेखर मिश्र, चंदा तिवारी, बीएसएल के डीजीएम संजय कुमार शर्मा व सरिता शर्मा ने माता सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ संजय चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि शास्त्रीय संगीत भारतीय संस्कृति की आत्मा है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत को बचाये रखने के लिए शास्त्रीय संगीत, नृत्य व ललित कलाओं से युवाओं का जुड़ाव जरूरी है। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में संगीत व कला के प्रति अनुराग बढ़ता है। तत्पश्चात आकाशवाणी व दूरदर्शन के वरिष्ठ कलाकार तथा गया घराने के ध्रुपद व धमार के सुप्रसिद्ध गायक पं अभिराम पाठक ने राग मियां की मल्हार व राग जयजयवंती में ध्रुपद व धमार की सुमधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया। गया घराने के ही पं सुरेन्द्र पाण्डे ने ठुमरी एवं दादरा, दीप नारायण गोस्वामी ने राग कौशिकी एवं जनसम्मोहिनी, हरेकनाथ गोस्वामी ने राग दरबाड़ी कान्हड़ा एवं भजन, प्रताप नारायण सिंह उर्फ मोनू ने राग देश, राग पूरिया कल्याण व भजन, चंद्र कांत शर्मा ने राग बिहाग सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन हिमांशु शेखर मिश्रा व पं. बच्चनजी महाराज ने किया।

## धनबाद सदर अस्पताल में सुविधाएं बढ़ीं, मरीजों को होगा लाभ

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले वासियों को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के प्रयास से अब धनबाद के सदर अस्पताल में लिवर प्रोफाइल, किडनी प्रोफाइल, लिपिड प्रोफाइल, पैंक्रियाटिक एंजाइम, सीरम कैल्शियम, एलडीएच तथा हेमेटोलॉजी के विभिन्न टेस्ट निःशुल्क कराने की सुविधा उपलब्ध है। इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि सदर अस्पताल की लेबोरेट्री को आधुनिक रूप प्रदान कर वहां आने वाले मरीजों के लिए विभिन्न तरह के टेस्ट कराने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि अब सदर अस्पताल में लिवर प्रोफाइल के तहत टोटल बिलीरुबिन, डायरेक्ट बिलीरुबिन, इनडायरेक्ट बिलीरुबिन, एसजीओटी, एसजीपीटी, एएलपी, टोटल प्रोटीन, एल्ब्यूमिन तथा ग्लोब्युलिन का टेस्ट उपलब्ध है। वहीं किडनी प्रोफाइल में क्रिएटिनिन, यूरिया, यूरिक एसिड, सोडियम, पोटेशियम व क्लोराइड, एचडीएल, एलडीएल, वीएलडीएल आदि की सुविधा उपलब्ध है।

## रोटरी क्लब चास ने मनाया अपना पदस्थापना दिवस



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास ने अपना 24 वॉ पदस्थापना समारोह चास के हॉल ऑफ नॉट के सभागार में आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने आगुंतकों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी का उद्देश्य निष्पक्ष भाव से सेवा करना है और चास रोटरी क्लब इसके लिए सदैव तत्पर रहा। रोटरी क्लब चास के निवर्तमान सचिव मुकेश अग्रवाल ने स्लाइड शो के माध्यम से रोटरी क्लब चास द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके पूर्व रो. ललिता चोपड़ा ने एक पौधा भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि नए सत्र में हमारे टीम पूरी ऊर्जा के साथ सेवा कार्यों से रोटरी चास की एक विशिष्ट पहचान बनाने में सफल होगी। डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब चास विधिवत कार्य योजना तैयार कर अभियान की तर्ज पर कार्य करेगी। सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा की संस्था को बुलंदियों पर ले जाने के लिए हम शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे। धनबाद से आए मुख्य अतिथि रोटरी जिला 3250 के पूर्व जिला पाल संजय खेमका ने नए पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष डॉ सुमन ने अपने संबोधन ने कहा हर रोटेरियन मानवता का सैनिक है, और मानवता की सेवा कार्यों में लगे हैं। संजय खेमका ने अपने संबोधन ने कहा रोटरी हमें सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। खेमका ने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से रोटेरियन समाज में अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवा दे रहे हैं। धनबाद से आए विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व जिला पाल राजन गंडोत्रा ने कहा की स्वयं से ऊपर सेवा रोटरी के मुख्य ध्येय है। राजन ने अच्छे कार्यों के लिए एकजुट होने की अपील की। रो. ललिता चोपड़ा ने एक स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य को अतिथि को सम्मानित किया। मंच का संचालन पूर्व अध्यक्ष पूजा बैद एवं कैंडी टबोड़ा ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ परिंदा सिंह ने किया। राष्ट्रगान की साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी, संजय बैद, डॉ श्रवण कुमार,मंजीत सिंह, कमल तनेजा, कुमार अमरदीप, उषा कुमार,बिनय सिंह, मनोज सिंह,रीतू अग्रवाल,आनंद अग्रवाल, गौरव रस्तोगी, पूनम अग्रवाल, अर्चना सिंह, नरेंद्र सिंह, माधुरी सिंह, किरण कुमार, संजय रस्तोगी, हरबंस सिंह, शैल रस्तोगी, चनप्रीत सिंह, सिद्धार्थ सिंह माना,मनप्रीत सिंह, ज्योति अग्रवाल, राजेश केडिया, दीपक झांझरिया, ब्रूस टबोडा, सुमी कौर, रविंद्र मंड, अमन मल्लिक आदि उपस्थित थे।

## माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 66 विद्यार्थी सम्मानित




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बाबुडीह स्थित डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (प्लस टू जिला स्कूल) में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 66 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि राज्य के हर बच्चे को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इसलिए राज्य में पहले 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शुरू किए गए जो बढ़कर अभी 325 है। राज्य में और 4000 विद्यालयों को सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस बनाने की प्रक्रिया जारी है। इससे शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी छवि उभर कर सामने आई है और पूरा समाज इससे लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन की सोच है कि समाज के सबसे अंतिम बच्चे को आगे लाना है। सभी बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक लाकर उत्तरीण हो यही इसका उद्देश्य है। उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि जीवन में कुछ बन जाने के बाद जिस विद्यालय में पढ़ें हैं उसे कुछ वापस करने की सोच रखें। उन्होंने विद्यार्थियों को झारखंड में अपनी सेवा देकर यहां के लोगों के लिए कुछ अच्छा करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के सभी कर्मियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में धनबाद जिले को सर्वश्रेष्ठ जिला बनाने का प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल ने कहा कि जो शिक्षा को महत्व देता है वही जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। शिक्षा सबके लिए महत्वपूर्ण है। कोई भी बच्चा इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। समारोह में माध्यमिक के 36 एवं इंटरमीडिएट के 30 विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की प्राचार्य नमिता कुमारी, एडीपीओ आशीष कुमार, एपीओ अशोक कुमार पांडेय, डॉ मितु सिंह, अनिमा सिंह के अलावा परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी व उनके अभिभावक मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com